माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080
बरेली, गुरुवार, 1 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 75, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16
चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 15

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, बूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

फार्मा फैक्ट्री में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्ट्री में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया।

राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।

साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

हेमंत गिरफ्तार, चंपई होंगे मुख्यमंत्री

ईडी की सात घंटे लंबी पूछताछ के बाद झामुमो नेता ने मुख्यमंत्री के पद से दिया इस्तीफा

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद धनशोधन के एक मामले में बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन का नाम मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तावित किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों को लेकर सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। अपनी गिरफ्तारी से पहले, सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। वे गठबंधन के विधायकों के साथ राजभवन गए थे और फिर उन्हें वहां से ईडी कार्यालय ले जाया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है। झामुमो विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने संवाददाताओं से कहा कि हमने 47 विधायकों के समर्थन से नई सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी। सरायकेला विधानसभा सीट से 1991 से तीन से अधिक दशक से विधायक चंपई सोरेन को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन का नजदीकी माना जाता है। सूत्रों ने कहा कि उम्मीद है कि सोरेन को ईडी विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश करेगा और हिरासत में देने का अनुरोध करेगा।

हेमंत सोरेन

चंपई सोरेन

भूमि घोटाला मामला

- झामुमो प्रमुख शीबू सोरेन के नजदीकी माने जाते हैं चंपई
- 47 विधायकों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश

सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे सोरेन, सुनवाई आज

रांची। ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार रात को झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की पीठ गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी।

भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल बन चुकी हैं जांच एजेंसियां : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई और मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे के बाद बुधवार को दावा किया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल बन चुकी हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग आदि अब सरकारी एजेंसियां नहीं रहीं, अब यह भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल हैं।

इंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचार में एक और महान उपलब्धि : भाजपा

नई दिल्ली। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद भाजपा ने बुधवार को इसे विपक्षी गठबंधन इंडिया में भ्रष्टाचार की एक और महान उपलब्धि बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि झारखंड से इंडिया गठबंधन में भ्रष्टाचार की एक और महान उपलब्धि जुड़ गई है। पूनावाला ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा और कहा कि एक वक्त था, जब केजरीवाल लालू, सोरेन, सोनिया को गिरफ्तार करने की मांग करते थे। इन दिनों वह इन सभी का बचाव करते हैं।

ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।



- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी
- कोर्ट ने डीएम को दिए सात दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।

शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता शृंगार गौरी। –**केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री

इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।
–**मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

मौसम ने ली करवट, बढ़ी ठंड

पहाड़ों पर हिमपात उत्तर भारत में बारिश

मनाली में बुधवार को हुई भारी बर्फवारी से ढकीं सड़कें और वाहन।

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में बारिश और बरेली समेत यूपी के कुछ जिलों में बुधवार को हुई बूंदाबांदी

हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में बुधवार को हिमपात से सामान्य जनजीवन बाधित रहा और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश से क्षेत्र में ठंड बढ़ गई। भारत मौसम विभाग विभाग (आईएमडी) पूरे देश में फरवरी में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है।

आईएमडी के अनुसार, उत्तर भारत में दिसंबर और जनवरी में सामान्य से अधिक शुष्क मौसम के बाद फरवरी में सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। बुधवार को हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में साल की पहली भारी बर्फबारी के कारण सामान्य जनजीवन बाधित हुआ और चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 134 सड़कों को बंद करना पड़ा। मौसम विभाग के एक अधिकारी संदीप शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात से शिमला जिले के ऊपरी इलाकों में करीब 15 सेंटीमीटर तक की बर्फबारी दर्ज की गई। दिल्ली और यूपी के बरेली समेत के कुछ हिस्सों में बुधवार को हल्की बारिश से ठंड बढ़ गई। बरेली में दिन में धूप तो खिली लेकिन उसमें गरमाहट नहीं थी। देर शाम मौसम ने करवट बदली। बूंदाबांदी होने से पिछले दो दिनों की अपेक्षा ठंड कुछ बढ़ गई। दो दिन से दिन में धूप निकलने से लोग ठंड से कुछ राहत महसूस कर रहे थे। दिल्ली में अधिकतम तापमान मौसम के औसत से चार डिग्री नीचे 18.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

उत्तराखंड मौसम विभाग ने बुधवार को अगले 24 घंटे के लिए राज्य के पर्वतीय इलाकों में कुछ हिस्सों में भारी बारिश, हिमपात और गरज के साथ छीटें पड़ने के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने फरवरी में सामान्य से अधिक (दीर्घकालिक औसत से 122 प्रतिशत से अधिक) बारिश होने का अनुमान जताया है।

यूपी को फिर मिला कार्यवाहक डीजीपी

लखनऊ। डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स पर कहा कि उप्र पुलिस का माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

रिजर्व बैंक की पेटीएम को 29 फरवरी के बाद सेवा देने से रोक

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में की कार्रवाई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया। हालांकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों को किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को किसी भी समय जमा किया जा सकता है।

आरबीआई के अनुसार यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी।

स्कूल फीस में राहत वैधानिक अधिकार नहीं

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहोदर शुल्क योजना लाभ की प्रयोज्यता से संबंधित मुद्दे पर अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि छात्रों की फीस में स्कूल द्वारा दी गई राहत कुछ शर्तों के अधीन है। इसका अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 खत्म होने वाला है, इसलिए इस सत्र में बच्चों को एडमिशन नहीं दिया जा सकता है, लेकिन स्कूल को 2024-25 में एडमिशन देने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकल पीठ ने सत्येंद्र कुमार और दो अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

बैंक धोखाधड़ी

- भारत पेपर्स लिमिटेड से जुड़े 200 करोड़ के मामले में तीनों राज्यों के नौ परिसरों की तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया। अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की।

विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी के आरोप में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

अमृत विचार : पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया।आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं, उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है।
–**गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष ,छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

करणी सेना पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज

बरेली। करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ 20 दिन पूर्व गो तस्करी के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने आरोपी के दो साथियों को भी पकड़कर जेल भेजा था। आरोपी राहुल सिंह अब तक फरार चल रहा है। राहुल सिंह के खिलाफ बिहारमान नगला निवासी राजेश चंद्रा ने भी थाना इज्जतनगर में रंगदारी मांगने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रकरण में राहुल के साथ दो कथित पत्रकार भी शामिल हैं।

आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

एक नजर

सीबीगंज क्षेत्र में आज छह घंटे गुल रहेगी बिजली

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज के कई इलाकों में गुरुवार को छह घंटे बिजली गुल रहेगी। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र परसाखेड़ा यार्ड में मरम्मत कार्य कराया जाएगा। पूर्वाह्न 11 से शाम पांच बजे तक इंडस्ट्रियल एरिया के एक, दो, तीन, चार और पांच नंबर रोड, नदोसी, जीटीआई, छोटी स्टेट, आम्रपाली, कैंफर फीडर की आपूर्ति बाधित रहेगी।

चकरेल चटखने से ट्रेनों को कॉशन पर गुजारा

बरेली, अमृत विचार : बुधवार सुबह डाउन लाइन पर चकरेल टूटने के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कॉशन लगाकर ट्रेनों को गुजारा गया। मीरापुर कटरा के पास फाटक संख्या 340 सी पर सुबह करीब 10 बजे रेल पथ विभाग के कर्मचारियों चकरेल चटखी मिली तो अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद आनन-फानन में मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। इस बीच डाउन लाइन पर कुछ ट्रेनों को रोकना पड़ा। इसके बाद 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार का कॉशन लगाकर ट्रेनों को गुजारना शुरू किया गया। मरम्मत के बाद रेल यातायात बहाल हो गया।

एटीएम मामला: 18 हजार रुपये और हुए रिकवर

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर के एटीएम से ज्यादा पैसे लेकर गए लोगों ने बुधवार को दस हजार रुपये और लौटाए हैं। कैश लोड करने वाली सीएमएस कंपनी ने बैंक की मदद से ऐसे 63 लोगो का डेटा तैयार किया है, जिन्होंने तकनीकी गड़बड़ी के दौरान एटीएम से कैश की निकासी की है। इन लोगों ने 1.20 लाख रुपये निकाले थे। इनमें सर्वाधिक 12-12 हजार रुपये की दो निकासी हुई थीं। सीएमएस के प्रबंधक धर्मपाल सिंह ने बताया कि बैंक के सहयोग से अब तक कुल 18 हजार रुपये रिकवर किए गए हैं। बाकी लोगों से बातचीत की जा रही है। कुछ लोग खुद रकम वापस करने के लिए बैंक में संपर्क कर रहे है।

सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह का तबादला, बदायूं की एडीएम बनाई गईं

बरेली, अमृत विचार : करीब 11 माह से सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रेनू सिंह की अपर जिलाधिकारी के पद पर पदोन्नति हो गई है। शासन ने उन्हें जिला बदायूं में एडीएम प्रशासन के पद पर तैनाती का आदेश जारी कर दिया है। जिले से रिलीव होने के बाद वह बदायूं में चार्ज संभालेंगी। रेनू सिंह ने चार मार्च 2023 को नगर मजिस्ट्रेट का कार्यभार संभाला था। बुधवार को उनका प्रमोशन करते हुए एडीएम प्रशासन बदायूं बना दिया गया। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय की जिम्मेदारी संभाल रहे पीसीएस अफसर राजीव शुक्ला को सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

नमो एप : घर-घर मोदी से शुरू मुहिम हर दिमाग में घर बनाने तक पहुंची, जिले में ढाई लाख लोगों ने डाउनलोड किया एप

लोकसभा चुनाव से पहले सरकार के कामों पर किया जा रहा सर्वे भाजपा के रणनीतिकारों के लिए सुलझाएगा कई मुश्किल गुत्थियां

शिवांग पांडेय, बरेली

- मनोवैज्ञानिक असर वाली मुहिम, मौजूदा ही नहीं अगली पीढ़ी के वोटरों पर भी नजर
- स्कूलों में उन बच्चों से भी डाउनलोड कराया जा रहा नमो एप जो अभी वोटर नहीं

अमृत विचार : पहली बार 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद घर-घर मोदी का नारा गूंजा था लेकिन भाजपा की चुनावी राजनीति पिछले दस सालों में इसके आगे मीलों का सफर तय कर चुकी है। भाजपा की ओर से एक सर्वे की शक्ल में नई मुहिम हर दिमाग में घर बनाने की शुरू हुई है। लोकसभा चुनाव से ऐन पहले नमो एप के जरिए लोगों पर मनोवैज्ञानिक असर छोड़ने वाली इस मुहिम के दायरे में सिर्फ मौजूदा वोटर नहीं बल्कि अगली पीढ़ी के वोटरों का दिमाग पढ़ने का भी इरादा साफ झलक रहा है। शहर के मनोवैज्ञानिक ऐसा ही मानते हैं।

जिले में नमो एप के जरिए अधिकतम लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई है। अनुमानित तौर पर अब तक यह एप करीब ढाई लाख मोबाइल फोन में डाउनलोड कराया गया है। स्कूलों में प्रबंधन की ओर से शिक्षकों को अनिवार्य तौर से अपने मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करने के निर्देश जारी किए गए थे। ऐसा ही कई निजी कंपनियों में हुआ है। स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे विद्यार्थियों से भी नमो एप डाउनलोड कराया गया है जो अभी वोटर तक नहीं हैं। भाजपा के नेताओं की ओर से भी अलग-अलग वर्गों में नमो एप डाउनलोड कराए जा रहे हैं।

सरकार का उद्देश्य चुनाव से पहले जनता की राय जानना हो सकता है। कई और राज्यों में भी चुनाव से पहले नमो एप के जरिए सर्वे किया गया है। सर्वे में जो सवाल पूछे गए हैं, उनके जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों का रिपोर्ट कार्ड बन सकते हैं। जनता का रुझान भी साफ हो सकता है। – **शैलेश कुमार शर्मा**, मनोविज्ञान के शोधार्थी

सर्वे किसी भी मनोवैज्ञानिक अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कई विशिष्ट और तथ्यात्मक जानकारी इकट्ठी करने में मददगार होते हैं। ऐसे सर्वेक्षण का हिस्सा बनने वाले लोगों की मनोवैज्ञानिक स्थिति को आसानी से समझा जा सकता है और उसके अनुरूप योजना तैयार की जा सकती है। – **डॉ. सुविधा शर्मा**, बरेली कॉलेज की मनोवैज्ञानिक विभाग की विभागाध्यक्ष

नमो एप: इन सवालों के देने हैं जवाब

- मोदी सरकार की ओवरऑल परफार्मेंस पर क्या रेटिंग देंगे।
- क्या आप अतीत की तुलना में अपने भविष्य के बारे में ज्यादा आशान्वित महसूस करते हैं।
- विश्व में भारत के बढ़ते कद पर आपकी क्या राय है।
- इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान समृद्धि, भ्रष्टाचारमुक्त सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, कानून-व्यवस्था और शहरी विकास पर आपकी राय।
- क्या आपने व्यक्तिगत रूप से किसी सरकारी योजना का लाभ लिया है।
- क्या आपका सांसद निर्वाचन क्षेत्र में पहुंच योग्य और दृश्यमान है।
- क्या आप सांसद की पहल से जागरूक हैं।
- क्या आप अपने सांसद के कामों से संतुष्ट है।
- क्या आपके सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकप्रिय है।
- अपने निर्वाचन क्षेत्र के तीन लोकप्रिय नेताओं के नाम लिखिए।
- आपकी संतुष्टि : रोड, बिजली, पीने के योग्य पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन से संबंधित मुद्दे, रोजगार, कानून व्यवस्था, स्वच्छता।
- आपके द्वारा वोट डालते समय मुख्य कारक : इन्फ्रास्ट्रक्चर, अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक मुद्दे, लोककल्याण योजनाएं, रोजगार, नागरिक मुद्दे, पीएम उम्मीदवार, राजनीतिक दल, राष्ट्रीयता।
- क्या आप 2024 लोकसभा के चुनाव में बीजेपी को वोट डालेंगे।

नमो एप पर सर्वे की शुरुआत इस टैग लाइन के साथ होती है, जनमन सर्वे: नए भारत की प्रगति के लिए एक कदम। कहने को इस सर्वे में सरकार के कामों पर लोगों से फीडबैक मांगा जा रहा है। इसके लिए दर्जन भर से ज्यादा सवाल पूछे गए हैं। मोटे तौर पर लगता है कि भाजपा सरकार जानना चाहती है कि उसकी कोशिशों का जमीनी स्तर तक क्या असर हुआ, लेकिन इस सर्वे के नतीजे चुनाव में उतरने से पहले खुद भाजपा हाईकमान के लिए कई सवालों के जवाब स्पष्ट करने वाले हैं।

आपके जवाब, कई बंद दरवाजों की चाबी

मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक शुरुआती दो सवालों के जवाब यह बताएंगे कि मोदी सरकार के समर्थक हैं या नहीं। हैं तो आपका समर्थन कितना मजबूत है। इसके बाद के कुछ सवाल यह पता लगाने में मदद करेंगे कि भाजपा और गैरभाजपाई दलों की ओर से उठाए जाने वाले मुद्दों का आप पर क्या असर है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों का क्या रुझान है और जनता के बीच चुनाव में क्या मुद्दे भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अपने मौजूदा सांसद को आप वोट देने लायक मानते हैं या नहीं। उसके बजाय भाजपा का कोई और नेता तो आपको पसंद नहीं है।

दस साल बाद जनवरी का महीना सबसे ज्यादा ठंडा

बरेली, अमृत विचार : इस साल जनवरी वर्ष 2014 के बाद सबसे ठंडा महीना रहा। जनवरी में औसत अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहता है, जबकि इस साल 14.1 रहा। इसमें 5.4 डिग्री का अंतर रहा। वहीं, बुधवार देर शाम हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने एक से चार फरवरी तक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। तापमान और बारिश सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। बुधवार को अधिकतम 21.1 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

- देर शाम हुई बूंदाबांदी से गिरा पारा फरवरी में सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना

आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी में प्रदेश के पश्चिमी एवं पूर्वी भागों में वर्षा सामान्य से अधिक और मध्यवर्ती हिस्सों में कम होने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि इस साल जनवरी काफी ठंडी रही और अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा। ऐसा 2014 के बाद हुआ है।

कोहरे का प्रकोप कम हुआ मगर ट्रेनों की लेटलतीफी जस की तस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अधिकारी बोले- अलग-अलग सेक्शनों में काम चलने के कारण भी लेट हो रही हैं ट्रेनें

अमृत विचार: ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला जारी है। बुधवार को बरेली जंक्शन पर सुबह सात बजे कोहरे से लाइन क्लियर हो पाई। इससे पहले ट्रेनों को कॉशन पर गुजारा जाता रहा। ट्रेनें दो से सात घंटा लेट होने से परेशान यात्री एक्स पर शिकायत करते रहे तो अधिकारियों की तरफ से उन्हें कोहरा और अलग-अलग सेक्शनों में हो रहे कार्यों का हवाला दिया गया।

जंक्शन पर बुधवार को एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें लेट हो गईं। इनमें 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस सात घंटा, 13152 सियालदह एक्सप्रेस 4 घंटा 53 मिनट, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस तीन घंटा, 15098 अमरनाथ एक्सप्रेस 4 घंटा 33 मिनट, 20939 सुल्तानपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 घंटा 35 मिनट, 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 3 घंटा 46 मिनट, 15715 गरीबन नवाज एक्सप्रेस 3 घंटा 36 मिनट, 12327 उपासना एक्सप्रेस 2 घंटा 17 मिनट, 12357 दुर्गियाना एक्सप्रेस 2 घंटा 13 मिनट, 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 2 घंटा 35 मिनट, 12430 नई दिल्ली-लखनऊ एसी सुपरफास्ट 2 घंटा 12 मिनट, 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस एक घंटा, 22453 राज्यरानी एक्सप्रेस एक घंटा, 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस एक घंटा, 12232 चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस 1 घंटा 43 मिनट, 13006 अमृतसर हावड़ा मेल 1 घंटा 35 मिनट, 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस 1 घंटा 55 मिनट, 12370 कुंभ एक्सप्रेस एक घंटा की देरी से पहुंची।

उनके वादों और आपके सपनों का मलबा...

यह तस्वीर बदायूं रोड की है जहां नगर निगम की ओर से लाखों रुपये खर्च कर शौचालय का निर्माण कराया गया था लेकिन उसके जनता के काम आने से पहले ही बीडीए ने उसे ढहा दिया। दो महीने से इसका मलबा जहां के तहां पड़ा है। ● मोहित कुमार सिंह

यह स्मार्ट सिटी का एक और नजारा है, चौपुला चौराहे पर सीसीटीवी कैमरों की साल भर में ही यह हालत हो गई है। कोई इसकी सुध भी नहीं ले रहा।

चौपुला चौराहे से शहर में सर्वाधिक ट्रैफिक गुजरता है, यहां सीसीटीवी कैमरे ही नहीं, डीवीआर भी काफी समय से उखड़ी पड़ी है, इसी के जरिए चौराहे का नजारा आई ट्रिपल सी तक पहुंचता है जो स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से डेढ़ सौ करोड़ से भी ज्यादा लागत से नगर निगम में स्थापित किया गया था।

तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन यूनिट शुरू

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन यूनिट का संचालन शुरू कर दिया गया है। बुधवार को दो मरीजों को सीटी स्कैन किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने कहा कि निजी स्तर पर सीटी स्कैन की सुविधा काफी महंगी है। सीटी स्कैन यूनिट के संचालन से मरीजों को राहत मिलेगी। यहां यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। अफसर निरीक्षण कर मरीजों से फीडबैक भी लेंगे। उन्होंने बताया कि सीटी स्कैन में गंभीर मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी। सीटी स्कैन मशीन से लोअर एबडोमोन, लिम्फ और हेड का सीटी स्कैन किया जाएगा।

तीन सौ बेड अस्पताल में निशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा मिलना हुई शुरु। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री का त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर, नेताओं से पूछा हाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के बेटे की शादी में शामिल होने गए थे बिलासपुर

अमृत विचार: रामपुर जाने के लिए बुधवार को त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ देर रुके। स्वागत करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों और अफसरों का मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा।

रामपुर की बिलासपुर सीट से दूसरी बार विधायक प्रदेश सरकार में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के बेटे गुरकीरत सिंह औलख की बुधवार को शादी थी। विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे सीएम के त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर की जानकारी मंगलवार रात पुलिस-प्रशासनिक को मिली थी। इसके बाद एयरपोर्ट के आसपास बुधवार को कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए। दोपहर करीब 1.50 बजे सीएम त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान आदि ने उनका स्वागत किया। सीएम ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से हालचाल पूछा। इसके बाद रामपुर रवाना हो गए। वापसी पौने चार बजे के करीब हुई। वापसी में वन मंत्री और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने सीएम से मुलाकात की।

मुंबई, आगरा और मथुरा के यात्रियों की बढ़ी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मथुरा जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग के कारण कई प्रमुख ट्रेनें निरस्त

अमृत विचार: मुंबई, मथुरा और आगरा जाने वाले यात्रियों की इन दिनों मुसीबत बढ़ गई है। मथुरा जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग के चलते कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। एक सप्ताह से रामनगर बांद्रा और आगरा फोर्ट निरस्त हैं। वहीं गुरुवार को सुशासन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन ने 22975 बांद्रा-रामनगर एक्सप्रेस, 22976 रामनगर-बांद्रा एक्सप्रेस, 15055 आगरा फोर्ट-रामनगर, 15056 रामनगर-आगरा फोर्ट ट्रेनों को चार फरवरी तक के लिये निरस्त किया है। 22200 सुशासन एक्सप्रेस गुरुवार को निरस्त रहेगी, वहीं 22199 सुशासन एक्सप्रेस बुधवार को ग्वालियर से नहीं चलाई गई। मथुरा जाने के लिये सभी तीन नियमित ट्रेनें बंद हैं। अब यात्रियों के पास मथुरा जाने के लिये 05062 टनकपुर-मथुरा स्पेशल ट्रेन ही अकेला विकल्प है। जबकि आगरा जाने के लिये सप्ताह में महज एक-एक दिन महाकाल एक्सप्रेस व दादर एक्सप्रेस हैं। मुंबई जाने के लिये भी महज एक ट्रेन दादर एक्सप्रेस है।

चौथी बार एक साल के लिए बढ़ा कैंट बोर्ड का कार्यकाल

- फरवरी 2025 से पहले नहीं होंगे कैंट बोर्ड के चुनाव

कैंट, अमृत विचार : रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार देर शाम अधिसूचना जारी कर एक बार फिर कैंट बोर्ड के गठन की समयसीमा एक साल के लिए बढ़ा दी। कार्यकाल बढ़ाने की यह अधिसूचना रक्षा मंत्रालय छह-छह महीने के अंतराल पर चौथी बार जारी की है। अब फरवरी 2025 से पहले कैंट बोर्ड के चुनाव नहीं होंगे।

रक्षा संपदा विभाग के संयुक्त सचिव राकेश मित्तल की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 30 जनवरी 2024 से अगले एक साल के लिए या जब तक कैंट बोर्ड का गठन नहीं किया जाता, तब तक के लिए कार्यकाल को बढ़ा दिया गया है। इससे पहले रक्षा मंत्रालय ने चार अगस्त 2023 को अधिसूचना जारी कर छह महीने के लिए कैंट बोर्ड का कार्यकाल बढ़ाया था। करीब दो साल पहले बोर्ड भंग होने के बाद रक्षा मंत्रालय ने चौथी बार यह अधिसूचना जारी की है।

सराय तल्फी एसटीपी : डीएम ने सात दिन में मांगी थी जांच रिपोर्ट, 15 दिन बाद मौके पर पहुंची टीम

चार सदस्यीय कमेटी के दो सदस्यों ने ही किया प्लांट का निरीक्षण, दो दिन बाद रिपोर्ट देने का दावा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 35 एमएलडी क्षमता का प्लांट शुद्ध कर पा रहा है सिर्फ 10 एमएलडी पानी
- करीब 90 करोड़ से बना प्लांट रामगंगा को नहीं बचा पा रहा गंदे पानी से

अमृत विचार : करीब 90 करोड़ की लागत से सराय तल्फी में बना एसटीपी 35 एमएलडी क्षमता होने के बाद भी नालों को न जोड़े जाने की वजह से सिर्फ 10 एमएलडी पानी का ही रोज ट्रीटमेंट कर पा रहा है। अफसर इसके बावजूद इसका कारण पता लगाने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी लेकिन जांच टीम ही पूरे 15 दिन बाद बुधवार को एसटीपी का दौरा करने पहुंची।

सराय तल्फी में बने एसटीपी में शहर के सभी नाले न जोड़े जाने की वजह से रामगंगा में अब भी शहर का गंदा पानी जा रहा है। नाले जोड़ने का काम जल निगम को करना था। डीएम रवींद्र कुमार ने 12 जनवरी को हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जल निगम की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी थी लेकिन 15 दिन तक जांच कमेटी ने जांच शुरू करने की ही सुध नहीं ली। बुधवार को भी चार के बजाय जल निगम ग्रामीण की एक्सईएन कुमकुम गंगवार और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन समेत जांच टीम के दो ही सदस्य प्लांट पर पहुंचे।

> सिर्फ रिपोर्ट बनाना हमारा काम नहीं है। इसके अलावा भी कई काम होते हैं। जांच चल रही है, दो दिन में रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। – **कुमकुम गंगवार**, एक्सईएन जल निगम ग्रामीण

कुछ देर प्लांट का निरीक्षण मौके पर मौजूद जल निगम के जेई से पूछताछ करने का बाद दोनों लौट गए। बता दें कि सराय तल्फी एसटीपी से कालीबाड़ी, कैंट, आवास विकास सिविल लाइंस, मिशन कंपाउंड, राम वाटिका, पुराना शहर, अलखनाथ, साहूकारा, चौपुला, कोहाड़ापीर, पटेल चौक, बिहारीपुर सिविल लाइंस, जिला पंचायत रोड आदि इलाकों की सीवर लाइनों को जोड़ा जाना है।

एसटीपी चलाने और रखरखाव का अभी ठेका भी नहीं

सराय तल्फी में एसटीपी 2019 को बनना शुरू हुआ था लेकिन कोरोना शुरू होने के बाद निर्माण कार्य रुक गया। दो साल काम ठप रहने की वजह से निर्माण पूरा हुआ तो उसे चालू कर दिया गया लेकिन अब तक एसटीपी को चलाने और उसके रखरखाव का ठेका नहीं दिया गया है। निर्माण करने वाली एजेंसी ही उसे चला रही है। बता दें कि डीएम ने इस प्लांट के शुरू होने के बाद उसके रखरखाव पर अब तक हुए खर्च समेत वित्तीय जांच का भी आदेश दिया था, लेकिन यह जांच अभी नहीं हुई है।

सीवर लाइन को जोड़ने में आ रही दिक्कत

शहर की सीधी सीवर लाइनों को तो आपस में जोड़ दिया गया है लेकिन मोहल्लों से मुख्य मार्ग पर आ रही ब्रांच लाइनों को जोड़ने में दिक्कत आ रही है। बताया जा रहा है कि जल निगम को नालों में बह रहे सीवर और पुरानी सीवर लाइनों को नई लाइन से जोड़ना है। गहराई में पड़ी लाइन को जोड़ने में बिजली की केबिल भी बाधा बन रही है। चौकी चौराहे पर छह मीटर गहराई में बिजली की केबिल डाली गई थी। वहां सीवर लाइन जोड़ने में समय लगा। इस समय जिला पंचायत रोड पर सीवर लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ा जा रहा है।



सांड़ समस्या : प्रशासन के लिए कदम-कदम पर उलझन

सांड़ों को संरक्षित करने के लिए नंदी शालाएं बनाने की योजना बनी तो उनका हिंसक व्यवहार काबू में रखने का सवाल करने लगा परेशान

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से ऐन पहले सांड़ों के जहां-तहां उत्पात ने प्रशासन को और ज्यादा मुश्किल में फंसा दिया है। राजनीति के गणित पर इस समस्या का असर न पड़े, इसके लिए आननफानन नंदी शालाएं बनाकर सांड़ों को उनमें रखे जाने की योजना तैयार हो गई है, लेकिन कई सवाल अब भी पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। नंदी शालाओं के बजट के अलावा सबसे बड़ी यह चिंता अफसरों पर हावी है कि नंदी शालाओं में भी अगर सांड़ों की जंग शुरू हो गई तो कैसे निपटा जाएगा।

देहात के इलाकों में सांड़ अब तक तमाम लोगों की जान ले चुके हैं। अब शहर में भी उनका उत्पात शुरू हो गया है। पिछले सप्ताह संजयनगर में गुस्साए सांड़ ने एक बुजुर्ग को पटक-पटककर मारने के साथ 12 लोगों को घायल भी कर दिया था। छुट्टा गोवंशीय पशुओं के फसलों को चर जाने की वजह से किसानों में हाहाकार मचा ही हुआ है। अब तक प्रशासन ऐसी घटनाओं को नजरंदाज कर रहा था, लेकिन अब चुनाव नजदीक होने की वजह से बेहद जटिल हो चुकी इस समस्या के समाधान का उस पर इस कदर राजनीतिक दबाव है कि नीचे से ऊपर तक रोज-रोज आदेश-निर्देश जारी करने के साथ नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। यह अलग बात है कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन कराना एक अलग समस्या बना हुआ है।

हाल ही में सांड़ों को जिले भर में नंदी शालाएं बनाकर उनमें संरक्षित करने की योजना बनाई गई है लेकिन अब यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि उनमें जब-तब भड़ककर हिंसक हो जाने वाले सांड़ों को आखिर कैसे काबू में रखा जाएगा। इस सवाल से प्रशासन के कदम एक बार फिर ठिठकने लगे हैं। अब नंदी शालाओं में सांड़ों के व्यवहार को नियंत्रित रखने के उपाय ढूंढे जाने लगे हैं।

एनेस्थीसिया से साड़ों को काबू में करने की योजना, आईवीआरआई वैज्ञानिक बोले- ये अविश्वसनीय

पशुपालन विभाग की ओर से हिंसात्मक प्रवृत्ति के सांड़ों को नियंत्रित रखने के लिए उन्हें जाइलाजीन नाम का इंजेक्शन देने की कार्ययोजना पेश की गई है। यह इंजेक्शन एनेस्थीसिया के काम में आता है। कार्ययोजना के अनुसार हिंसक सांड़ों को पकड़ने से पहले ही उन्हें जाइलाजीन की हल्की डोज दी जाएगी, इससे सांड़ सुस्त हो जाएगा। इसके बाद नंदीशाला में रहते हुए उसके हिंसक होने पर उसे तीन-चार दिन तक जाइलाजीन की हल्की डोज दी जाएगी ताकि वह सुस्त बना रहे और उसके स्वास्थ्य पर भी कोई असर न पड़े। कई दिन ऐसा रहने पर उसका स्वभाव सामान्य हो जाएगा। उधर, आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े का कहना है कि जाइलाजीन नाम का ड्रग बड़े और जंगली पशुओं को बेहोश करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस दवा से हिंसक व्यवहार सामान्य हो सकता है, ऐसा उनकी जानकारी में नहीं है। इस बारे में आईवीआरआई में कोई अध्ययन भी नहीं किया गया है।

पशुपालन विभाग : बछड़ों का करेंगे बधियाकरण

पशुपालन विभाग की कार्ययोजना के अनुसार अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले तीन साल से कम उम्र के बछड़ों का बधियाकरण किया जाएगा। सीवीओ ने बताया कि नंदीशाला में बछड़ों को संरक्षित करने के बाद उन्हें मशीन के जरिए बधिया कर देने से आगे वह हिंसक नहीं होंगे। यानी योजना के मुताबिक सांड़ों को जाइलोजीन और बछड़ों को बधिया कर काबू में रखा जाएगा।

आईवीआरआई : सांड़ों को बधिया करना बेहतर

आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पावड़े के मुताबिक बछड़ों के बजाय सांड़ों को बधिया कराना ज्यादा बेहतर विकल्प है। इससे उनका हिंसक व्यवहार बदल सकता है। उन्होंने कहा, यह भ्रांति है कि तीन साल के बछड़े का बधियाकरण उपयुक्त है। इससे उनमें पथरी की समस्या पैदा होती है। वयस्क सांड़ को बधिया करने से कोई दिक्कत नहीं होती।

सीवीओ का दावा- नहीं होगा दुष्प्रभाव

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डॉ. मेघश्याम ने बताया कि जाइलाजीन की डोज हिंसक सांड़ों पर कोई दुष्प्रभाव नहीं छोड़ेगी। इस बारे में मथुरा वेटनरी कॉलेज में उन्होंने रिसर्च की है। सर्जन होने के नाते भी उनका दावा है कि जाइलाजीन के तीन-चार दिन प्रयोग से हिंसक सांड़ों का व्यवहार सामान्य हो जाएगा। इंजेक्शन का पांच-छह घंटे में असर खत्म हो जाता है लेकिन सुस्ती 24 घंटे रहती है।

आंवला में उत्पात, सड़क चलते लोगों को दौड़ाया, गाड़ियों को मारी टक्कर

आंवला, अमृत विचार : एक सांड़ ने बुधवार को जमकर उत्पात मचाया। रास्ते से गुजरे लोगों को दौड़ाया और सड़क पर खड़ी कई गाड़ियों को भी टक्कर मारकर नुकसान पहुंचा दिया। गुस्साए सांड़ की वजह से सड़क पर काफी देर आवाजाही रुकी रही। लोग घरों से भी बाहर नहीं निकले। कस्बे की प्रगति नगर कॉलोनी में बुधवार को सांड़ ने पहले तो सड़क पर खड़ी गाड़ियों को टक्कर मारनी शुरू की, फिर आने-जाने वाले लोगों को दौड़ाना शुरू कर दिया। इससे अफरातफरी मच गई। कॉलोनी में रहने वाले सुनील ने बताया कि पास ही भारी संख्या में भांग के पौधे हैं, आशंका है कि इन पौधों को खाने से ही सांड़ नशे में आकर उत्पात मचाने लगा। करीब 15 दिन पहले एक सांड की भांग खाने के बाद हालत बिगड़ गई थी। तीन दिन तड़पने के बाद उसकी मौत हो गई थी।

इसलिए सांड़ होते हैं हिंसक

आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े के मुताबिक सांड़ों में हिंसक प्रवृत्ति के पीछे उनमें पुरुषत्व का ज्यादा होना है। वे आपस में लड़कर अपने पुरुषत्व का प्रदर्शन करते है। पुरुषत्व के लिए टेस्टोस्टोरोन नाम का हार्मोन जिम्मेदार होता है। सांड़ की तुलना में बैल को कम उम्र में बधिया कर खेत जोतने जैसे कामों में लगा दिया जाता है। जहां उनकी ऊर्जा इस्तेमाल होती है और इसीलिए वे हिंसक नहीं होते।

रेफरल पॉलीक्लिनिक में होते हैं बधिया

आईवीआरआई के रेफरल पॉलीक्लिनिक में बड़े चीरे के जरिए सांड़ों के अंडकोष निकालने की पारंपरिक विधि इस्तेमाल की जाती है। अब विकल्प के तौर पर छोटे चीरे लगाकर बधिया करने पर अध्ययन किया जा रहा है। इस विधि को होल इन्साइस कहा जाता है। अभी इसके एनिमल वेलफेयर अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सीपीसी-सीईए की ओर से अनुमति के चरण पर काम किया जा रहा है।

बंदरों ने किया हमला डरकर भागी बुजुर्ग महिला का पैर टूटा



बिहारीपुर में सड़क पर बैठे बंदर।

बरेली, अमृत विचार : शहर में बंदरों का उत्पात खत्म नहीं हो रहा है। बुधवार सुबह धूप में बैठी बुजुर्ग महिला पर बंदरों ने हमला कर दिया। बचकर भागीं तो गिरकर उनका पैर टूट गया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रेमनगर के कोहाड़ापीर निवासी 65 वर्षीय दिलबरी बेगम बुधवार को छत पर धूप में बैठी थीं। इसी दौरान बंदरों का झुंड आ गया और उन पर हमला कर दिया। वह बचकर भागीं तो सीढ़ियों से गिर गईं। इससे उनका पैर टूट गया। सिर व शरीर में भी चोट लगी है। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया । करीब 15 दिन पहले मोहल्ले के ही शाबेज खां के बेटे पर बंदरों ने हमला कर दिया था।

तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाने पर 57 के काटे चालान

बरेली, अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह के तहत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को एआरटीओ राजेश कर्दम ने टीम के साथ शहर में चेकिंग की। इस दौरान तेज गति से वाहन दौड़ा रहे 57 लोगों के चालान काटे। टैक्स जमा नहीं करने पर सात वाहन सीज किए। हेलमेट न लगाने वालों पर भी कार्रवाई की। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

युवती की पहचान के लिए होटलों की सीसीटीवी फुटेज की जांच

बरेली के अलावा रामपुर-मुरादाबाद के भी होटल किए गए चेक

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

अमृत विचार : सीबीगंज इलाके में बड़ा बाईपास के नजदीक हत्या करके फेंकी गई युवती की पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। युवती की हत्या में सेक्स रैकेट चलाने वालों का हाथ होने के संदेह में पुलिस ने बुधवार को जिले के अलावा रामपुर और मुरादाबाद के भी कई होटलों और फार्म हाउसों की सीसीटीवी फुटेज चेक की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

बड़ा बाईपास पर ट्यूलिया और परधौली गांव के बीच सड़क किनारे सरसों के खेत में मंगलवार सुबह 24 वर्षीय युवती का शव पड़ा पाया गया था। युवती के हाथ-पैर एक सफेद चादर को फाड़कर बांधे गए थे। चादर के बाकी हिस्से से उसके शव को भी बांधा गया था। यह होटलों में इस्तेमाल होने वाली चादर होने के कारण पुलिस को शक है कि किसी होटल से ही युवती के बारे में सुराग मिल सकता है। इसी वजह से सेक्स रैकेट के एंगल पर भी जांच की जा रही है। बुधवार को पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पहले बरेली के होटलों की सीसीटीवी फुटेज चेक की, इसके बाद दो टीमों को रामपुर और मुरादाबाद भेजा गया जहां उन्होंने देर शाम तक दो दर्जन से ज्यादा होटलों और फार्महाउस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की है। पुलिस होटलों की चादरों की भी जांच कर रही है। इस बीच युवती के किसी दूसरे राज्य का होने का भी शक जताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि युवती आसपास के जिलों की होती तो अब तक संभवतः उसकी पहचान हो जाती।

रामपुर के एक होटल में जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

तकिए से मुंह दबाकर की गई हत्या

पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने को युवती की मौत का कारण बताया गया है। इसका मतलब है कि युवती की तकिए या चादर से मुंह दबाकर हत्या की गई है। इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम ने बताया कि बुधवार को रामपुर और अंबेडकरनगर से दो लोगों ने फोटो भेजे लेकिन उनका मिलान युवती के शव से नहीं हुआ। आंवला और मीरगंज से भी दो लोग पहुंचे जिनकी बेटियां लापता हैं लेकिन वह भी पहचान नहीं कर पाए।

रोडवेज बसों में ऑनलाइन भुगतान नहीं ले रहे परिचालक

बरेली, अमृत विचार: रोडवेज बसों के परिचालकों को ऑटोमेटिक टिकट मशीनें दी गई हैं। उसके बाद भी वे ऑनलाइन भुगतान नहीं ले रहे हैं। परिचालकों और यात्रियों में खुले पैसों को लेकर आए दिन कहासुनी हो रही है। परिचालकों द्वारा ऑनलाइन भुगतान नहीं लेने की शिकायतें अधिकारियों के पास भी पहुंच रही हैं।

रोडवेज बसों में खुले पैसों को लेकर यात्रियों और परिचालकों में अक्सर विवाद को देखते हुए मुख्यालय की तरफ से ऑटोमेटिक टिकट मशीनें मुहैया कराई गई थीं। परिचालकों को मशीनों का प्रशिक्षण भी दिया गया। मशीन में गूगल पे, फोन पे, पेटीएम व अन्य यूपीआई से ऑनलाइन भुगतान की भी सुविधा दी गई है। लेकिन अभी भी अधिकतर बसों में परिचालक ऑनलाइन भुगतान लेने से मना कर रहे हैं जिससे यात्रियों और परिचालकों में विवाद होता है। कई बार खुले पैसे नहीं होने पर परिचालक टिकट के पीछे बकाया रुपये लिखकर बाद में लेने की बात कहते हैं। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि सभी परिचालकों को ऑनलाइन भुगतान लेने को कहा गया है। कोई परिचालक ऑनलाइन भुगतान लेने से मना करता है। तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

फरीदपुर कांड : हत्या मानने को तैयार नहीं और हादसा साबित नहीं कर पा रही पुलिस

अब जांच के लिए लखनऊ से विशेषज्ञों की टीम बुलाने का दावा, सीन रीक्रिएट करने की भी तैयारी

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में घर में सोते वक्त कमरे में आग लगने से पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत को पुलिस अब तक हत्या नहीं मान रही है, लेकिन हादसा भी साबित नहीं कर पा रही है। अब लखनऊ से एक्सपर्ट्स की टीम बुलाकर जांच कराने की बात कही जा रही है। इस बीच बुधवार को भी फरीदपुर पुलिस ने कई लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की। अजय के परिजनों और पड़ोसियों के फोन नंबर लेकर उनकी कॉल डिटेल निकलवाकर जांच करने की भी बात कही जा रही है।

फरीदपुर के फर्रखपुर में अजय गुप्ता, उनकी पत्नी अनीता और तीन बच्चों की 28 जनवरी की रात को सोते वक्त कमरे में आग लगने से मौत हो गई थी। कमरे के दरवाजे पर बाहर से ताला लगा होने और बाहर बरामदे में खड़ी तीन मोटर साइकिलों के पाइप काटकर उनका पेट्रोल टैंक खाली किए जाने जैसे साक्ष्यों के आधार पांचों की मौत को लोगों ने हत्या माना लेकिन पुलिस इसे हादसा बताती रही। पुलिस ने तर्क दिया कि अजय ने खुद दरवाजों के बीच गैप से हाथ बाहर निकालकर ताला डाला होगा लेकिन परिवार वालों ने उसे खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि ऐसे ताला डालना मुमकिन नहीं है। पुलिस खुद काफी कोशिश करने के बावजूद इसमें कामयाब नहीं हो पाई। इसके बाद से पुलिस और परिवार वालों की तरफ से अलग-अलग तर्क दिए जा रहे हैं।

घटना की प्रत्येक बिंदु पर जांच की जा रही है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच के लिए जल्द लखनऊ से एक्सपर्ट्स की टीम आकर सीन रीक्रिएट कर सकती है।

-रामसेवक सिंह, इंस्पेक्टर फरीदपुर

अनीता के फोन नंबर पर भी आरोप-प्रत्यारोप

पुलिस के मुताबिक परिजनों ने जांच के लिए अजय के ही दो फोन नंबर दिए हैं। अनीता का मोबाइल नंबर नहीं दिया है। अनीता के भाई सौरभ का कहना है कि अजय और अनीता के नंबर उन्होंने पुलिस को दिए हैं। घर के बाहर लगे बैनर पर ऊपर लिखा नंबर अनीता का ही है, नीचे वाला नंबर अजय का है। नान कारीगर अजय ने यह बैनर अपने प्रचार के लिए बनवाया था। पुलिस इसे भी नहीं मान रही। उसका तर्क है कि कोई आदमी प्रचार के लिए क्यों अपनी पत्नी का नंबर बैनर पर लिखवाएगा। पुलिस का यह भी कहना है कि कॉल डिटेल के मुताबिक दोनों नंबर अजय के ही निकले हैं। अजय के भाई महेंद्र ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि अनीता के पास मोबाइल है या नहीं।

36 घंटे बाद मिला अनीता का मोबाइल

जिस कमरे में पांचों की मौत हुई, वह ज्यादा बड़ा नहीं है। इसके बावजूद पुलिस को उसमें अनीता का मोबाइल तलाश करने में करीब 36 घंटे लग गए। लोगों का कहना है कि छोटे से कमरे में इतनी देर से मोबाइल मिलना समझ से परे है। पुलिस ने कई और तथ्य पता कर लिए, लेकिन जला मोबाइल तलाश करने में इतना वक्त लग गया। पुलिस का कमरे के अंदर दरवाजे पर बाहर पड़े ताले की चाबी मिलने का दावा भी विश्वसनीय नहीं है। उधर, परिजनों का यह भी कहना है कि पुलिस को मिले दोनों मोबाइल फोन एंड्रायड हैं जबकि अजय के पास एक कीपेड मोबाइल भी था जो अब तक नहीं मिला है।

... तो मुआवजा क्यों

अनीता के भाई सौरभ ने मुआवजा दिए जाने का भी विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अजय के पत्नी और बच्चों सभी की मौत हो चुकी है तब मुआवजा क्यों दिया जा रहा है। अजय को उनके परिजनों ने दो साल पहले ही अलग कर दिया था। परिवार के सदस्य उनसे बातचीत तक करना पसंद नहीं करते थे।

आईजी ने कहा- जल्द खुलासा करें

आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर फरीदपुर रामसेवक सिंह को निर्देश दिया है कि वह जल्द घटना का खुलासा करें। आईजी ने निर्देश दिए हैं कि घटना के प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से जांच की जाए।

सेलेक्शन प्वाइंट टॉवर के पास युवक को सरेशाम गोली मारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रेमनगर इलाके में सेलेक्शन प्वाइंट के पास लेनदेन के विवाद में हिस्ट्रीशीटर और उसके भाई ने एक युवक को गोली मार दी। गोली युवक के पेट में जा लगी। मौके पर सीओ संदीप कुमार समेत थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इज्जतनगर के तुलाशेरपुर इलाके में रहने वाले मिथुन सागर ने बताया कि अपने ही क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर से उसने 10 हजार रुपये उधार लिए थे जिसे काफी समय बाद भी दे नहीं पाया था। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर ने उसे बुधवार शाम छह बजे सेलेक्शन प्वाइंट के पास बुलाया था। यहां हिस्ट्रीशीटर और उसके भाई ने उसके साथ गालीगलौज की और फिर उस पर गोली चला दी जो उसके पेट में जा घुसी। खून से लथपथ होने के बाद उसे उसके दोस्तों ने बारादरी इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है ताकि घटना की पुष्टि की जा सके। पहले मामला संदिग्ध बताया, फिर कहा आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करेंगे पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में पहले से मुकदमेबाजी चल रही है। एक केस में जल्द ही गोली मारने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर का बयान होना है। लग रहा है कि इसी कारण यह साजिश रची गई है। पुलिस ने बताया कि जो फुटेज मिली है, उससे भी घायल मिथुन का दावा संदिग्ध लग रहा है। हालांकि, देर रात इंस्पेक्टर प्रेमनगर ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

जिला अस्पताल में भर्ती मिथुन सागर।

- हिस्ट्रीशीटर और उसके भाई पर आरोप, लेनदेन का था विवाद
- पेट में लगी गोली, जिला अस्पताल में भर्ती घायल खतरे से बाहर

लेनदेन के विवाद में युवक को गोली मारी गई है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभी घायल की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

-घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

बड़े भाई ने छोटे को पीटकर मार डाला

संवाददाता, हाफिजगंज

अमृत विचार : शराब पीने के लिए घर की खपरैल में लगी कड़ियां बेच देने का विरोध करने पर बड़े भाई ने छोटे को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। आरोपी इसके बाद फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव कितुकापुर में बाबू गिरी के शंभु, राजू, और हरदयाल समेत तीन बेटे हैं जिनमें से हरदयाल अलीगढ़ में रहकर मजदूरी करता है। शराब पीने के आदी शंभु ने पिछले दिनों घर के एक हिस्से में लगी खपरैल की कड़ी चुपचाप बेच दीं। इसका पता लगने पर राजू ने विरोध जताया। शंभु से कहा कि उसे कड़ी बेचनी ही थी तो उन्हें देकर पैसे ले लेता। इसी बात पर भड़के शंभु ने गालीगलौज करते हुए राजू को गिराकर पीटना शुरू कर दिया। सीने में गंभीर चोट लगने से राजू की मौत हो गई।

गांव वालों ने इस बीच डायल 112 पर शिकायत की तो पुलिस पहुंच गई। राजू को नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों भाइयों में सिर्फ राजू की शादी हुई थी। उनके चार बेटी और एक बेटा है। इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि घरवालों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

मृतक राजू गिरी।

इलेक्ट्रानिक व्यापारी से मिस्त्री ने 12 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसी-फ्रिज मैकेनिक ने पुराना माल मंगाकर बेचने पर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर इलेक्ट्रानिक व्यापारी से 12 लाख रुपये ठग लिए। दबाव बनाने पर आरोपी किराये का मकान छोड़कर पत्नी और बच्चों के साथ भाग गया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट के सदर बाजार निवासी फिरोज अहमद ने बताया कि उनकी सेटेलाइट बस अड्डे के पास इलेक्ट्रानिक्स शॉप है। सात माह पहले उनकी जान पहचान लखनऊ के गांव महोना के काजी टोला निवासी एसी-फ्रिज मिस्त्री शाहाब बेग से हुई। शाहाब इस समय कैंट के सदर बाजार में ही किराये के मकान में बच्चों के साथ रह रहा था। उसने बताया कि बिजली के पुराने सामान बेचने में अधिक लाभ है। उसकी कंपनी में पहचान है, इसलिए सामान मंगा सकता है। फिरोज के अनुसार दिसंबर में शाहाब बेग ने बताया कि कानपुर की एक कंपनी स्क्रैप का माल बेच रही है। 12 लाख लगाकर 16 लाख रुपये आसानी कमाए जा सकते हैं। इसपर उन्होंने आठ दिसंबर 2023 को शाहाब को 12 लाख रुपये दे दिए। आरोप है कि शाहाब ने उनके पैसे से सामान खरीदकर शाहजहांपुर के व्यापारी को बेच दिया। 17 जनवरी को जब वह उसके किराये के मकान पर पहुंचे तो पता चला कि वह पत्नी और बच्चों के साथ भाग गया है।एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- पुराना सामान कंपनी से मंगाकर बेचने का दिया था झांसा
- रुपये लेने के बाद मिस्त्री पत्नी और बच्चों के साथ हुआ फरार

विवेचना पूरी होने से पहले ही हत्यारोपी फरीदपुर चेयरमैन को क्लीनचिट

घर में काम कर रहे मजदूर की हत्या का है आरोप, महीने भर बाद भी नहीं किया गिरफ्तार, एसपी देहात बोले, साक्ष्यों के आधार पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : घर में काम कर रहे मजदूर की हत्या के आरोपी फरीदपुर नगर पालिका के चेयरमैन शराफत जरीवाला को पुलिस ने विवेचना पूरी होने से पहले ही क्लीन चिट दे दी है। महीने भर बाद भी न उन्हें गिरफ्तार किया गया है, न ही गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अफसरों का दावा है कि दोनों पक्षों में समझौता हो चुका है लेकिन एफआईआर लिखाने वाली मजदूर की पत्नी का आरोप है कि उनके बेटों को तीन लाख रुपये देकर धोखे से समझौतेनामे पर दस्तखत कराए गए। चेयरमैन शराफत जरीवाला पिछले महीने अपने घर पर कुछ निर्माण करा रहे थे। गांव रमपुरा रतन के नरेंद्र मजदूरी कर रहे थे। 25 दिसंबर को उनकी छत से गिरकर मौत हो गई थी। उनकी पत्नी रीना ने चेयरमैन पर आरोप लगाया था कि किसी बात पर नोकझोंक होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का दे दिया। नीचे गिरकर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रीना की ओर से शराफत के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन गिरफ्तार करने की कोई कोशिश नहीं की। अब पुलिस दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की बात कह रही है तो दूसरी तरफ विवेचना जारी होने का भी दावा कर रही है। एसपी देहात मुकेश चंद मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हो चुका है। इसी आधार पर अब विवेचना की जा रही है। इसमें जो साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। उधर, रीना की आरोप है कि उनके आरोपी चेयरमैन ने अपने करीबियों को भेजकर दो बेटों को तीन लाख रुपये दिलवाए थे। इसके बाद उनके पढ़ीलिखी न होने का फायदा उठाकर उनसे धोखे से समझौतेनामे पर अंगूठा लगवा लिया गया। उस समय घर पर भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई समझौता नहीं किया है। वह चाहती हैं कि उनके पति की हत्या करने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

- दोनों पक्षों में समझौते को गिरफ्तार न करने की वजह बता रहे अफसर
- पत्नी ने लगाया आरोप- धोखे से कराए समझौतानामे पर दस्तखत

हत्या का आरोप धुला नहीं, गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराकर चले गए

चेयरमैन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज होने के बाद पुलिस कई दिन तक उन्हें फरार बताती रही। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता होने को गिरफ्तारी न करने का कारण बताना शुरू किया लेकिन इसी बीच 26 जनवरी को थाने से सिर्फ सौ मीटर दूर नगर पालिका कार्यालय में हत्यारोपी होने के बावजूद शराफत जरीवाला ने झंडा फहराया और घंटों वहां मौजूद भी रहे लेकिन पुलिस बेखबर बनी रही। इस कार्यक्रम में एमएलसी कुवंर महाराज सिंह भी मौजूद थे, लिहाजा यह भी आरोप लगा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर ही सपा के चेयरमैन को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। उधर, महीने भर से नगर पालिका का कामकाज भी लगभग ठप पड़ा है।

गणतंत्र दिवस पर निमंत्रण आया था। राजनीतिक व्यक्ति हूं, पूछकर नहीं जाता कि किसने बुलाया है। नगर पालिका में चेयरमैन साहब आए थे और झंडारोहण करके चले गए। इसके बाद वह न मेरे पास आए, न मेरी उनसे मुलाकात हुई है। कल पुलिस से पूछूंगा कि चेयरमैन को अगर वह फरार मान रही है तो उसने क्या कार्रवाई की है। - महाराज सिंह, एमएलसी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

शहर में यह हाल है सड़क सुरक्षा अभियान का

एक तरफ सड़क सुरक्षा के तहत अभियान चलाया जा रहा है, दूसरी तरफ गांधी उद्यान के सामने जाम लगा होने की वजह से बाइक से गुजरते लोग डिवाइडर जंप कर रहे थे। ट्रैफिक पुलिस हमेशा की तरह नजर नहीं आई।

अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले हेड मास्टर फिर भूख हड़ताल पर

बीएसए दफ्तर के बाहर डेरा जमाया, दो बार वादे से मुकर जाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी पर रिश्वत मांगने और इन्कार करने पर जूता लेकर दौड़ाने का आरोप लगाने वाले प्रधानाध्यापक रामगोपाल वर्मा बुधवार को फिर बीएसए कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने बीएसए पर उनकी शिकायत पर जांच के बजाय उल्टे उन्हें ही निलंबित कर देने और फिर बहाली के बाद 50 किमी दूर तैनाती देने का आरोप लगाया। उधर, बीएसए ने प्रधानाध्यापक को फिर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बीएसए दफ्तर के बार भूख हड़ताल पर बैठे प्रधानाध्यापक। ● अमृत विचार

इससे पहले रामगोपाल वर्मा की ओर से 29 नवंबर को आलमपुर जाफराबाद बीआरसी पर शुरू किया गया अनिश्चितकालीन अनशन एडी बेसिक ने सवेतन बहाल करने और खंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर खत्म करा दिया था। रामगोपाल का कहना है कि इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी पर तो कोई कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे उन्हें 50 किमी दूर भेज दिया गया। इसके खिलाफ वह नौ जनवरी को बीएसए दफ्तर के बाहर फिर भूख हड़ताल पर बैठ गए। रामगोपाल के मुताबिक अगले दिन मुख्यमंत्री बरेली आ रहे थे इसलिए प्रभारी बीएसए भानु शंकर गंगवार ने उन्हें सहासा में ही तैनाती का लिखित आश्वासन देकर भूख हड़ताल खत्म करा दी लेकिन अब अफसर फिर अपने वादे से मुकर गए हैं।

> प्रधानाध्यापक को विभागीय नियमों के अनुसार बहाल किया गया है। वह विभाग पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि वह जल्द विद्यालय पहुंचकर कार्यभार नहीं लेंगे तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। – **संजय सिंह**, बीएसए

गुणवत्ता का ख्याल रखें हीटरों की खरीद में

कलेक्ट्रेट सभागार में क्रय समिति की बैठक करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई क्रय समिति की बैठक में दिए अफसरों को निर्देश

अमृत विचार : जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में हीटर लगाने की जन कल्याण समिति की ओर से पहल की गई है। इसके लिए जल्द ही हीटरों की खरीद की जानी है।

इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित क्रय समिति की बैठक में डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि ठंड के चलते विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को काफी समस्या होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि हीटरों के क्रय में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

इस बैठक में सीडीओ जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह, प्रभारी बीएसए आदि मौजूद रहे।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली पर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

चंडीगढ़ की घटना के खिलाफ यूथ कांग्रेस काप्रदर्शन। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस (पश्चिमी) प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जबरन हरा दिया। अवनीश चौबे, नादिर खान, हाजी सुल्तान, फिरोज खान, इमरान, नदीम, इजहार, इस्माइल, इरफान, साहिल, रवि शुक्ला, पंकज आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने लगाई खुद के डिजाइन कपड़ों की प्रदर्शनी

बरेली, अमृत विचार : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में बुधवार को प्रबंध समिति के पूर्व प्रमुख स्वर्गीय कुंवर अवतार के जन्म दिवस पर छात्राओं द्वारा खुद के डिजाइन किए गए वस्त्रों की प्रदर्शनी लगायी गयी। उद्घाटन संयुक्त आयुक्त उद्योग बरेली मंडल सर्वेश्वर शुक्ला ने किया।

कौशल श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में प्रदर्शनी में पहुंचे। प्रबंध समिति से डा.शशि बाला राठी, डॉ मनोज मंगल, डॉ एसबीएल शर्मा, डा.अलका जायसवाल व अन्य उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं के डिजाइन किये कपड़ों की प्रशंसा की।

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में कपड़ों की प्रदर्शनी देखती छात्राएं। ● अमृत विचार

डीसीएम की टक्कर से बंदियों को ला रही वैन पलटी, नौ घायल

संवाददाता, बरेली/बिथरी

▸▸ न्यायालय से पेशी के बाद 54 बंदी वापस जेल ले जाए जा रहे थे

अमृत विचार : न्यायालय से पेशी कराकर 54 बंदियों और कैदियों को लेकर जेल लौट रही वैन में तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वैन पलट गई और नौ बंदी घायल हो गए। घायलों का उपचार कराके जेल भेज दिया गया। सीओ हाईवे नवीन कुमार,सीओ तृतीय अनीता चौहान ने मौका मुआयना किया। डीसीएम चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

बुधवार को जिला जेल से 54 बंदियों और कैदियों को वैन से न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया। शाम करीब सात बजे वापस जिला जेल ले जाया जा रहा था।

घटनास्थल पर पहुंचे सीओ।

वैन ब्लैक स्पॉट नवदिया झादा चौराहे पर पहुंची कि तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वैन पलट गई और अफरा-तफरी मच गई। सीओ हाईवे नितिन कुमार, सीओ तृतीय अनीता चौहान, बिथरी इंस्पेक्टर संजय कुमार के साथ इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे में बंदी इंदर निवासी जलालपुर थाना बिसौली, कमरुद्दीन निवासी दातागंज, बली खां निवासी दासपुर इज्जतनगर, विश्वनाथ निवासी रजऊ परसपुर थाना बिथरी ,शिवम निवासी डेलापीर , राहुल निवासी किला ,चंद्रपाल निवासी सुभाषनगर ,शिवम निवासी सुभाषनगर और कौशिक निवासी बिहारीपुर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी बिथरी इलाज के लिए लाया गया। उपचार के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सीओ नितिन कुमार ने बताया कि पुलिस वाहन से कैदियों और बंदियों को पेशी कराने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराने ले जाया जा रहा था।

कथा सुनाते कथा व्यास।

सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : नवादा शेखान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा बुधवार को संपन्न हो गई। इस मौके पर कथावाचक पं. प्रेम शंकर शर्मा ने सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब सुदामा द्वारिका नगरी पहुंचे तो कृष्ण ने उन्हें गले लगा लिया। कथा सुन रहे श्रद्धालु भावुक हो गए। इस दौरान कई झांकियां प्रस्तुति की गईं। पार्षद पूनम राठौर, सरिता रानी, गीता मौर्य, सीमा मौर्य, दीक्षा रत्नाकर, मनोरमा श्रीवास्तव, आरती गुप्ता, राकेश राठौर आदि मौजूद रहे।

भक्त प्रह्लाद और कबीर का प्रसंग सुनाया

आनंद आश्रम में चल रही भक्तमाल कथा में बैठे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : आनंद आश्रम में चल रही भक्तमाल कथा में बुधवार को कथा व्यास गौरदास महाराज ने भक्त प्रह्लाद और कबीर से जुड़ा प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कबीरदास ने अपने जीवन में अनेक भक्तों पर कृपा की। उनमें से काशी के राजा भी शामिल थे, जिन्होंने कबीर के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट किया। विधायक संजीव अग्रवाल, मंत्री नरसिंह मोदी, पंकज अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

संसार में सभी से प्रेम करो, लेकिन मोह किसी से नहीं : व्योम त्रिपाठी

झूलेलाल मंदिर श्रद्धालुओं ने सुना भरत चरित्र का प्रसंग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ झूलेलाल मंदिर में चल रही है श्रीमद्भागवत कथा

अमृत विचार : सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने जड़ भरत के चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि संसार में प्रेम सभी से करो, लेकिन मोह किसी से नहीं करो। क्योंकि मोह व्यक्ति का समूल नाश कर देता है। बताया कि जड़ भरत का मोह हिरण के बच्चे से हो गया था, जिस कारण उनका पतन हुआ। सत्संग के माध्यम से उनको मोक्ष प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि प्रह्लाद ने पांच साल की आयु में ही प्रभु के दर्शन प्राप्त कर लिए थे। प्रभु नरसिंह जिनका क्रोध कोई शांत नहीं कर पा रहा था। उनके क्रोध को प्रह्लाद ने शांत किया था।

उन्होंने श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए संगीतमय बधाई गाकर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया।

लोग नृत्य कर प्रभु का गुणगान करते रहे। विधायक संजीव अग्रवाल, मुकेश खटवानी, श्याम मोटवानी, विजय मूलचंदानी, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, लेखराज मोटवानी, प्रदीप देवनानी, प्रकाश एलानी आदि मौजूद रहे।

रामपुर जाते हुए घंटा भर रुके भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पदाधिकारियों से की चुनाव पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ रामपुर जाते समय सर्किट हाउस में रुके, मेयर समेत तमाम नेता मिलने पहुंचे

अमृत विचार : रामपुर जाने के लिए लखनऊ से बरेली पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बरेली सर्किट हाउस में करीब एक घंटे तक रुके। इस दौरान उन्होंने जिले के पदाधिकारियों से बातचीत की। चुनाव को लेकर भी चर्चाएं हुईं। इसके बाद वह कार से रामपुर के लिए रवाना हो गए।

कृषि राज्यमंत्री कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के बेटे की शादी समारोह में शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रामपुर जा रहे थे।

सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह।

बरेली तक ट्रेन से आने के बाद जिले के नेताओं ने उन्हें जंक्शन पर रिसीव किया। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंचे, जहां पर एक घंटे तक रुके। बताया जाता है कि मुलाकात के बीच प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा चुनाव को लेकर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चाएं की। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, बिथरी चैनपुर विधायक राघवेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर, डॉ. विनोद पागरानी, विष्णु शर्मा, प्रभु दयाल लोधी, बंटी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

एक नजर

तीन महीने में शिक्षकों को प्रोन्नति संबंधी दस्तावेज तैयार करने होंगे

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में गुरुवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने आईक्यूएसी की बैठक की। इसमें निर्णय लिया गया कि तीन महीने में शिक्षकों की कई स्तर पर प्रोन्नति होगी। ऐसे में शिक्षक अपने प्रोन्नति संबंधी दस्तावेज तैयार कर लें। इसके अलावा अन्य कई गतिविधियां भी कराई जाएंगी। बैठक में समन्वयक प्रो वंदना शर्मा और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बजट में वित्त मंत्री दें बरेली को एम्स की सौगात

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने बरेली में एम्स की बहुत जरूरत बताई। कहा कि इसके लिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि बरेली मंडल के अलावा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, लखीमपुर जिले के गम्भीर मरीजों को भी सघन चिकित्सा के लिए दिल्ली एम्स जाना पड़ता है। बरेली में एम्स खुलने से दूरदराज के मरीजों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। अंतरिम बजट में बरेली में एम्स की घोषणा की जानी चाहिए।

मार्च तक बन जाएंगी 10 और वृहद गोशालाएं

बरेली, अमृत विचार : किसानों और राहगीरों के लिए सिर दर्द बने छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए जिले में 10 वृहद गोशालाओं का निर्माण चल रहा है। अफसरों का दावा है कि मार्च तक कार्य पूरा हो जाएगा। गोशालाएं बनने पर करीब तीन हजार पशुओं को संरक्षित किया जा सकेगा। इसे फसलों की सुरक्षा हो सकेगी। बुधवार को सीडीओ जगप्रवेश ने क्यारा ब्लॉक के मानपुर अहियापुर स्थित निर्माणाधीन गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा। बीडीओ से कहा कि कार्य में तेजी लाकर मार्च तक पूरा किया जाए। सीडीओ ने बताया कि जिले में 10 बड़ी गोशालाएं बन रही हैं। सभी निर्माणाधीन हैं। एक गोशाला में करीब तीन सौ पशुओं को संरक्षित किया जा सकेगा। इससे काफी राहत मिलेगी। बताया कि सभी ब्लॉकों में एक नंदी आश्रय स्थल संचालित करने के आदेश दिए गए हैं। इस पर खंड विकास अधिकारी तैयारी में लगे हुए हैं। जल्द नदीं आश्रय स्थल भी बनकर तैयार होंगे।

बजट : कोई टैक्स से परेशान, कोई महंगाई का मारा... सबको चाहिए सहारा

उद्यमी, व्यापारी और पेंशनर्स को टैक्स में राहत की उम्मीद

बरेली, अमृत विचार: बजट भले ही अंतरिम है लेकिन लोग बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। जल्द चुनाव होने के चलते कुछ लोकलुभावन घोषणाओं की आशा की जा रही है। उद्यमियों, व्यापारियों का कहना है कि ऐसे प्रावधान शामिल किए जाएं जिससे बाजार पर सकारात्मक असर पड़े। उद्योग-कारोबार में जटिलताएं दूर होने के साथ गति मिल सके। पेंशनर्स आयकर छूट की सीमा डेढ़ लाख से बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। अन्य वर्ग भी बजट को लेकर अपनी अपेक्षाओं को जाहिर कर रहे हैं ।

आयकर नियमों को कर्मचारी हितैषी बनाने की जरूरत है। आयकर छूट सीमा पांच लाख से ऊपर की जानी चाहिए। कर्मचारियों की आय पर टैक्स की दर कम हो।

– **हरीश गंगवार**, जिलाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद

ऐसे प्रावधान किए जाएं जिससे पुराने पारंपरिक उद्योगों को संजीवनी मिल सके। बजट में बंद हो चुके उद्योगों को पुन: शुरू करने के लिए भी कुछ घोषणाएं की जाएं। इससे उद्योग जगत को लाभ होगा।

– **अजय शुक्ला**, उद्यमी

वैसे तो हर सेक्टर को रियायत देने की जरूरत है लेकिन ब्याज और कर में छूट का दायर बढ़ेगा तो कारोबार को संजीवनी मिलेगी। नियमों को सरल करें और उद्योगों के लिए अलग बैंकिंग व्यवस्था की जाए।

–**अभय अग्रवाल**, व्यापारी

मध्यम वर्गीय व्यापारियों के लिए जीएसटी के प्रावधानों में सरलीकरण की जरूरत है। अंतरिम बजट स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए ताकि देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।

– **पवन**, सीए

सेवानिवृत कर्मचारियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बजट में आयकर की धारा 80 सी के तहत मिलने वाली आयकर छूट की सीमा डेढ़ लाख से बढ़ानी चाहिए। चुनावी साल है इसलिए बजट लोकलुभावन हो।

– **मुकेश सक्सेना**, सेवानिवृत्त रेल कर्मी

बजट में ऐसी घोषणाएं करने की जरूरत है जिससे व्यापारियों का भला हो। डेबिट कार्ड से कैशलेश भुगतान करने में एक फीसदी चार्ज कटता है। खरीदारी को बढ़ावा देने के लिए इस चार्ज को खत्म होना चाहिए।

– **घासीराम अग्रवाल**, व्यापारी नेता

मंहगाई को ध्यान में रखकर नकद लेनदेन की सीमा बढ़ाने की व्यापारी उम्मीद लगाए बैठे हैं। जीएसटी स्लैब को अधिकतम 18 प्रतिशत किया जाना चाहिए। आयकर छूट की सीमा को 10 लाख रुपये तक किया जाए।

– **ऋषभ**, व्यापारी

ट्रांसपोर्ट कारोबार को इंडस्ट्री नहीं माना जाता है। एसोसिएशन वाले भी इस पर खामोश हैं। इसे इंडस्ट्री में शामिल किया जाए ताकि सुविधाएं मिल सकें। टोल टैक्स व परिवहन टैक्स में ट्रांसपोर्टरों को छूट देनी चाहिए।

– **आशु अग्रवाल**, ट्रांसपोर्टर

किसानों को चाहिए खाद पर और ज्यादा सब्सिडी, उपज का उचित मूल्य

बरेली, अमृत विचार: अंतरिम बजट से किसान भी ढेरों उम्मीदें लगाये हैं। डीएपी, यूरिया, कीटनाशक दवाएं, खेती किसानी के उपकरणों के साथ-साथ डीजल पर महंगाई की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इन सभी में सब्सिडी की दरकार है। किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिले। स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग लंबे समय से हो रही है। उसे लागू किया जाए। किसानों का कहना है कि खेती किसानी हर सीजन में घाटे का सौदा साबित हो रही है। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होती। किसान सम्मान निधि महज छह हजार रुपये सालाना मिल रही है जो नाकाफी है। किसान और किसान संगठन वित्तमंत्री से इस ओर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं ताकि किसानों को भला हो सके।

बजट में किसानों के हित में फैसले हों। किसानों को उपज का उचित मूल्य मिल सके ऐसी व्यवस्था हो। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को सही ढंग से लागू नहीं किया जाएगा तब तक किसानों का किसी स्तर पर भला नहीं होगा।

–**अरुण सिंह राठी**, मंडल अध्यक्ष, भाकियू अराजनैतिक

किसानों के लिए योजनाओं के नाम पर खेल होता है। लागत के अनुसार फसलों का दाम नहीं मिल पाता। डीजल महंगा होने से सिंचाई किसानों का पसीना निकाल देती है। बजट में किसानों की समस्याओं पर फोकस हो।

–**शोएब इजहार खान**, राष्ट्रीय महासचिव भाकियू भानु गुट

महंगाई से किसान परेशान हैं। फसलों की लागत नहीं निकल रही है। सरकार को चाहिए कि डीएपी ओर यूरिया के साथ डीजल की कीमतें कम की जाएं। उर्वरकों और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी बढ़ाई जाए।

–**शिवम सिंह**, बिथरी चैनपुर

किसानों को अभी सालाना छह हजार रुपये सम्मान निधि दी जा रही है। जो महंगाई को देखते हुए खेती किसानी के लिए नाकाफी है। सरकार बजट में खासतौर से इस पर ध्यान दे। छुट्टा पशुओं से निपटने के लिए भी ठोस व्यवस्था की जाए। –**राजपाल, शेरगढ़**

जीएसटी की जटिलताएं दूर हों कम ब्याज पर मिले लोन

बरेली, अमृत विचार : अंतरिम बजट को लेकर बुधवार को व्यापारियों ने चर्चा की। वे चाहते हैं कि जीएसटी की जटिलताएं दूर हों। आसान ब्याज पर लोन दिया जाए ताकि वे अधिक से अधिक निवेश कर सकें। जीएसटी देने वाले व्यापारियों के लिए पेंशन योजना शुरू हो। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विक्की बग्गा, असीम जौहरी, विनय अग्रवाल, अमन दीप बग्गा, ऋषभ अग्रवाल, संजय कठेरिया, मनोज गुप्ता, अनुज गुप्ता, मंजीत सिंह, हर्ष अग्रवाल, अभय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, धीरेंद्र जौहरी, पवन निहलानी, विकास प्रताप, कपिल गुप्ता, मोनू ठाकुर शामिल रहे रहे।

रेलयात्रियों को बंद की गई रियायतों-सुविधाओं की उम्मीद

बरेली, अमृत विचार: अंतरिम बजट से रेल यात्रियों की सबसे बड़ी उम्मीद किराए में कमी और ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाना है। कोरोना के बाद जिन रियायतों को बंद कर दिया गया था, उन्हें दोबारा शुरू करने की मांग की जा रही है। यात्रियों का कहना है कि मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेलखंड पर ट्रेनों की रफ्तार महज सौ किलोमीटर घंटा है। रेलवे लंबे समय से इस लाइन पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने का दावा कर रहा है।



रेलवे को बुजुर्गों के लिये सुविधायें बढ़ानी चाहिए, वहीं जो मिल रही थीं उनको ही बंद कर दिया है। रेल किराये में रियायत को दोबारा शुरू करें। –**बहादुर खान**

उम्र के इस पड़ाव पर सुविधाएं मिलनी चाहिये। ट्रेनों में बुजुर्गों के सुरक्षित सफर पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही किराये में छूट भी अपेक्षित है। –**सुरेश कुमार**

ट्रेन में महिला यात्री बड़ी तादाद में सफर करती हैं। कई बार उन्हें अकेले भी सफर करना पड़ता है। उनकी सुरक्षा और सहूलियत पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। –**गंगा देवी**

अक्सर ट्रेन से लखनऊ व दिल्ली जाना होता है। पहले टिकट में छूट मिलती थी तो ट्रेन का सफर किफायती था। अब छूट नहीं मिलने के कारण अतिरिक्त बोझ पड़ता है। –**मलिक शहजाद**

भोजीपुरा विकास खंड के रोजगार मेले में ऑफर लेटर दिखाते चयनित अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

रोजगार मेले में 163 अभ्यर्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आईटीआई, कौशल विकास मिशन और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से बुधवार को भोजीपुरा ब्लाक में रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 380 में से 163 युवक और युवतियों का चयन किया गया। चयनितों को ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल ने आफर लेटर दिया। सात कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया था। जिन अभ्यर्थियों को योग्य पाया उनका चयन कर मौके पर ही आफरलेटर दे दिया।

बहेड़ी आईटीआई के प्रधानाचार्य एसी कटियार, बीडीओ कमल श्रीवास्तव, आईटीआई के प्रधानाचार्या टीकम शरण आदि मौजूद रहे।

कान्वेंट की तरह परिषदीय स्कूल के बच्चों को भी मिलेगा आईकार्ड

बरेली, अमृत विचार : नए शैक्षिक सत्र से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को कान्वेंट स्कूलों की तरह आईकार्ड मिलेगा।

जिले के 2482 परिषदीय स्कूलों में 3.25 हजार से अधिक बच्चों को अगले सत्र में आईकार्ड वितरित किए जाएंगे। नगर खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद ने बताया कि इस आईकार्ड के जरिए बच्चों का डिजिटल खाता खुलेगा। सभी बच्चों का यूनिक नंबर भी कार्ड पर अंकित होगा। उनका शैक्षिक ब्यौरा ऑनलाइन सुरक्षित किया जाएगा। केंद्र की ओर से एक राष्ट्र एक छात्र आईडी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूनिक नंबर आयुक्त पहचान पत्र तैयार कराया जाएगा। इससे डीबीटी के तहत अभिभावकों के खातों में धनराशि सीधा पहुंचेगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से बदला परास्नातक परीक्षा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम बदल दिया है। अब परीक्षा 17 फरवरी के बजाय 20 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षा 29 फरवरी तक चलेगी।

▸▸ **अब 17 की बजाय 20 फरवरी से शुरू होगी विषम सेमेस्टर की परीक्षा**

विश्वविद्यालय ने पहले परास्नातक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम 17 फरवरी से जारी किया था। अब 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा है, जिसमें विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले कई छात्र भी शामिल होंगे। ऐसे में छात्रों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए तिथि में बदलाव किया गया है।

15 फरवरी तक भरे जाएंगे मुख्य परीक्षा के फॉर्म : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक मुख्य परीक्षा 2024 के फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी, बीकॉम और एमए, एमएससी और एमकॉम के संस्थागत और भूतपूर्व छात्रों के फॉर्म 19 जनवरी से भरे जा रहे हैं। अब छात्र 15 फरवरी तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे और भरे हुए फॉर्म 17 फरवरी तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

एलएलबी और बीए एलएलबी की परीक्षा आज से, सचल दल को किया गया सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **बरेली कॉलेज में 1.30 बजे तक चलेंगी अन्य कक्षाएं**

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी और बीए एलएलबी की परीक्षा गुरुवार से शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में पहले दिन करीब 15 सौ छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए बुधवार को तैयारी की गई। वहीं, प्राचार्य प्रो ओपी राय ने सभी शिक्षकों को अन्य कक्षाएं 1.30 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो आलोक खरे ने बताया कि चालीस कक्षों के साथ नए परीक्षा भवन में भी केंद्र बनाया गए हैं। सचल दल भी सक्रिय रहेगा।

13 से 29 फरवरी तक होंगी प्रयोगात्मक परीक्षा : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विधि की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि 13 से 29 फरवरी तक परीक्षा कराकर अंक पोर्टल पर अपलोड कर दें।

परीक्षा में नकल करते बीसीए का छात्र पकड़ा : बरेली कॉलेज में बृहस्पतिवार को सचल दल ने बीसीए छात्र को नकल करते पकड़ा। छात्र पर्ची से नकल कर रहा था। उसे बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

16 से 22 मार्च के बीच होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

बरेली, अमृत विचार: पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीबीगंज स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने बताया कि 16 से 22 मार्च के बीच संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। 10 मार्च तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। आवेदन के लिए अंतिम तिथि 29 फरवरी है। बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए 9 मार्च तक परीक्षा केंद्र आवंटित कर दिए जाएंगे। जिले में तीन राजकीय पॉलिटेक्निक और चार निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में 15 सौ से अधिक सीटें है। अप्रैल माह में परिणाम भी घोषित हो सकता है। इसके बाद तीन चरणों में छात्रों की काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न होगी।

मुंबई के बाहर पहली बार हुआ 'पुराने चावल' का मंचन

पत्रकारों से बात करते कुमुद मिश्रा और शुभ्राज्योति बरात।

बरेली, अमृत विचार: विंडरेमयर की ओर से चल रहे थियेटर एंड लिटरेचर फेस्ट में बुधवार को अभिनेता व रंगमच कलाकार कुमुद मिश्रा व शुभ्रज्योति बारात ने 'पुराने चावल' नाटक का मंचन किया। मंचन से पहले उन्होंने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि मुंबई से बाहर पहली बार बरेली में 'पुराने चावल' का मंचन किया जा रहा है। कुमुद मिश्रा ने कहा कि थियेटर कर रहे युवाओं को प्रेरित किया जाना बहुत जरूरी है। थियेटर की दुनिया में रौनक बनी रहे इसके लिए सरकारी स्तर पर भी सुविधाएं और सहूलियतें दी जानी चाहिए। शुभ्रज्योति बारात ने बताया कि छोटे थियेटरों की संख्या कम है। बरेली में डा. बृजेश्वर सिंह के रंगकर्म संबंधी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे ही प्रयासों से रंगकर्म के और निखरने में सहायता मिलेगी।

नाटक और गजलों ने यादगार बना दी विंडरमेयर फेस्टिवल की आखिरी शाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सप्ताह भर एक से एक उम्दा नाटकों, कहानियों और कविताओं से दिलों को छू लेने वाले विंडरमेयर थिएटर एंड लिट्रेचर फेस्टिवल का बुधवार को समापन हो गया। शायर आशु मिश्रा के खूबसूरत कलामों के बाद युसरा नकवी ने सुरीली आवाज में गजलें सुनाईं तो लोग मुग्ध हो गए। कुमुद मिश्रा के साथ शुभ्रज्योति बारात ने 'पुराने चावल' नाटक के माध्यम से दर्शकों को गुदगुदाया तो विमर्श का भी महौल बनाया।

दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह ने सभी कलाकारों और दर्शकों का स्वागत किया। आशु मिश्रा ने हमारी दुनिया में दुनियादारी नहीं चलेगी जैसी खूबसूरत गजलें सुनाकर जमकर वाहवाही लूटी। जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से आईं युसरा नकवी ने रिवायती अंदाज़ में खूबसूरत गजलें सुनाईं। इनमें नज़ीर बनारसी की 'ये इनायतें गज़ब की', फय्याज हाशमी की 'आज जाने की जिद न करो' हफीज होशियारपुरी की 'मुहब्बत करने वाले कम न होंगे' और शकील बदायूंनी की 'मेरे हमनफस मेरे हमनवा' सुनकर लोग मुग्ध हो गए।

इसके बाद थिएटर व फिल्म जगत के जाने-माने कलाकार कुमुद मिश्रा और शुभ्रज्योति बारात की टीम डी फार ड्रामा ने 'पुराने चावल' का मंचन किया। नील साइमन के लिखे 'द सनशाइन ब्वॉयज' को फर्रुख शायर और अविनाश गौतम ने हिंदी में 'पुराने चावल' के नाम से रूपांतरित किया। निर्देशन सुमित व्यास ने किया। ये नाटक दो ऐसे कॉमेडियंस की कहानी है जो 12 साल बाद अपना मशहूर कॉमेडी शो लेकर दर्शकों के सामने लौटे हैं। इसमें समस्या बस यह है कि अब उन दोनों कॉमेडियंस की आपस में बनती नहीं है। पुरानी यादों और मौजूदा उलझनों में लिपटे इस नाटक ने दर्शकों को गुदगुदाया और सोचने पर भी मजबूर कर दिया।

पुराने चावल नाटक का मंचन करते कुमुद मिश्रा और शुभ्रज्योति बारात। ● अमृत विचार

▸▸ **अभिनेता कुमुद मिश्रा और शुभ्रज्योति के नाटक 'पुराने चावल' ने किया मुग्ध**

▸▸ **शायर आशु मिश्रा के कलामों ने लूटी वाहवाही, युसरा नकवी की आवाज ने बांधा समां**

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Groth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolaction Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

शोहदे ने युवती के फोटो एडिट कर किए वायरल, शादी करने का बनाया दबाव

काफी समय से कर रहा ब्लैकमेल, अब मांग रहा दो लाख रुपये, दहशत में परिवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र के युवक ने युवती के फोटो एडिट कर अश्लील बना वायरल कर दिए। विरोध करने पर आरोपी निकाह का दबाव बना रहा है। दो लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़िता ने बताया कि गांव के सज्जाद से बेटी के निकाह की बात शुरू की, मगर बाद में उन्होंने रिश्ता करने से इन्कार कर दिया। इससे नाराज साजिद ने बेटी के फोटो एडिट कर अश्लील बना सोशल मीडिया पर वायरल करने शुरू कर दिए। वह बेटी का जहां भी रिश्ता लेकर जाती हैं या तय करती हैं। वहां सज्जाद रिश्ता तुड़वा देता है। आरोपी ब्लैकमेल कर रहा है।

आरोपी दरवाजे पर आकर भी अश्लील हरकतें करता है। बेटी का घर से निकलना दुश्वार कर दिया है। आरोपी निकाह का दबाव बना रहा है। दो लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। सीओ तृतीय के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पति पर लगाया बदनाम करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : सिरौली क्षेत्र की एक महिला ने पति पर दूसरी शादी करने और सोशल मीडिया पर उसे बदनाम करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। महिला की शादी सिरौली क्षेत्र के युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने दूसरी शादी कर ली। महिला ने पति पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करा चुकी है। मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। महिला का आरोप है कि इस वजह से पति उसे गलत बताते हुए अश्लील ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है। उसका मोबाइल नंबर भी वायरल कर दिया है। पीड़िता ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए हैं।

किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

बरेली, अमृत विचार : पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गंगापुर निवासी समीर राजपूरत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बारादरी क्षेत्र की एक महिला ने आरोपी के खिलाफ 23 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला का आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को बहलाकर ले गया था। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पेट्रोल पंप मालिक की कार पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ देर रात नवाबगंज स्थित पेट्रोल पंप से लौट रहे थे वरुण सूरी

▸▸ गोली लगने से कार खिड़की क्षतिग्रस्त, थाने में दी तहरीर

अमृत विचार : बुधवार देर रात नवाबगंज से लौट रहे पेट्रोल पंप स्वामी की कार पर सतीपुर चौराहा पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। वह और उनके पंप के प्रबंधक बाल बाल बच गए। पेट्रोल पंप स्वामी ने मामले में थाना बारादरी में तहरीर दी है।

रामपुर गार्डन निवासी वरुण सूरी ने बताया कि उनका नवाबगंज में पेट्रोल पंप है। रात करीब 11 बजे वह पेट्रोल पंप से मैनेजर अमित मौर्या के साथ घर आ रहे थे। सतीपुर चौराहा पर जैसे ही उनकी कार पहुंची। वैसे ही अंजान व्यक्ति ने फायर झोंक दिया। गोली कार की खिड़की पर लगी, जिससे वह बच गए। फायरिंग के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग गए। वरुण ने थाना बारादरी में शिकायती पत्र देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फिलहाल, घटनास्थल के आसपास के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया जाएगा, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके।

फायरिंग से क्षतिग्रस्त हुई कार की खिड़की।

अभियान : दो सौ कनेक्शन काटकर वसूले 20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जनवरी माह के अंतिम दिन बकाया बिल पर कनेक्शन काटने को लेकर शहर में अभियान चलाया गया। इस दौरान 200 से अधिक कनेक्शन काटकर करीब 20 लाख रुपये की वसूली की गई।

मुख्यालय की सख्ती के बाद शहर के अधिशासी अभियंता भी बकाया बिल वसूली को लेकर अलर्ट हो गए हैं। बुधवार को हजियापुर, ईंट पजाया चौराहा, खुर्रम गौटिया, कालीबाड़ी, फाल्तूनगंज, किला, जसोली, मलूकपुर, सीबीगंज, सिविल लाइंस, पुराना बस अड्डा, बिहारीपुर, महानगर, जगतपुर आदि क्षेत्र में पांच हजार से अधिक बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 50 हजार से अधिक का बकाया होने पर 200 कनेक्शन काटकर 20 लाख रुपये की वसूली की गई। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद ने बताया कि उपभोक्ताओं को कॉल कर बकाया बिल जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

बकाया बिल कनेक्शन काटता कर्मी।

बस के परिचालक को चालक और महिला ने पीटा, वीडियो वायरल

▸▸ पीड़ित ने एआरएम से की शिकायत

बरेली, अमृत विचार : अतरौली डिपो के परिचालक के साथ बदायूं डिपो के चालक और महिला ने मारपीट की। जांच को पहुंचे दरोगा ने भी उन्हें पीटा। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

मामले की शिकायत एआरएम से की गई है। अतरौली डिपो के परिचालक दीपक कुमार ने बताया कि मामूली विवाद पर बदायूं डिपो के चालक ने महिला साथी के साथ मिलकर उन्हें पीटा। उन्होंने पुलिस से शिकायत की तो जांच करने पहुंचे दरोगा ने भी उनके साथ मारपीट की। विवाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित परिचालक ने मामले की शिकायत बदायूं डिपो के एआरएम से की है।

मरीज की जान से खिलवाड़ डॉक्टर पर रिपोर्ट के आदेश

विधि संवाददाता, बरेली

▸▸ बिना ऑक्सीजन सपोर्ट वाली एंबुलेंस से मरीज को दूसरे अस्पताल में भेजने का आरोप

अमृत विचार : हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को बगैर ऑक्सीजन सपोर्ट उपलब्ध कराए दूसरे अस्पताल में रेफर करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूष प्रकाश ने प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट को आरोपी चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। घायल की इस घटना में मौत हो गई थी।

अधिवक्ता देवपाल सिंह ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि बड़े भाई वेदपाल सिंह का 30 अप्रैल 2023 शाम चार बजे टेंपो पलटने से एक्सीडेंट हो गया था।

उन्हें बुखारा मोड़ स्थित निशान्त अदिति अस्पताल में भर्ती किया था।आरोप है कि डॉक्टर ने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहकर करीब 10 हजार रुपये खर्च करवा दिए। करीब एक घंटे बाद डॉक्टर ने संबंधित चिकित्सक न होने की बात कही। कहा कि मरीज को दूसरे अस्पताल में ले जाओ।

आरोप है कि डॉक्टर ने स्टॉफ से तुरंत बिना ऑक्सीजन वाली एम्बुलेंस बुला दी और मर्जी के बिना मरीज को उसी एबुलेंस में लिटा दिया। एंबुलेंस चालक ने मरीज की हालत देखकर डॉक्टर से ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया तो उसे धमका दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मरीज की मृत्यु हो गई।

असम के युवक से सात लाख हड़पे

बरेली, अमृत विचार : आसम के एक युवक से बरेली की एक कंपनी के मालिक ने करीब सात लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत बुधवार को एसएसपी कार्यालय में की। जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

आसम निवासी अबुल बसर ने बताया कि डेढ़ साल पहले उन्होंने बरेली की एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मालिक को छह लाख 94 हजार रुपये उधार दिए थे। कंपनी मालिक ने समय पर रुपये लौटाने का वादा किया था। आरोप है कि समय पूरा होने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। रुपये मांगने पर उन्हें दो चेक दिए गए, जो बैंक खाते में रुपये न होने के कारण बाउंस हो गए। सोमवार को उन्होंने कंपनी मालिक से उधार लिए रुपये लौटने को कहा। इस पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

चाइल्ड लाइन को मिले अयान की मां लापता

बरेली, अमृत विचार : चाइल्ड लाइन को इज्जत नगर थाने से दस दिन पहले चार वर्षीय मासूम अयान मिला। उसकी मां कई दिनों से लापता है। चाइल्ड लाइन कोआर्डिनेटर सौरभ ने बताया कि अयान हमें दूसरी बार इज्जत नगर थाने से मिला है। पिछली बार अयान बारादरी थाने से मिला था। तब हमने सीडब्ल्यूसी के आदेश के बाद बच्चे को मां को सौंप दिया था। अयान अपनी मां के साथ हजियापुर किराये के मकान में रहता था। इस बार अयान हमें मिला तो किराये के मकान के अलावा आसपास जानकारी ली लेकिन अयान की मां नहीं मिली। अयान को बार्न बेबी फोल्ड में रखा गया है। वहीं उत्तराखंड की रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी जिसे बरेली जंक्शन से चाइल्ड लाइन ने रेस्क्यू किया था और सुभाष नगर थाने से लाई गई 17 वर्षीय किशोरी के माता-पिता मिल गए हैं।

किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

▸▸ कोर्ट ने दुष्कर्मी पर 85 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला

▸▸ अभियोजन की ओर से पेश किए गए थे छह गवाह

अमृत विचार: किशोरी से बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मुरादाबाद थाना भोजपुर मोहल्ला नावपुर निवासी मोबीन को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने 10 वर्ष कठोर कारावास और 85 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील कुलदीप श्रोतिया ने बताया कि पीड़िता के पिता ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया कि 30 मई 2014 की शाम छह बजे नाबालिग पुत्री थाना प्रेमनगर के बानखाना में आई थी। चांदनी मार्केट से कुछ अज्ञात लोग पुत्री का अपहरण कर ले गए। थाना प्रेमनगर पुलिस ने बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता ने बयान दिया कि आरोपी ने नशा सुंघाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म किया था। मामले में शासकीय अधिवक्ता ने छह गवाह पेश किए थे।

गोतस्कर भाइयों पर गिरोहबंद की कार्रवाई

▸▸ आरोपियों पर दर्ज हैं कई मुकदमे

बरेली, अमृत विचार : गोतस्करी और गोवध करने वाले तीन भाइयों के खिलाफ इज्जतनगर पुलिस ने गिरोहबंद की कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के पीरबहोड़ा निवासी शकील, आरिफ और आसिफ भाई हैं। आरोपियों के खिलाफ इज्जतनगर के अलावा अन्य थानों में गोवध अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं। तीनों गिरोह बनाकर घटनाओं को अंजाम देते हैं। शकील गिरोह का सरगना है। जबकि आरिफ व आसिफ सक्रिय सदस्य हैं।

50 लाख की मांग पूरी न होने पर पत्नी को घर से निकाला

संवाददाता, बरेली

▸▸ ससुरालियों पर जेवर छीनने का भी आरोप लगाया

▸▸ शिक्षिका की शिकायत पति समेत चार पर रिपोर्ट

अमृत विचार : 50 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति ने शिक्षिका को साथ रखने से मना कर घर से निकाल दिया। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मढ़ीनाथ निवासी शिखा ने बताया कि वह बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। फरवरी 2020 में उनकी शादी पीलीभीत के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी अभिषेक गंगवार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति अभिषेक, सास मान कुमारी, ससुर प्यारेलाल, ननद नेहा और चचिया ससुर प्रसादीलाल के व्यवहार में बदलाव आ गया। सभी लोग उनके रंग रूप को लेकर टिप्पणी कर परेशान करने लगे। वर्ष 2021 में उन्होंने दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान पति ने साथ रखने से इन्कार कर दिया। शादी में जो जेवर दिया गया था। वह पति लौटा नहीं रहे हैं। मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

दूसरी काउंसलिंग में ही सुलझा दंपती का विवाद

▸▸ परिवार परामर्श केंद्र पर पहुंचे थे 13 मामले

बरेली, अमृत विचार: परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को 13 मामले आए। एक मामले में दूसरी काउंसलिंग में ही सुलह हो गयी।

सीबीगंज के रहने वाले मोहम्मद इलियास और उनकी पत्नी रेहाना में विवाद चल रहा था। यह मामला परिवार परामर्श केंद्र में आया। बुधवार को दूसरी काउंसलिंग में दंपती के अलावा दोनों के माता-पिता पहुंचे। काउंसलर फरहत नकवी और हरजीत कौर ने दोनों को रिश्तों की अहमियत समझायी। इसके बाद दोनों पक्ष मान गये और मामला आगे बढ़ने से बच गया। अन्य मामलों में भी सुलह कराने की कोशिश की गई।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 9412898953

नो केन का डर : गन्ने का 50 रुपये ज्यादा दे रहे कोल्हू वालों ने बढ़ाई चीनी मिलों की चिंता

मिलें 370 रुपये क्विंटल का दाम दे रहीं, कोल्हुओं पर 420 क्विंटल तक बिक रहा गन्ना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों गन्ना के समर्थन मूल्य में 20 रुपये की बढ़ोतरी कर 370 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया। वहीं कोल्हू संचालक 420 रुपये क्विंटल तक दे रहे हैं। किसान भी अच्छी कीमत मिलने पर कोल्हुओं को गन्ना दे रहे हैं। ऐसे में चीनी मिलों के प्रबंधन को नोकेन का डर सता रहा है। गन्ना खरीदने के लिए चीनी मिलों में प्रतिस्पर्धा हो रही है और प्राइसवार की नौबत आ गई है।

जिले के किसान करीब पौने दो लाख हेक्टेयर में गन्ने की खेती कर रहे हैं। गन्ना ज्यादातार चीनी मिलों को ही सप्लाई किया जाता है। हर साल मिलों से गन्ने का भुगतान होने में कई महीने लग जाते हैं। कोल्हू संचालक इन्हीं स्थितियों का फायदा उठाने में लगे हैं। चीनी मिलें इस सत्र में गन्ना 370 रुपये प्रति क्विंटल खरीद रही हैं। वहीं कोल्हुओं पर किसानों को 400 से लेकर 420 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। पैसा भी नकद या जल्दी मिल जाता है जिसके चलते किसानों का रुझान कोल्हुओं की ओर बढ़ा है।

जिले में 258 कोल्हू हैं जिन पर अब तक 12 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। ऐसे में चीनी मिलों की चिंता बढ़ गई है। गन्ने की कमी से बचने के लिए मिलों के भी ज्यादा दाम देने की चर्चा हो रही है। बसपा सरकार के दौरान 2011 में भी समर्थन मूल्य से अधिक में मिलों ने किसानों से गन्ना खरीदा था। इस प्राइसवार में कोल्हू और चीनी मिलें दोनों शामिल रहे थे।

बीसलपुर रोड पर संचालित हो रहा कोल्हू।

कई साल बाद देखने को मिल रहा है कि चीनी मिलों की तरफ किसानों का रुझान कम है। इस बार कोल्हुओं पर रिकार्ड 12 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा जा चुका है। यही स्थिति बरेली मंडल के अन्य जनपदों की भी है। गन्ना किसानों को एमएसपी से 50 रुपये क्विंटल तक अधिक मिल रहा है।
मनीष शुक्ला, सहायक चीनी आयुक्त

एमएसपी नाकाफी, मिलों को अधिक दाम देने चाहिए

किसान नेता अरुण कुमार राठी का कहना है कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के नाम पर किसानों से मजाक किया है। 2011 के बाद पहली बार गन्ने को लेकर प्रदेश के कई जिलों में प्राइसवार की स्थिति देखने को मिल रही है। चीनी मिलों से अधिक दाम में कोल्हू गन्ना खरीद रहे हैं। भुगतान भी तुरंत मिल रहा है। नोकेन से बचने के लिए कई चीनी मिलें दलालों के माध्यम से अधिक दाम में गन्ना खरीद रही हैं। इन्हें सीधे किसानों को अधिक दाम देने की घोषणा करनी चाहिए।

गुड़ के मिल रहे अच्छे दाम

बीसलपुर रोड पर नवदिया झादा के पास कोल्हू संचालक राजेंद्र ने बताया कि इस बार बाजार में गुड़ के अच्छे दाम होने से जिले के कोल्हू संचालक मुनाफे में हैं। हमारे यहां इस बार 400 से लेकर 420 रुपये क्विंटल तक गन्ना खरीदा जा रहा है। बीते साल की अपेक्षा गुड़ के दामों में 20 फीसदी तक वृद्धि है। मंडी में अच्छा गुड़ 3800 रुपये क्विंटल बिक रहा है। इसलिए कोल्हू संचालकों को गन्ना 400 रुपये क्विंटल खरीदने में भी लाभ है।

एक नजर

ज्ञानवापी मस्जिद थी और मस्जिद ही रहेगी: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : बुधवार को वाराणसी की जिला कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के पास मौजूद व्यास के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति दे दी है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कोर्ट के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद कल भी मस्जिद थी, आज भी मस्जिद है और भविष्य में भी मस्जिद ही रहेगी। कोर्ट के फैसले को मुसलमान मानते हैं फिर भी हम इस फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय में अपील करेंगे। दलीलों के साथ आखिरी दम तक कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

अलीगंज, अमृत विचार : अलीगंज के सिरौली रोड पर जगमाल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कालेज के पास बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। महोलिया निवासी रिंकेश और सोनू बाइक से जा रहे थे, दूसरी बाइक से खैलम गांव के दो लोग थे।

चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

भुता, अमृत विचार : पुलिस ने छापेमारी मारकर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने दबिश देकर ग्राम गुलरिया निवासी धर्मपाल, पप्पू ,राकेश और कस्बा भुता निवासी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया।

पिकअप को बचाने के चक्कर में हाईवे पर पलटी बस, दस लोग गंभीर घायल

हादसे के बाद सवारियों में मची चीख पुकार, पिकअप जाम में फंसे ट्राला से टकराई

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : लखीमपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस नवाबगंज के विशनपुर में बरेली से आ रहे चूना भरे पिकअप को टक्कर मारती हुए हाईवे के किनारे खाई में पलट गई, साथ ही पिकअप भी सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद बस में बैठी सवारियों में चीख शुरू हो गई तो बस चालक मौका पाकर भाग गया।

बस की टक्कर से पलटी पिकअप को सीधा करते लोग। ● अमृत विचार

ट्राला में घुसकर क्षतिग्रस्त हुई पिकअप।

इस दौरान हाईवे पर लगे जाम में फंसे 16 टायरा ट्राला में सितारगंज से चोकर लेकर आ रही पिकअप पीछे से जा घुसी। चालक पिकअप में फंस गया, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद निकालकर सीएचसी भेजा गया, जहां से हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। वहीं बस में सवार 10 से अधिक लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने हाईवे पर पलटे चूने भरे पिकअप को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। लखीमपुर से दिल्ली सवारियां लेकर जा रही राहुल ट्रेवल्स की बस बरेली की ओर से चूना लेकर पीलीभीत की ओर जा रहे पिकअप से टकराकर हाईवे किनारे 10 फिट गहरी खाई में जाकर पलट गई। बस की टक्कर से पिकअप भी हाईवे पर पलट गई। बस में बैठी सवारियों में चीख -पुकार मच गई तो हादसे की आवाज सुनकर पहुंचे गांव के लोगों ने सवारियों को निकालने के साथ ही नवाबगंज पुलिस को इसकी सूचना दी।

● पिकअप चालक को जिला अस्पताल रेफर किया

सूचना मिलने के साथ ही एसएचओ श्रवण कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए भिजवाने के साथ ही हाईवे पर लगा जाम खुलवाने का प्रयास किया । इसी दौरान जाम में फंसे ट्राला ट्रक मे सितारगंज से दाना लेकर आ रही पिकअप पीछे से जा घुसी। इस हादसे में पिकअप चालक मो. नदीम गाड़ी में फंस गया जिसे कड़ी मशक्कत के बाद पिकअप से निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत गंभीर होने के चलते बरेली रेफर कर दिया गया।

कोहरे में पशुओं से भरा ट्रक पलटा

भमोरा, अमृत विचार : कोहरे की वजह से पशुओं से भरा ट्रक पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। बरेली बदायूं मार्ग पर बुधवार सुबह घने कोहरे के चलते कोहनी प्रतापपुर शिव मंदिर के समीप पशुओं से भरा ट्रक पलट गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची भमोरा पुलिस ने पलटे हुए ट्रक से 23 पशुओं की निकलवाए जिसके बाद सभी पशुओं को चारा पानी के लिए ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गए आरोपी हासिम, मो. नाजिम, अमिल, हासिम ने बताया सभी अच्छी नस्ल के पालतू पशु हैं इन्हें लेकर बरेली जा रहे थे थाना पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया, आरोपियों को देर शाम छोड़ दिया गया।

बिजली विभाग : लापरवाही पर दो अधिशासी अभियंता सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शाहजहांपुर के अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई
- बकाया वसूली का लक्ष्य नहीं कर पा रहे थे पूरा

अमृत विचार: लक्ष्य के अनुसार वसूली न कर सकने और काम में लापरवाही बरतने पर शाहजहांपुर के दो अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इससे जोन के अन्य अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बकाया बिल वसूली में तेजी लाने को लेकर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल लगातार निर्देश दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को पिछले साल की तुलना में 25 तो ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को 50 प्रतिशत अधिक वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई जा रही है। लक्ष्य के अनुसार वसूली न होने और अन्य कामों में लापरवाही करने पर शाहजहांपुर में तैनात अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार और कर्म सिंह को एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने निलंबित कर दिया है। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि काम में लापरवाही करने पर दोनों अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई की गई है। अन्य अधिकारी भी लापरवाही करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रामबाबू हत्याकांड : दो अन्य हत्यारोपियों की भूमिका की जांच कर रही पुलिस

बरेली, अमृत विचार : पुलिस रामबाबू हत्याकांड का खुलासा कर दो मुख्य आरोपियों को जेल भेज चुकी है। मुकदमे में नामजद दो अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच पुलिस कर रही है। पुलिस को शक है कि दोनों आरोपियों ने हत्याकांड में साजिशकर्ता के रूप में भूमिका निभाई है। 25 जनवरी को फतेहगंज पश्चिमी के गांव चिटौली गांव के रामबाबू की हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि रामबाबू की हत्या उसके रिश्तेदार महेन्द्रपाल ने दोस्त सत्यपाल के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने मंगलवार को दोनों को धनेटा फाटक से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब पुलिस मुकदमे में नामजद आरोपी देवेन्द्र सक्सेना उर्फ डिम्पल और प्रदीप की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।

पुलिस ने तस्कर पकड़ा एक किलो गांजा बरामद

भोजीपुरा, अमृत विचार : भोजपुरा पुलिस ने मंगलवार रात को एक तस्कर को पकड़ा, उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ। रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नैनीताल हाईवे पर एक व्यक्ति प्लास्टिक का थैला लेकर भैरपुरा बाजार की तरफ आ रहा था, वह तभी पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम नवल किशोर कश्यप निवासी मेमौर बताया।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम, सम्मानित हुए

पथरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में उपस्थित बच्चे और शिक्षक।

बरेली, अमृत विचार : पथरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी ।इस मौके पर मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रधान परशुराम और अरविंद पाठक को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया ।प्रधानाध्यापिका सारिका सक्सेना, जसवीर, रूपम, खुशी, एसआरजी डॉ. अनिल चौबे, खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कमल भारती, सचिन शर्मा, किरण राणा, अल्पा गुप्ता, परशुराम आदि उपस्थित रहे।

बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया

बरेली, अमृत विचार : घुसा स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव के साथ अभिभावक – शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मनमोह लिया।

प्रधानाध्यापक भानु प्रताप सिंह, प्रबंध समिति अध्यक्ष अजीजुद्दीन ने सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्रों के अभिभावकों को प्रोत्साहन धनराशि एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इमाम बख्श, नन्हें, गुलबहार ,नूर अहमद ,अशरफ खान ,शौकीन ,समसुलिन निशा, मो. मुस्तफा, तारीफ खान, मो. जुनेद, सुहानी ,विमला देवी ,इस्लाम मोहम्मद, शमीम बानो मौजूद रहीं।

आईवीआरआई में अल्ट्रासोनोग्राफी पर व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत

प्रशिक्षण में मौजूद प्रतिभागी और अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- पशुओं में बांझन की समस्याओं के संबंध में दी जानकारी

अमृत विचार: आईवीआरआई के पशु प्रजनन विभाग में बुधवार को प्रजनन अल्ट्रासोनोग्राफी, बांझपन प्रबंधन और सहायक प्रजनन तकनीकों पर व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इसमें पशु प्रजनन, शरीर विज्ञान और जलवायु विज्ञान विभाग से कुल 12 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

इस मौके पर मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक डॉ. एसके सिंह ने कहा कि पशुओं में बांझपन की समस्याओं के निदान के साथ-साथ सहायक प्रजनन तकनीकों में अल्ट्रासोनोग्राफी बहुत महत्वपूर्ण है। पशु प्रजनन विभाग के प्रमुख डॉ.एम एच खान ने यूएसजी के उपयोग पर प्रकाश डाला। डॉ. हरेंद्र कुमार ने कहा कि छात्रों को प्रशिक्षण के व्यवहारिक पहलुओं के प्रति सतर्क रहना चाहिए। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. विक्रांत चौहान और डॉ. विकास चंद्रा ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. मानस कुमार पात्रा ने आभार जताया।

ट्रेन की चपेट में आने से छह गोवंशीय पशुओं की मौत

बिशारतगंज, अमृत विचार : बरेली–चंदौसी रेल मार्ग पर अखा रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार सुबह बरेली– अलीगढ़ पैसेंजर के सामने आधा दर्जन गोवंशीय पशु आ गए। ट्रेन की टक्कर लगने से सभी गोवंशीय पशु रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ उछलकर गिर पड़े। टक्कर की आवाज सुनकर अखा गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो पाया कि छह पशुओं की मौत हो चुकी थी। बुधवार पूरे दिन पशुओं के अवशेष रेलवे ट्रैक के आसपास पड़े रहे किंतु देर रात तक जिम्मेदारों ने इसकी सुध नहीं ली। इस संबंध में पीडब्ल्यूआई आंवला से बात करने की कोशिश की, मगर संपर्क नहीं हो सका।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

हजरत अमीन मियां के उर्स का आज होगा आगाज

बरेली, अमृत विचार : मलूकपुर लाल मस्जिद स्थित हजरत सैयद अमीन मियां भल्ले शाह मियां के 100 वें सालाना उर्स का आगाज गुरुवार को होगा। बुधवार को उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह परिसर में बैठक हुई। इसमें बताया गया कि फज्र की नमाज के बाद कुरान की तिलावत से उर्स शुरू होगा। ईशा की नमाज के बाद मिलाद का नजराना पेश किया जाएगा। शुक्रवार को ईशा की नमाज के बाद महफिल ए समां होगी। शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे सैयद अमीन मियां भल्ले शाह मियां के कुल की रस्म अदा की जाएगी। सज्जादानशीन अब्दुल कय्यूम मियां, पम्मी खान वारसी, जिया उर रहमान, फाहद जीशान, सीटू, फैजान रजा, शमीम खान, चंदा, जफर अनवर, मुन्ना, आशी, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

सीओ ट्रैफिक समेत 10 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

बरेली, अमृत विचार : सीओ ट्रैफिक अजयपाल सहित 10 पुलिसकर्मी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने उनको स्मृति चिह्न और उपहार भेंटकर विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वालों में एसआई प्रमोद कुमार, नरेंद्र पाल अग्निहोत्री, देवेंद्र कुमार, राजपाल सिंह, शांति प्रसाद, ऊर्दू अनुवादक अतीक अहमद, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, चालक मान सिंह शामिल हैं। इस मौके पर एसपी देहात मुकेश मिश्रा, एसपी ट्रैफिक शिवराज, सीओ मुकेश प्रताप सिंह ने भी विदाई दी।

चौपुला ओवरब्रिज पर खुदकुशी करने पहुंची युवती को बचाया

बरेली, अमृत विचार : चौपुला ओवरब्रिज पर खुदकुशी करने पहुंची युवती को सांसद धर्मेन्द्र कश्यप के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप ने लोगों की मदद से बचा लिया। युवती को सुभाषनगर पुलिस को सौंप दिया। राहुल कश्यप ने बताया कि बुधवार शाम करीब 8 बजे वह चौपुला ओवरब्रिज से गुजर रहे थे। इसी दौरान पुल से कूदने की नीयत से एक युवती रेलिंग पर चढ़ने का प्रयास कर रही थी। उन्होंने युवती को लोगों की मदद से रेलिंग पर चढ़ने से रोक लिया। युवती ने बताया कि वह वह बारादरी के जगतपुर मोहल्ले में रहती है। कुछ समस्याओं के चलते कई दिनों से परेशान है। आत्महत्या करना चाहती है। बाद में उसे सुभाषनगर पुलिस के हवाले कर दिया।

ट्रेन से घर लौट रहा युवक संदिग्ध अवस्था में लापता

आंवला, अमृत विचार : मध्यप्रदेश से ट्रेन से घर लौट रहा एक युवक संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। युवक के भाई ने पुलिस को शिकायत दी है। मऊचंदपुर गांव निवासी जाविर ने बताया कि उसका भाई आलिम मध्यप्रदेश में मजदूरी करता है। वह बीती 27 जनवरी को ट्रेन से गांव आ रहा था। उससे इलाहाबाद तक फोन पर बात हुई थी। उसके बाद बात नहीं हुई। मोबाइल भी बंद है, वह अभी तक घर नहीं पहुंचा। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर भाई की तलाश कराने की मांग की है।

कांग्रेस पंचायती राज संगठन ने मनाया अहिंसा उत्सव

अहिंसा उत्सव में बोलते वक्ता और मौजूद संगठन के पदाधिकारी।

बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस पंचायती राज संगठन की ओर से बुधवार को फरीदपुर में अहिंसा उत्सव मनाया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि अहिंसा के रास्ते पर कांग्रेस पंचायतीराज संगठन का यह सामूहिक सफर जनवरी 2018 से शुरू हुआ था। छह साल में हजारों साथी अहिंसा के रास्ते पर जुड़े हैं। जिला प्रभारी अजीत यादव, पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष निशाकत अल्वी ने भी विचार रखे।

जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव आसिफ अली, मैदान शाह, रकीब अली, अरशद खान आदि मौजूद रहे।

समूह को 27 माह से नहीं मिला राशन उठान का किराया

मीरगंज, अमृत विचार : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बने आयुषी स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत पहुंचा खुर्द की अध्यक्ष विमलेश कुमारी ने खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला अधिकारी,मंडल आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 27 माह से उन्हें ड्राई राशन के किराए का भत्ता नहीं मिला है। विमलेश कुमारी ने बताया कि 27 माह से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को वितरण किए जाने वाले ड्राई राशन के उठान करके खुद ही किराया भाड़ा देकर गांव के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं बांट रही हैं ।किराया भत्ता दिए जाने की मांग को लेकर वह काफी लंबे समय से विकासखंड अधिकारियों और एनआरएलएम कार्यालय के चक्कर लगा रही है लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। आरोप लगाया की एनएफएलएच एनआरएलएम के माध्यम से उसके ड्राई फूड राशन का किराया भत्ता मिली भगत के चलते किसी दूसरे समूह के खाते में दिया जा रहा है।

हादसे में दंपती घायल, चालक पर रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : गांव बकैनिया वीरपुर निवासी महेंद्र पाल ने बताया कि बीते दिनों पिता कालीचरण मां के साथ बाइक से धनेटा जा रहे थे। गांव फिरोजपुर में पुल के पास पिकअप चालक ने उनके माता–पिता को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे पुत्र साहिल खान के पासपोर्ट सं. W0535695 में भूलवश गलत नाम साहिल (SAHIL) दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम साहिल खान (SAHIL KHAN) है। जो उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में दर्ज है। साहिल व साहिल खान एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे पुत्र के पासपोर्ट में साहिल खान सही नाम दर्ज किया जाये। **ताहिर खान पुत्र नईम खान, निवासी पुरवा बब्बन खां, सुभाष नगर, तह. व जिला बरेली**

आवश्यकता है
एक्सपोर्ट लाइन स्कूल ड्रेस के कारीगर की।
पता
मढ़ीनाथ रोड सनईया-सिठौरा बरेली
7817003402
7817003404

सूचना
मैंने अपना नाम जुबैर (Juvair) से बदलकर Juvair Khan पुत्र Alim Khan उर्फ Nanhe निवासी ग्रान्ट नं. 21 उर्फ ढाका कैण्ट, शेरपुर कलां, थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत कर लिया है। भविष्य में मैं इसी नये नाम का प्रयोग करूंगा।

सूचना
मेरे 5 पुत्र हैं मैंने अपने चौथे पुत्र इरफान बेग को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **शमशादी बेगम पत्नी स्व. श्री अच्छन वेग, निवासी- ग्राम हरदासपुर, थाना सिरौली, तहसील आंवला, जिला बरेली**

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म. सं. 11 स्थित खसरा नं. 245/292 और 247, 248 सन सिटी विस्तार (प्रतापपुर जीवन सहाय) त. व जिला बरेली से सम्बद्ध पूर्व विक्रय विलेख जिसका बैनामा मो. चांद पुत्र श्री मो. दीन और नूर हसन पुत्र श्री हाजी जगरूप खान ने श्रीमती मीतू सक्सेना पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना के हक में किया गया जिसकी रजिस्ट्री दि. 25.11.2011 को उप निबन्धक बरेली उ.प्र. के कार्यालय में वही संख्या 1 खण्ड संख्या 4950 के पृष्ठ सं. 73 से 118 पर क्रमांक 12887 पर हुई है जिसका अन्तिम पृष्ठ जिसमें उपरोक्त विवरण हैं वो कहीं खो गया है मिल नहीं रहा है। इस बैनामे का उपयोग यदि कोई करता है तो वह अवैधानिक होगा। वरूण गुप्ता पुत्र श्री विक्रम गुप्ता निवासी म.सं. 11 सन सिटी विस्तार (प्रतापपुर जीवन सहाय) त. व जिला बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

सींचपाल को झूठे केस में फंसाने की दी धमकी

नवाबगंज, अमृत विचार : शारदा सागर खण्ड पीलीभीत में तैनात सींचपाल क्षितित सक्सेना का आरोप है कि दो दिन पूर्व वह इस क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर के पास गश्त पर था। इस दौरान उसने देखा कि ग्राम मोहम्मदपुर का शिव दयाल अप्सरा नदी से बुग्गी से रेत का खनन कर रहा था, टोकने पर वह उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। और कोई कार्रवाई करने पर पत्नी के माध्यम से झूठे मामले में फंसाने की चेतावनी देते हुए रेत से भरी बुग्गी लेकर चला गया। सींचपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कैंट के फूलबाग में हो रही अश्लीलता, शिकायत की

कैंट, अमृत विचार : कैंट स्थित फूलबाग (गांधी उद्यान) में स्कूल, कॉलेजों के लड़के- लड़कियां दिनभर बैठकर अश्लील हरकतें करते हैं। फूलबाग में जिलेभर से लोग पिकनिक, जन्मदिन पार्टी आदि मनाने आने वाले परिवारों को असहजता होती हैं। नाबालिग जोड़े भी पार्क में बैठकर अश्लीलता फैलाते हैं। मंगलवार को एक हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारी हिमांशु पटेल ने इसका विरोध जताते हुए एक्स पर पोस्ट करके कार्रवाई की मांग की।

पांच माह की बेटी और जेवर लेकर महिला गायब

नवाबगंज, अमृत विचार : एक युवक ने थाने में तहरीरद के बताया कि उसकी पत्नी पांच माह की बेटी और घर में रखे जेवर लेकर कही चली गई। नवाबगंज के इंद्रा नगर निवासी युवक का आरोप है कि 31 जनवरी की दोपहर में उसकी पत्नी पांच वर्षीय बेटी और घर में रखे गहने लेकर कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं लग सका है। आरोप लगाया कि रिछोला किफायतुल्ला निवासी विवाहिता के चाचा ने ही उसका विवाह कराया था जो एक बार पहले भी उसे दिल्ली किसी के पास छोड़ आया था और अब दोबारा उसकी पत्नी को गायब कराया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

क्योलड़िया, अमृत विचार : क्योलड़िया पुलिस ने दुष्कर्म और अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, उप निरीक्षक केवल सिंह टीम के साथ गस्त पर थे, उन्हें मुखबिर से दुष्कर्म के आरोपी की सूचना मिली, जिसे उनकी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रामकिशोर निवासी ग्राम बिथरी थाना नवाबगंज बताया पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

सेमीखड़ा चीनी मिल में नहीं रुकेगी पेराई, होगी अपग्रेड

प्रबंध निदेशक ने सेमीखेड़ा चीनी मिल का किया निरीक्षण, अफसरों से की चर्चा

संवाददाता, देवरनियां

मिल में अधिकारियों से चर्चा करते प्रबंध निदेशक रमाकांत पांडे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : 44 साल पहले लगी सेमीखेड़ा चीनी मिल की मशीनरी खराब हो चुकी है। इस वजह से यहां आये-दिन पेराई ठप हो जाती है। जिससे गन्ना किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों की इस समस्या को दूर करने के लिए मिल को अपग्रेड करने की तैयारी चल रही है।

किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा का प्रबंधक निदेशक ने तकनीकी प्रधान प्रबंधक के साथ बुधवार को निरीक्षण किया। इसके साथ ही अफसरों को सही तरीके से मिल चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान मिल के कर्मचारियों और किसानों ने ज्ञापन भी सौंपे। बुधवार को उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ के प्रबंधक निदेशक रमाकांत पांडे और प्रधान प्रबंधक तकनीकी विनोद अग्रवाल सेमीखेड़ा चीनी मिल पहुंचे। पटला पूजन के बाद

● किसानों ने मिल की पेराई क्षमता बढ़ाने समेत आठ सूत्रीय मांग पत्र प्रबंध निदेशक को सौंपा

से मिल कभी भी नियमित नहीं चल पाई, इस वजह से सरकार ने पूर्व जीएम ज्योति मौर्य को हटाकर नए शादाब असलम को ले आई, लेकिन वह भी खराब हो चुकी मशीनरी की वजह से नियमित नहीं चला पा रहे हैं। यहां तक कि मिल को दूसरी सफाई से दो दिन पूर्व ही बंद करना पड़ा। इसके बाद भी समय से मिल नहीं चल पाई, इस वजह से किसानों को परेशानी हो रही हैं। ज्ञापन सौंपने क दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष छेदालाल गंगवार, मनोज कुमार, दिल्ली धर, सोमपाल, विजय पाल, मानसिह, रुपेन्द्र जिस पर उन्होंने गौर कर पूरा करने का भर दिया।

इस दौरान मिल के जीएम शादाब असलम खान, सीसीओ अमित कुमार चतुर्वेदी, चीफ इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

शकील अहमद अध्यक्ष और सूरजपाल महासचिव चुने गए

बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी प्रतिभागी जश्न मनाते हुए। ● अमृत विचार

बहेड़ी, अमृत विचार : स्थानीय बार एसोसिएशन चुनाव में चार पदों के लिए हुए मतदान का परिणाम बुधवार शाम घोषित किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर कड़े मुकाबले के बाद शकील अहमद ने जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी ठाकुर रन सिंह को 95 मत मिले।

महासचिव पद पर सूरजपाल ने बाजी मारी। उन्होंने 114 मत पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी को 30 मतों से शिकस्त दी। कोषाध्यक्ष पद का परिणाम करीब इकतरफा सा रहा। विजयी रीत राम मौर्य ने 127 वोट लेकर अपने प्रतिद्वंद्वी मोहन स्वरूप को 61 मतों से हराया। संयुक्त सचिव पद पर दीपक गुप्ता, रणधीर सिंह, महेश कुमार, जयदेव ने जीत का परचम लहराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश

▸▸ कोषाध्यक्ष पद पर रीतराम मौर्य ने 61 वोटों से जीत दर्ज की

सक्सेना, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार, आडीटर खड़ग सिंह, वरिष्ठ सदस्य हेतु रमेश चंद्र राठौर व कनिष्ठ सदस्य के लिए नरेश कुमार, तेजपाल सिंह, अरविंद कश्यप, राजेन्द्र कुमार व मोहम्मद अरशद निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। बीती 19 जनवरी को उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी किए जाने के बाद बुधवार को सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। तत्पश्चात् मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिया गया। विजयी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ जमकर जश्न मनाया। चुनाव अधिकारी अरविंद सिंह मलिक ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।

गाय को बचाने के चक्कर में कार ने बाइक को मारी टक्कर

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : गाय को बचाने के चक्कर में बुधवार सुबह पट्टी गांव के पास कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गया।

बाइक सवार अरविंद कुमार निवासी अमेठी और सुरेंद्र कुमार शुक्ला निवासी बाराबंकी दिल्ली से लखनऊ जा रहे थे। सतुइया पट्टी गांव के पास हाईवे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने गाय को बचाने के चक्कर में बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे सुरेंद्र को तो मामूली चोटें आईं, लेकिन पीछे बैठा अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक मौका पाकर कार को भगा ले गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल अरविंद की हालत नाजुक बताई जा रही है।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

आंवला, अमृत विचार : रामनगर रोड पर एक बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। फुंदननगर गांव निवासी रामचंद्र बुधवार शाम आंवला से मजदूरी करके साइकिल से घर लौट रहा था। नूरपुर मढी के समीप पीछे से आई एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह और बाइक सवार दोनों घायल हो गए। बाइक सवार कुंवरगांव बदायूं के गांव हरनाथपुर निवासी अमित ने बताया कि वह सिरौली के गांव जंगबाजपुर में तहेरी बहन के देवर की शादी में दावत खाने जा रहा था। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया, हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया।

ई- रिक्शा बाइक से टकराई, युवक घायल

आंवला, अमृत विचार : ई -रिक्शा ने बाइक चालक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। बुधवार की देर शाम फुंदननगर निवासी देशराज बाइक से आंवला जा रहा था। रामनगर रोड पर ढाबा के समीप एक ई रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं हादसे में ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

खुलने लगा ग्राम पंचायत घर पहले दिन आया एक आवेदन

खबर का असर

संवाददाता, बिशारतगंज

पहले दिन पंचायत घर में लोगों की समस्याएं सुनते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मझगवां की ग्राम पंचायत शाहबाजपुर के पंचायत घर के बंद रहने की खबर को अमृत विचार ने बुधवार के अंक में 'पंचायत घर में आते है सिर्फ फोटो खींचने' के शीर्षक से प्रकाशित किया था। परिणाम स्वरूप उसी दिन पंचायत घर में प्रधान, सचिव और सहायक पंचायत अधिकारी के बैठने के लिए व्यवस्थाएं करने के साथ ही पंचायत घर को खोल दिया गया। पहले दिन एक आवेदन आया।

ब्लॉक मझगवां की ग्राम पंचायत शाहबाजपुर एवं उसके अंतर्गत आने वाले मझरा हरे की गोटिया के ग्रामीणों की समस्या को अमृत विचार ने प्रमुख से उठाया। परिणाम स्वरूप बुधवार को ही पंचायत सचिवालय खुला सफाई कराके उसमें नई कुर्सी और मेज रखी गई। ग्राम प्रधान के अलावा अन्य कर्मी बैठे नजर आए। ग्राम प्रधान शंकरलाल ने बताया कि वह अब नियमित पंचायत सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और पंचायत सहायक ने दो दिन का अवकाश ले लिया है जिसके बाद वह भी नियमित पंचायत सचिवालय में बैठकर कार्य करेगा। पंचायत घर में ग्रामीण इकबाल ने अपनी पुत्री अरीबा के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के आवेदन दिया। इकबाल ने बताया कि उनको गांव वालों ने बताया कि आज अखबार में खबर छपी है अब

पंचायत घर में आते हैं सिर्फ फोटो खींचने

पंचायत घर खुला करेगा। इसके बाद वह पंचायत घर पहुंचे तो देखा कि वहां प्रधान व अन्य कर्मी बैठे हैं तो उसने अपनी बेटी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को आवेदन दिया। प्रधान शंकरलाल ने आवेदन लेकर उसको 2-3 दिन में बनवाने का आश्वासन दिया।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग | शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें।
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्ब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
फोन नं. 0581-2526011, 2525012 हैल्पलाइन नं. 9520876126
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

उर्से -ताजुल औलिया में मांगी खुशहाली की दुआ

उर्स के दौरान दुआ करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

क्योलड़िया, अमृत विचार : दरगाह हजरत ख्वाजा सूफी हाफिज मोहम्मद इशहाक हसन शाह अहमदी हसनी जहांगीरी कमेला के पास 14वां सालाना उर्स मनाया गया।

तीन रोजा उर्स के आज अंतिम दिन बाद नमाजे फजर दरगाह पर कुरान खानी हुई इसके बाद चादरों का जुलूस निकला, जायरीनों ने गुलपोशी और चादर पोशी की और अपने लिए दुआ मांगी। ठीक 10:00 बजे कुल शरीफ शुरू हुआ, जिसमें नातो मनकबत और उलेमाओं ने बुजुर्गों की शान में तकरीरें की इसके बाद कुल शरीफ की दुआ हुई। जिसमें मुल्क की खुशहाली और अमनों सुकून की दुआ मांगी गई। उर्स की जेरे सरपरस्ती दरगाह के सज्जादानसीन हजरत ख्वाजा सूफी मुजाहिदरहसन शाह इसहाकी की जेरे कयादत में मनाया गया उर्स में सूफी मुन्ने मियां, सूफी समसुल मियां, सूफी नवावमिया, सूफी जफर, मियां सूफिया, अय्यूब सूफी रहिब मियां सूफी समेत अन्य ने शिरकत की।

भाकियू की मासिक बैठक में छुट्टा पशुओं का मुद्दा छाया

भुता, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन नव नियुक्त जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में छुट्टा पशुओं को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने एसडीएम फरीदपुर को ज्ञापन भेज कर छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की बुधवार को कस्बे में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें किसानों की प्रमुख समस्या छुट्टा पशुओं पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह ने कहा कि वे किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने किसानों की गेहूं, धान की फसलों का उचित मूल्य न मिलने और समय से गन्ना भुगतान को लेकर भी चिंता व्यक्त की। किसानों की समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष ने एक ज्ञापन एसडीएम को भेजा। बैठक में तहसील अध्यक्ष सुनील यादव ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम वर्मा सतपाल गंगवार सरदार सरवन सिंह चौधरी देवेंद्र सिंह चौधरी सत्येंद्र सिंह तोमर रामपाल गंगवार चौधरी नेत्रपाल सिंह सरदार सुख सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

मेंटिनेंस की वजह से आज बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

बहेड़ी, अमृत विचार : पुराने पावर हाउस स्थित 33 /11 केवी ग्रामीण अंचल से संबद्ध विद्युत उपकेंद्र के सभी 11 केवी के वीसीबी पैनलों को बदलने का काम गुरुवार से शुरू हो रहा है, इसलिए 11 केवी के सभी फीडरों की बिजली सप्लाई सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक पूरी तरह बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए एसडीओ ग्रामीण प्रेम चंद यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने को सूचना जारी की जा रही है।

दहेज के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला

कैंट, अमृत विचार : एक महिला ने बुधवार को एसएसपी के आदेश पर ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के सदर बाजार निवासी हुमा खान ने बताया कि उसकी शादी 9 मार्च 2019 को थाना किला निवासी शफात अली खान से हुई थी। शादी में मायके वालों ने करीब 20 लाख के दहेज दिए थे, साथ ही शादी में 10 लाख खर्च किए थे। शादी के बाद से पति शफात अली खान, ससुर शौकत अली खान, ननद अरशी उर्फ सना, देवर फैजान अली खान शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। और दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान वह दो बार गर्भवती हुई। दोनों बार आरोपियों ने धोखे से गर्भपात करा दिया। आरोप है कि महिला को उसके ससुर, ननद, देवर और पति ने 12 फरवरी 2023 को पीटा। 13 फरवरी को सुबह 3 बजे घर से निकाल दिया। तब से महिला अपने मायके में ही रह रही है। रिश्तेदारों व परिचितों ने कई बार सुलह करने की कोशिश की। लेकिन ससुराल वाले महिला को रखने को तैयार नहीं हैं। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन कार्रवाई न होने पर एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

शेरगढ़ के छह विद्यालयों के बच्चों को बांटे गए बैग

शेरगढ़, अमृत विचार : भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से सामाजिक उत्तर दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ब्लाक के छह प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 1 से 3 तक के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग दिए गए। भाजपा के सेक्टर संयोजक सत्यपाल यदुवंशी एवं यूनिसेफ के समन्वयक नितिन शर्मा ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर में 26, नगरिया सोबरनी में 27, डेलपुर में 29, केसरपुर में 20, महिमा नगला में 58 तथा सुकटिया में अध्ययनरत 65 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के चयनित प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 1 से 3 तक के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए जा रहे हैं। बैग पाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शिव स्वरूप शर्मा, देवेश गंगवार, ममता रावत, नितिन शर्मा, रीना रानी, घनश्याम दास, सुनील कुमार, शाइस्ता अंजुम समेत शिक्षक मौजूद रहे।

मेले में 302 पशुओं का किया गया इलाज

क्योलड़िया, अमृत विचार : विकास खंड भदपुरा के गांव मटकापुर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु मेले का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर शुरू कराया। मेले में 302 पशुओं को पंजीकृत किए सभी पशुओं के लिए निशुल्क दवाइयां भी दी गई। पशुओं को गुड़ खिलाकर बतौर मुख्य अतिथि शंकर गंगवार ने वहां मौजूद लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. नीरज यादव, राजीव कुमार, प्रेम शंकर, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप, हरपाल फौजी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त एएनएम को स्टाफ ने दी विदाई

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को माहौल गमगीन नजर आया, दरअसल, यहां तैनात रहीं एएनएम यानि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सेवानिवृत्त होने पर डॉक्टर्स, स्टाफ नर्स और एएनएम ने विदाई दी। बेबी शर्मा एएनएम के पद पर बिथरी चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत थीं, जो बुधवार को सेवानिवृत्त हुईं। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने उन्हें विदाई देकर शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे कार्यकाल में सभी अधिकारी और कर्मचारियों का सहयोग मिला है। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. विवेक, डॉ. उत्तरा शर्मा, डॉ. मनमोहन, शिवम सिंह, सर्वेश, आशुतोष चौराशिया, सूर्यप्रकाश गंगवार, दीपक पटेल, अंजना, राजपाल, हिना, डॉली, सीमा आदि मौजूद रहे।

जितेंद्र गंगवार युवा बजरंग दल के जिला प्रभारी बने

शीशगढ़, अमृत विचार : प्रदेश संयोजक युवा बजरंग दल उत्तर प्रदेश हेमंत ने बुधवार को पूर्व विधानसभा संयोजक जितेंद्र गंगवार उर्फ आजाद को पदोन्नति कर जिला प्रभारी युवा बजरंग दल नियुक्त किया। इस मौके पर सदस्यता लेने वालों में सूर्य प्रकाश गंगवार, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, प्रशांत गंगवार, कुलदीप सिंह, मुकेश गंगवार, मनीष कुमार, दीपक कुमार, शिवम गंगवार, सहित दर्जन भर युवाओं मौजूद रहे। इस अवसर पर अमित सक्सेना, अमन सक्सैना, मुकेश यदुवंशी, अंकेश गंगवार, अनूप सक्सेना, आदि उपस्थित रहे सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान

शेरगढ़, अमृत विचार : शेरगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पीटीएम (पैरेंट्स टीचर मीटिंग) बैठक हुई, जिसमें बच्चों की विद्यालयों में उपस्थिति, डीबीटी, डीबीटी से वंचित बच्चों के आधार बनवाने और शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन और उनका विद्यालयों में ठहराव समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सरल कुमार त्रिवेदी, कांता प्रसाद गंगवार, शिव स्वरूप शर्मा, राजीव शर्मा, ममता रावत, वैशाली सिंह, नीरू वाष्णेय, राजीव सिंह, राम सिंह, मीनाक्षी तिक्खा, रविंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाचार्य को स्टाफ ने दी विदाई

कैंट, अमृत विचार : छावनी परिषद के आरएन टैगोर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र सती बुधवार को सेवानिवृत हो गए। उनके स्थान पर वरिष्ठ अध्यापक पवन कुमार त्यागी को अगला प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। केसी सती ने बताया कि उन्होंने आरएन टैगोर इंटर कॉलेज में करीब 38 साल सेवाएं दीं। इस दौरान 1 जनवरी 2020 से उन्हें प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इससे पहले वह विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात रहे। विदाई समारोह में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी रविंद्र, रक्षा संपदा अधिकारी शिल्पा ग्वाल, डॉ. वैभव जायसवाल, श्रीधर शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

प्राइवेट स्कूल शिक्षा समिति ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

मीरगंज, अमृत विचार : प्राइवेट स्कूल शिक्षा समिति उप्र की ओर से महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता को सौंपा गया। जिसमें समिति ने यू-डाइस पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा रहे छात्र-छात्राओं के डाटा को एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में ट्रांसफर करने के लिए सत्र 2023-24 से माइग्रेशन लागू किए जाने की मांग की। साथ ही डाटा फीडिंग का समय बढ़ाते हुए सभी कक्षाओं में ऐड ऑप्शन लागू किए जाने का भी अनुरोध किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ओमकार सिंह यदुवंशी ने बताया कि समिति शिक्षा में सुधार के लिए समय -समय पर अपने सुझावों से अवगत कराती रहेगी। समिति ने जिन विद्यालयों के यू-डायस नही हैं उन्हें शीघ्र यू-डायस कोड उपलब्ध कराने की मांग करती है। ज्ञापन देने वालों में ओमकार यदुवंशी, छत्रपाल गंगवार, सूरज पाल, नरेंद्र सिंह आदि स्कूल संचालक उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन मिला है जिसे उच्चाधिकारियों को अतिशीघ्र भेजा जाएगा।

चोर बेखौफ, 24 घंटे में एक ही गांव में की दोबारा चोरी

आंवला, अमृत विचार : क्षेत्र में चोर बेखौफ हैं, चोरों ने एक गांव में 24 घंटे के अंदर दूसरी जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया। आंवला-भमोरा रोड के गांव रामनगला में सोमवार की रात कुंज बिहारी लाल के घर से चोर दीवार काटकर दो भैंस चोरी करके ले गए। वहीं मंगलवार की रात को चोरों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय में दीवार काटकर चोरी कर ली। प्रधानाध्यापिका प्रीति गुप्ता ने बताया कि चोर मिड-डे मील के राशन में 50 किलो चावल, 20 किलो आटा, 16 किलो गेहूं चोरी करके ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि 24 घंटे में दो स्थानों पर चोरी हो गई है। पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है। गौरतलब समीपवर्ती गांव मोहम्मदपुर पथरा में एक माह में करीब 8 जगह चोरी हुई थी। परंतु पुलिस आजतक एक भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। क्षेत्राधिकारी आंवला नीलेश मिश्र ने बताया कि उक्त घटनाओं की उन्हें जानकारी नहीं है।

सिंचाई करने गए सपा नेता की हत्या

हत्यारोपियों ने मंगलवार देर रात ट्रैक्टर से रास्ता रोककर रमेश पर किया था हमला

संवाददाता पसगवां

अमृत विचार : खेत में पानी लगाने को लेकर आठ माह पहले हुए विवाद में चली आ रही रंजिश में उचौलिया क्षेत्र के ग्राम ढढ़ेल के मजरा मुस्तफाबाद निवासी रमेश यादव की हत्या कर दी गई। रमेश समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के पदाधिकारी थे। हमलावरों ने धारदार हथियारों से रमेश की हत्या कर उनके भतीजा शुभम को भी घायल कर दिया। हत्या मंगलवार की देर रात उस समय की गई, जब वह अजबापुर चीनी मिल से गन्ने की तौल कराकर लौट रहे थे। पुलिस अफसरों ने घटना का मौका मुआयना कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए छह टीमें गठित की हैं।

रमेश यादव (35) पुत्र सोहन सिंह अपने भतीजे शुभम सिंह पुत्र अखिलेश सिंह के साथ मंगलवार को अजबापुर चीनी मिल गन्ना लेकर गये थे। गन्ने की तौल कराकर वह देर रात करीब 2 बजे घर वापस लौट रहे थे। शारदा नहर मार्ग पर हत्यारोपियों ने ट्रैक्टर खड़ा कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया। रास्ता अवरूद्ध देखकर रमेश ट्रैक्टर सड़क पर छोड़ भाग गए लेकिन पास में ही लाही की फसल वाले वीरेंद्र सिंह के खेत के पास जैसे ही पहुंचे तभी वहां पहले से घेराबंदी कर बैठे हमलावरों ने लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। कड़ाके की ठंड भरी रात में हमला होने के कारण किसी ने शोर की आवाज तक नहीं सुनीं। हमले में रमेश की घटनास्थल पर मौत हो गई। भतीजा शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पसगवां सीएचसी से शाहजहांपुर रेफर किया है। भतीजे शुभम ने मामले में 10 आरोपियों में हरिन्द्र, सतेन्द्र, कमलेश, राजीव पुत्रगण मिलाप, राजपाल, नेत्रपाल, पुत्र कमलेश, आदेश पुत्र धनपाल, लाऊ पुत्र राजेन्द्र निवासीगण ढढ़ेल, बलवीर पुत्र तुलसीराम निवासी मुस्तफाबाद, रतीश पुत्र सुंदर निवासी हुसैनापुर के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीओ निघासन यादवेन्द्र, सीओ मितौली प्रवीण यादव ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। परिवार वालों को आश्वस्त किया है कि जल्द सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे। छह टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगा दी हैं। कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

सपा नेता की हत्या के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

▸▸ **रमेश के साथ उसके भतीजे को भी घायल किया, उसे शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है**

सार-संक्षेप

लालकुआं- हावड़ा ट्रेन के बहेड़ी में ठहराव की मांग

बहेड़ी, अमृत विचार : स्थानीय रेलवे स्टेशन पर साप्ताहिक ट्रेन लालकुआं-हावड़ा का ठहराव किए जाने की मांग पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार को पत्र भेजकर की गई है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष रितेंद्र सिंह ने केंद्रीय मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि लालकुआं से हावड़ा के बीच चलने वाली एक जोड़ी साप्ताहिक ट्रेन के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग ट्रेन के संचालन के समय से ही की जा रही है पर अभी तक इस मामले में कुछ भी नहीं हो सका है। जनता के हित में लोगों की यह मांग अगर पूरी कर दी जाती है तो काफी लोग इस ट्रेन का लाभ उठा सकते हैं। रितेंद्र ने रेलवे स्टेशन पर पांच मिनट का ठहराव किए जाने की मांग भी की है।

ज्ञान, जागरूकता, मानचित्रण मंच की परीक्षा संपन्न

भोजीपुरा, अमृत विचार : राजकीय हाई स्कूल अलीनगर भोजीपुरा में बुधवार को सरकार की ओर से आयोजित ज्ञान और जागरूकता मानचित्रण मंच (केएएमपी) की परीक्षा कराई गई। जिसमें कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा परीक्षा प्रभारी अमन अंसारी एवं सह प्रभारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग किया एवं अन्य सभी का सहयोग रहा। परीक्षा प्रधानाचार्य मनोज दिवाकर की देख रेख में शांतिपूर्वक हुई।

हिस्से से अधिक जमीन बेचने पर चार लोगों पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : हिस्से से अधिक जमीन की बिक्री करने पर सहखातेदार ने अदालत के आदेश पर क्रेता, विक्रेता समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बझेड़ा गांव निवासी दिलावर सिंह ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव की एक जमीन में सहखातेदार है। उसने आरोप लगाया कि उसके सहखातेदार ने जानबूझकर उसकी जमीन हड़पने की नीयत से गवाहों के साथ मिलकर अपने हिस्से से अधिक जमीन बेंच दी। पुलिस ने अदालत के आदेश पर विशेष पाल सिंह, राकेश निवासी बझेडा, टिकोली देवी, भूपराम निवासी ग्राम उमरसिया थाना कैंट बरेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बल्लिया विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई आज रहेगी प्रभावित

आंवला, अमृत विचार : अधिशासी अभियंता विद्युत आंवला प्रेमप्रकाश पाल ने बताया कि गुरुवार को भमोरा के बल्लिया विद्युत उपकेंद्र के स्वीच गियर एवं 33 केवी लाइन का अनुरक्षण संबंधी कार्य किया जाएगा। जिस कारण उपकेंद्र के समस्त पोषकों की सप्लाई गुरुवार प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी।

वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के सिंघाई कायस्थान स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव और पीटीएम का आयोजन हुआ। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। भाजपा नेता रामपाल, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष पातीराम, गरिमा सक्सेना, उषा शर्मा, मो. अहमद, कल्पना रावत, राजरानी सक्सेना मौजूद रहीं।

कुंडरा कोठी से उमरा पर रवाना हुआ परिवार

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के कुंडरा कोठी गांव से उस्मानी परिवार के अहमद सफी उस्मानी, मोहम्मद इशाक उर्फ भूरे उस्मानी, मो. तसलीम उस्मानी, मो. तहसीम उस्मानी व साबरी बेगम उमरा करने के लिए रवाना हुए। एक ही परिवार से उमरा करने जा रहे इन लोगों का ग्रामीणों ने स्वागत करके विदा किया।

चोर बाइक से खींच ले गए दो पंपसेट

नवाबगंज, अमृत विचार : पशु चोरी की घटनाओं के साथ ही अब डीजल इंजन चोरी की घटनाएं बढ़ गई। गत सप्ताह बाइक सवार चोर ग्राम याकूबपुर से दो पम्प सेट चुराकर ले गए। दरअसल ग्रामीण सिंचाई के बाद अपने पंप सेट घरों के बाहर खड़े कर देते हैं। 21 जनवरी की रात में चोर पंचम लाल और राजवीर के घर के बाहर दरवाजे पर खड़े इंजन बाइकों से खींच कर ले गए। रास्ते में बारात घर के कैमरे में ये चोर इंजन ले जाते भी दिखाई दिए। राजवीर की ओर से अजात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गोलू देवता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा के ग्राम सुरला में न्याय के देवता गोलू देवता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और भंडारे का आयोजन किया गया। डा. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि मूर्ति जयपुर से बनकर आई है। कुर्मांचल नगर से भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना की। यह रैली पहले कूर्मांचल नगर में कलश यात्रा के रूप में शुरु हुई, जिसमें महिलाओं ने पर्वतीय, पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना, कुमार पारस, सुधा रावत, ममता शर्मा, दीपक जोशी, एन डी तिवारी, रमेश जोशी, राजेंद्र तिवारी, नवीन जोशी, मनोज नैन वाल आदि ने गोलू देवता की झाकि के संचालन में विशेष सहयोग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य सहयोग रामकिशोर गंगवार, सोहनलाल सागर, डॉ हीरालाल, सुमेरीलाल, प्रेमपाल, सर्वेश कुमार, राकेश, रवि प्रजापति, राहुल श्रीवास्तव, डॉ मनोज कुमार, सुमित, दिनेश, मुरली, रमेश चौधरी, दीनदयाल, पोप राम, इंदर सेन गंगवार, उमाशंकर गंगवार, मोर पाल, सुखलाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

बिठौराकलां (गजरौला), अमृत विचार : असम हाईवे पर बाइक सवार दंपति को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला की बरेली ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। जबकि घायल पति को अस्पताल भर्ती कराया गया है। परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया करम के रहने वाले निर्मल सिंह खेती करते हैं। बुधवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह बाइक से अपनी ससुराल अमरिया क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर जा रहे थे। बाइक पर उनके साथ पत्नी सर्वजीत कौर भी थीं। असम हाईवे पर पिपरिया कॉलोनी मोड़ के पास पहुंचते ही बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर महिला को रेफर कर दिया गया। परिवार वाले महिला को बरेली ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिवार वाले शव घर ले गए। हादसे के बाद चीख पुकार मची रही।

पीटीआर: अस्तित्व में लौटे चौसिंघा हिरण, संख्या पहुंच गई 100 के पार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: बाघों को लेकर चल रही उठापटक के बीच पीलीभीत टाइगर रिजर्व से अच्छी खबर है। पीटीआर में अस्तित्व को लेकर जंग लड़ रहे चौसिंघा हिरणों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। पांच वर्ष पूर्व जिन हिरणों की संख्या 52 से घटकर 10 पर पहुंच गई थी। वहीं अब वर्तमान में 100 से अधिक चौसिंघा हिरण विचरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं हिरणों की अन्य प्रजातियों में भी खासा इजाफा हुआ है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का वन क्षेत्र 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला है। टाइगर रिजर्व घोषित होने के बादबाघ समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में खासा इजाफा देखा जा रहा है। खास बात यह है कि उस दौरान वन्यजीवों की बढ़ती संख्या के बीच पीटीआर में पाए जाने वाले चौसिंघा हिरणों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। पीटीआर प्रशासन द्वारा वर्ष 2016 में कराई गई शाकाहारी वन्यजीवों की गणना के दौरान 52 चौसिंघा हिरण पाए गए थे, लेकिन इसके बाद साल दर साल चौसिंघा हिरणों की आबादी कम होने लगी। वर्ष 2019 तक आते-आते यह संख्या मात्र 10 पर पहुंच गई। हिरणों में चौसिंघा हिरण की प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गई। उस दौरान चौसिंघा हिरणों की घटती संख्या के पीछे ग्रास लैंडों का बदलता स्वरूप जिम्मेदार बताया गया था। इधर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बढ़ती जैव विविधता और बेहतर जलवायु के चलते लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुके चौसिंघा हिरणों की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में कराई गई गणना में 110 चौसिंघा हिरण पाए गए हैं। वन अफसरों की मानें तो वर्तमान में इसमें और भी इजाफा हुआ है। इसके अलावा हिरण की अन्य प्रजाति बारहसिंघा, चीतल एवं सांभर की संख्या खासी बढ़ी है। बता दें कि शाकाहारी वन्यजीवों की गणना हर तीन साल में होती है।

जंगल में विचरण करता चौसिंघा हिरण।

> टाइगर रिजर्व में बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में खासी बढोत्तरी हो रही है। जैव विविधता एवं बेहतर जलवायु के चलते अन्य वन्यजीवों के साथ चौसिंघा हिरणो की संख्या पिछले सालों के अपेक्षा बढ़ी है।
>
> **-नवीन खंडेलवाल**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियो को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने सुनाया फैसला, अप्रैल 2021 का है मामला**

अमृत विचार : किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हर दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पीड़िता को पूरी धनराशि दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने कोतवाली उझानी के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया था कि 18 अप्रैल 2021 की रात 9 बजे शिवम यादव अपने पिता सत्येंद्र, परिवार के रिश्ते में चाचा अनिल के सहयोग से उनकी 13 साल की बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया। अपने बयान में पीड़िता ने तीनों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते हुए इस मामले को अपने ऑपरेशन कंविक्शन के अंतर्गत चिह्नित करते हुए पैरवी की थी। न्यायालय में गांव मिही लाल नगला निवासी शिवम यादव पुत्र सत्येंद्र यादव, पिंटू पुत्र सुरेंद्र और अनिल कुमार पुत्र भगवान सिंह पर किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद तीनों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपियों पर एक लाख दस हजार रुपये का जुर्माना डाला। आरोपियों को सजा दिलाने में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक, विवेचक अनूप सिंह और कोतवाली उझानी के पैरोकार का योगदान रहा।

कोहरे में डंपर में घुसी कार चालक गंभीर

बदायूं, अमृत विचार : थाना मूसाझाग क्षेत्र में दातागंज मार्ग पर गांव गुलड़िया के पास एक कार घने कोहरे में डंपर में जा घुसी। इसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार तीन लेखाकार, दो कंप्यूटर ऑपरेटर मामूली रूप से चोटिल हो गए। कार चालक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने डंपरचालक को पकड़ लिया।लखनऊ में मनरेगा का दो दिन का प्रशिक्षण होना है। इसमें विकास खंड कार्यालयों में तैनात लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर को जाना था। दहगवां नगर पंचायत के लेखाकार हरिओम गुप्ता, आसफपुर के अशोक पाल, जगत के ग्रीश पाल, जगत के कंप्यूटर ऑपरेटर अकरम, विकास भवन के ऑपरेटर आशीष ने लखनऊ जाने के लिए कार बुक की। बुधवार सुबह लखनऊ के लिए निकले थे। कार शहर के मोहल्ला महाराज नगर निवासी कुलदीप शर्मा चला रहे थे। रास्ते में घना कोहरा था।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

पीलीभीत, अमृत विचार : पीलीभीत-टनकपुर रेलखंड पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बुधवार शाम साढ़े पांच बजे टनकपुर की ओर से पीलीभीत आ रही ट्रेन की चपेट में आकर बिलगवां रेलवे क्रासिंग के पास 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

कार्यालयः-यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0 क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली
पताः आदर्श मण्डी स्थल, डेलापीर, बरेली
पत्रांक/पीसीएफ/क्षे0का0ब0/गे0ख0-हैण्ड0/ई-टेण्डर/2023-24/779 दिनांक 31.01.2024

ई-निविदा सूचना

रबी विपणन वर्ष 2024-25 हेतु बरेली मण्डल के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर के जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदित पीसीएफ के गेहूँ क्रय केन्द्रों पर पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से हैण्डलिंग कार्य हेतु बरेली मण्डल के समस्त जनपदवार गेहूँ क्रय केन्द्रवार हैण्डलिंग कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी टेण्डर वेबसाइट https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अन्य निविदा सम्बन्धित कोई जानकारी प्राप्त करने हेतु अग्रलिखित दूरभाष नम्बर 0581-2315977 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी0सी0एफ0, बरेली।

कार्यालय ग्रा.पं. सुहेली वि.खं. सिंधौली, तह. पुवायाँ, शाहजहाँपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुहेली वि.खं. सिंधौला तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर में वर्ष 2023-2024 में पंद्रहवें वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/मनरेगा के अंतर्गत निम्न कार्य कराया जाना है। इच्छुक निविदा/कोटेशनदाता दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदायें डाल सकते हैं जो उसी दिनांक सायं 03:00 बजे ग्राम पंचाायत कार्यालय पर खोली जायेंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की ल. व चौ.	अनुमानित लागत
1.	बलवीर के मकान से मेन खडंजा तक इण्टर लॉकिंग कार्य	110 मी X 2.70 मी	3.90 लाख
2.	राम कृपाल के मकान से बलवीर के मकान तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य	70 मी X 3 मी	3.80 लाख

राजेश्वरी देवी — प्रधान
अरून्धती द्विवेदी — सचिव

प्रा.वि. कोठा मक्खन वि.खं. भदपुरा, बरेली

नीलामी सूचना

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-885/68-5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 03.09.2020 तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंता विभाग प्रखंड-बरेली के पत्रांक 2504/ग्रा.अ.वि./कैंप/जीर्ण शीर्ष भवन तथा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक संख्या एस.एस.ए. /निर्माण-3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष की नीलामी 05.02.24 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर धनराशि 10000 रू. जमा करनी होगी। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिनांक को ही 10 बजे प्रातः से 10:30 तक होगा। बोलीदाता अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।

तेजपाल (अध्यक्ष)
मनोहर सिंह (सचिव)
विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक विद्यालय कोठा मक्खन वि.खं. भदपुरा, बरेली

प्रकाशन हेतु
जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम-बरेली
सिविल लाइन्स जेल रोड, बरेली।
वाद संख्या-354/2022

नोटिस बनाम श्री दिनेश कुमार अधिकृत एजेन्ट इंश्योरेन्स पॉलिसी पुत्र श्री .... निवासी कोड नं. सी.ओ.बी. 860 जिसका फोन नं 8005445998

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध श्री राम गोपाल बालिग पुत्र श्री मिश्री लाल, निवासी-97, रोहिली टोला, पुराना शहर, बरेली दिनांक 02.09.2022 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1683 के अन्तर्गत इस फोरम के समक्ष प्रस्तुत किया है। जिनकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस फोरम के समक्ष दिनांक 14-02-2024 को 10 बजे तक प्रस्तुत करें। तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहे दाखिल कर दे। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरुद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 30-01-2024 को जारी किया गया।

आदेश द्वारा
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम-बरेली

प्रकाशन हेतु
जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम-बरेली
सिविल लाइन्स जेल रोड, बरेली।
वाद संख्या-354/2022

नोटिस बनाम श्री के. मैनाज, एम.बी.पी. रेड ऑपरेशन्स रजिस्टर्ड ऑफिस पुत्र श्री .... निवासी- छठा तल, डविंग बी कोहिनूर सिटी, किरोल रोड, कुर्ला बैस्ट मुम्बई-400070

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध श्री राम गोपाल बालिग पुत्र श्री मिश्री लाल, निवासी-97, रोहिली टोला, पुराना शहर, बरेली दिनांक 02.09.2022 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1683 के अन्तर्गत इस फोरम के समक्ष प्रस्तुत किया है। जिनकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस फोरम के समक्ष दिनांक 14-02-2024 को 10 बजे तक प्रस्तुत करें। तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहे दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरुद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 30-01-2024 को जारी किया गया।

आदेश द्वारा
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम-बरेली

व अदालत सिविल जज सी.डि. एफ.टी.सी., बरेली
मूलवाद सं. 314/2023

हसमुखी उर्फ हंस कुमारी बनाम चन्द्रकली आदि
बनाम 1. श्रीमती चंद्रकली पत्नी स्व. राजा राम नि. ग्राम अहलादपुर, जिला बरेली 2. श्रीमती शीला पुत्री स्व. राजाराम पत्नी लालकरन नि. मो. संजयनगर, निकट- सीमा टैन्ट हाउस, होली चौराहा, बरेली 3. श्रीमती अनूपा देवी पुत्री स्व. राजाराम पत्नी श्री सतेन्द्र पाल नि. मो. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कॉलोनी, निकट- पं. दीनानाथ स्कूल, नवादा जोगियान जिला बरेली 4. श्रीमती ममता पुत्री स्व. राजा राम पत्नी श्री राजपाल नि. ग्राम इस्माईलपुर, परगना व तहसील व जिला बरेली 5. श्रीमती बेबी पुत्री स्व. राजा राम पत्नी श्री बिजेन्द्र सिंह नि. ग्राम जगराजपुर, थाना हाफिजगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली 6. सतेन्द्र पाल पुत्र स्व. राममूर्ति नि. मो. स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कॉलोनी, निकट पं. दीनानाथ स्कूल, नवादा जोगियान, बरेली 7. बिजेन्द्र सिंह पुत्र धर्मवीर नि. मो./ग्राम जगराजपुर, थाना हाफिजगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली 8. जीशान अली खान पुत्र कालू खां नि. ग्राम दौतारा, बिसौली, बदायूं

चूंकि मुसम्मी हसमुखी उर्फ हंस कुमारी ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निरस्तीकरण घोषणात्मक के दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बातारीख असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से वाखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज व तारीख 31.01.2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

जज

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक 596/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 31.01.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यों हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.-01 से 03 तक)	
ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	02-02-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	02-02-2024 - (04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	08-02-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	08-02-2024 - (04:00 PM)
फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु	After Technical Evulation

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्र. मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली।

कार्यालय ग्राम पंचायत परा झरसा वि.खं. निगोही, शाहजहाँपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, ई रिक्शा, RCC केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, लीच पिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इन्सीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता प्रचार नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने हैं। उपरोक्त कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेंट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी ई-रिक्शा, सफाई ठेली, सरिया, इंटरलॉकिंग ईट, गेट, विंडो आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा दिनांक 03.02.2024 को दोपहर 12 बजे तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें उसी दिन दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ग्राम पंचायत प्रधान — बलविन्दर कौर
ग्राम पंचायत सचिव — मो. अकरम (GVA)

बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील

रामनगर, अमृत विचार : रामनगर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तिगरा खानपुर में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।

यूटा जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र पाल सिंह ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की और कहा कि अपने आसपास के बच्चों को भी विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, संतोष वर्मा, प्रदीप कुमार, इफ्तिखार अहमद, मोहित सिंह, अंकित कुमार, महेश कुमार, सरिता देवी, राजुल कुमार, इशहाक बाबू आदि मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं कंपोजिट विद्यालय वारीखेड़ा में प्रधानाध्यापक पवन दिवाकर, रामनरेश ने पोस्टर प्रतियोगिता कराई। प्राथमिक विद्यालय कंधरपुर में प्रधानाध्यापक हरकेश ने स्टाफ के साथ वार्षिकोत्सव मनाते हुए बच्चों को पोस्टर प्रतियोगिता एवं खेलकूद प्रतियोगिता कराई। प्राथमिक विद्यालय रामनगर में प्रधानाध्यापक ओमकार शर्मा, चकरपुर गही विवेक कुमार ने दौड़ प्रतियोगिता कराई। प्राथमिक विद्यालय नुसरतगंज में प्रधानाध्यापक दयाशंकर मौर्य, विजय नगला में नीरज कुमार, विक्रम, दराबनगर में अंकुश कुमार, ढिलवारी में रति शर्मा, शशिकांत ने शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन कर शिक्षा को और बेहतर करने को लेकर वार्ता की।

अभिभावकों को दी योजनाओं की जानकारी

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : सरकारी विद्यालयों में बुधवार को शिक्षकों और अभिभावकों की बैठक हुई। प्रधानाध्यापक गोपाल जायसवाल ने अभिभावकों से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में बिलपुर के सरकारी विद्यालय में प्रधानाध्यापक मुकेश चौहान के नेतृत्व में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राम सिमरा हरचंद के सरकारी स्कूल में इंचार्ज अध्यापक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को अभिभावकों ने सम्मानित किया। इसी के चलते ग्राम शाहपुर बनियान में प्रधानाध्यापक सुनील शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम निवड़िया के सरकारी स्कूल में प्रधानाध्यापक अर्पणा शर्मा एवं कामरान खान के नेतृत्व में रमपुरा कमन गांव में प्रधानाध्यापक राजीव कुमार के नेतृत्व में तथा सिपहिया गोटिया में अरुण तोमर के नेतृत्व में अभिभावक गोष्ठी हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नुजरत खान, कन्यवती, शुभम सक्सेना, भूप सिंह, हरपाल सिंह, साजन रस्तोगी, तायराबानो, सुनीता, आदि अध्यापकों का खासा योगदान रहा।

कार्यालय प्रा.वि. हैवतपुर वि.क्षे. क्यारा, बरेली

नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्र सं. एस.एस.ए. निर्माण-4600-05/2023-24 दिनांक 15.12.2023 के अनुक्रम में उ.प्र.बे.शि. परिषद नियंत्राधीन परिषदीय प्रा.वि. हैवतपुर वि.क्षे. क्यारा के जर्जर भवन की नीलामी कमेटी द्वारा निम्न विवरणानुसार की जानी है:-

क्र. सं.	विद्यालय का नाम	भवन की धनराशि	न्यूनतम बोली की धनराशि	धरोहर धनराशि	नीलामी का स्थान	नीलामी की दिनांक	नीलामी न होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक
1.	प्रा.वि. हैवतपुर	जर्जर	151542.12	15154	प्रा.वि. हैवतपुर	06.02.2024	08.02.2024

नीलामी हेतु नियम व शर्तेः- 1. नीलामी हेतु कोई भी व्यक्ति या फर्म कॉलम (5) में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है 2. बोलीदाता का आधार, जी.एस.टी. व पैन नम्बर अनिवार्य है 3. अधिकतम बोलीदाता को उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करनी होगी। 4. जमा धनराशि की पुष्ट के उपरान्त ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा। 5. निर्धारित समय में धनराशि जमा न होने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी पुनः की जाएगी। 6. नीलामी से पूर्व बोलीदाता जर्जर भवन की स्थिति भौतिक रूप से देख सकता है। 7. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के 7 दिवस के अन्दर जर्जर भवन के मलवा को हटाना होगा। 8. असफल बोलीदाता की धरोहर धनराशि नीलामी के बाद वापस कर दी जाएगी। 9. किसी भी विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय समिति का मान्य होगा।

हरीश कुमार (अध्यक्ष), विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा, बरेली
भगवान सिंह (सचिव), विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा, बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद
लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)

पत्रांक : 2219/जननिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 दिनांक : 30.01.2024

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से 32KLD FSTP के रख-रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 30.01.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 09.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि-30.01.2024 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि-09.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 09.02.2024 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइकनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(संजय कुमार), अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर
(डॉ. इरा श्रीवास्तव), अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

एक: सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्य: को नृशंसतरस्तत: ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बाटंता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

संपादकीय

बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का तापमान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

प्रसंगवश

महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

सोशल फोरम

जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

संजय वर्मा
इंदौर

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

- फेसबुक वॉल से

धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

केलिगीतों की परंपरा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

एक नजर

नाबालिग पोती से दुष्कर्म के दोषी को 111 साल की सजा

कोझिकोड (केरल)। केरल की एक अदालत ने 62 वर्षीय एक व्यक्ति को 2021 में अपनी नाबालिग पोती के साथ दुष्कर्म करने का बुधवार को दोषी ठहराते हुए कुल 111 साल की सजा सुनाई। उसे अधिकतम 30 साल की सजा भुगतनी होगी क्योंकि विभिन्न धाराओं में मिली सजाएं एकसाथ चलेंगी। लोक अभियोजक (पीपी) मनोज अरूर ने कहा कि नादापुरम त्वरित सुनवायी विशेष अदालत (पॉक्सो) के न्यायाधीश सुहैब एम ने आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई जो कुल 111 साल की है। अपराध को दिसंबर 2021 में तब अंजाम दिया गया जब लड़की क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान अपने दादा से मिलने गई थी।

कुंडू हिमाचल प्रदेश के डीजीपी पद पर बहाल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित एक व्यवसायी द्वारा दायर मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत आयुष विभाग में प्रमुख सचिव के रूप में स्थानांतरित किए जाने के कुछ सप्ताह बाद संजय कुंडू को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर बहाल कर दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि उन्हें राज्य पुलिस प्रमुख के पद पर बहाल करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुंडू को दो जनवरी को जारी किया गया तबादला आदेश उच्चतम न्यायालय के 12 जनवरी के निर्देश के अनुपालन में वापस ले लिया गया।

पीसी जार्ज ने भाजपा में किया पार्टी का विलय

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के प्रमुख पीसी जॉर्ज ने बुधवार को अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया। केरल के राजनीतिक मामलों के भाजपा प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जॉर्ज अपने बेटे शॉन और केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के अन्य नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने पार्टी मुख्यालय में कहा, आज पी सी जॉर्ज के नेतृत्व वाला केरल जनपक्षम (सेक्युलर) भाजपा में विलय कर रहा है।

जम्मू-कश्मीर के छह जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने छह जिलों के ऊंचे इलाकों में अगले 24 घंटों में हिमस्खलन की चेतावनी बुधवार को जारी की। प्राधिकरण के अधिकारियों ने जारी बयान में कहा, "अगले 24 घंटों में जम्मू संभाग के डोडा जिले और कश्मीर के गांदरबल के ऊंचे इलाकों में समुद्र तल से 2800 और 3500 मीटर की ऊंचाई पर कम खतरनाक स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है।" बयान में कहा गया कि पुंछ और कश्मीर घाटी के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों में 2400 मीटर से ऊपर मध्यम खतरनाक स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को जरूरी सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

सेंथिल बालाजी की हिरासत 7 फरवरी तक बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की हिरासत सात फरवरी तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल जून में बालाजी को गिरफ्तार किया था। उन्हें यहां केंद्रीय कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्थानीय अदालत में पेश किया गया था। ईडी ने 'नकदी के बदले नौकरी देने' से जुड़े एक घोटाले के सिलसिले में धनशोधन रोकथाम कानून के तहत बालाजी को गिरफ्तार किया था।

लोस चुनाव में भाजपा को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने माकपा से मिलाया हाथ

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में लगाए आरोप

मालदा (प. बंगाल), एजेंसी

▸▸ कहा-माकपा ने 34 साल के शासन में लोगों को प्रताड़ित किया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कांग्रेस पर आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यहां एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में दो सीट पर चुनाव लड़ने के उनके प्रस्ताव को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार करने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को एक भी सीट नहीं देंगी

उन्होंने आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्य में अपने 34 साल के शासन के दौरान लोगों को प्रताड़ित किया था और वह इसके लिए वामदल को कभी भी माफ नहीं कर पायेंगी। बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है। मैंने उन्हें दो लोकसभा सीट की पेशकश की लेकिन वे और अधिक चाहते थे। इसलिए, मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक भी सीट साझा नहीं करूंगी।

उन्होंने कहा वह उन लोगों को भी माफ नहीं करेंगी जो माकपा का समर्थन करते हैं... क्योंकि ऐसा करके वे वास्तव में भाजपा का ही समर्थन कर रहे हैं। मैंने पिछले पंचायत चुनावों में ऐसा देखा है। बनर्जी ने कहा कि यदि मालदा से कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता गनी खान चौधरी के परिवार से कोई चुनाव लड़ता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। ममता ने कहा लेकिन टीएमसी भी चुनाव लड़ेगी। वे (कांग्रेस) भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा के साथ मिलकर लड़ेंगे... केवल टीएमसी ही राज्य में भाजपा से राजनीतिक रूप से लड़ने में सक्षम है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को मालदा जिले के इंग्लिश बाजार में अपनी 'जोनोसंजोग यात्रा' शुरू की। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

केंद्र ने बकाया जारी न किया तो कल से धरना

बनर्जी ने कहा कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 1 फरवरी तक राज्य का बकाया नहीं चुकाती है तो वह 2 फरवरी से कोलकाता में धरना देंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और धन का भुगतान न होने से प्रभावित लोगों से धरने में शामिल होने का आग्रह किया। धरना कोलकाता के रेड रोड इलाके में बीआर आंबेडकर प्रतिमा के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने सारा बकाया चुकाने के लिए एक फरवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह दो फरवरी से धरने पर बैठेंगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमजीएवाई) सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं के मद में राज्य का 7,000 करोड़ रुपये बकाया है।

सम्राट, विजय सिन्हा को जेड प्लस सुरक्षा तेजस्वी की वापस

पटना। बिहार सरकार ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की। साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से सुरक्षा वापस ले ली। एक आधिकारिक सूचना में यह जानकारी दी गई। गृह विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार ने दोनों नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ भाजपा के लोकसभा सांसद राजीव प्रताप रूडी को भी जेड सुरक्षा प्रदान की। अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को दी गई जेड प्लस सुरक्षा वापस ले ली गई है।

अधिसूचना में कहा गया कि यादव को अब वह सुरक्षा कवर प्रदान किया जाएगा जो बिहार के मंत्रियों को दिया जाता है। अधिसूचना के मुताबिक, विभाग द्वारा राज्य में विभिन्न वीआईपी सुरक्षा प्राप्त लोगों के खतरे के स्तर की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, जेड प्लस सुरक्षा सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुरक्षा का उच्चतम स्तर है।

कड़ाके की सर्द रात में पत्नी को घर से निकाला, मौत

गुरुग्राम(हरियाणा), एजेंसी

बेरहम पति

▸▸ गुरुग्राम के सुंदरपुर गांव का मामला, दहेज प्रताड़ना का आरोप

▸▸ आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

गुरुग्राम के एक गांव में पति ने कड़ाके की सर्द रात में पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पति पर आरोप है कि वह महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था।

पुलिस के मुताबिक पति ने रविवार की रात 28 वर्षीय महिला की पिटाई की और उसे जबरन घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने बताया कि फारुख नगर थाने में पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला पूनम का विवाह सुंदरपुर गांव में रहने वाले मंगतराम से हुआ था और दोनों नौ वर्षों से साथ रह रहे थे। पूनम के भाई हेमंत कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि मंगतराम दहेज के लिए पूनम की अक्सर पिटाई करता था और कई बार घर से बाहर निकाल चुका था।

कुमार ने आरोप लगाया कि मंगतराम ने शराब पीने के बाद पूनम की पिटाई की और दो लाख रुपये दहेज की मांग कर रहा था। कुमार ने आरोप लगाया, 28 जनवरी की रात मंगतराम ने शराब पीने के बाद उसकी बहन को पिटाई की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। 29 जनवरी को सुबह मुझे सूचना मिली की उसकी बहन की मौत हो गई। जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि वह शौचालय के पास बेहोश पड़ी थी। उसे कमरे में ले गए लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने बताया कि कुमार की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

फर्जी खबरों पर आईटी नियम : बंबई हाईकोर्ट की खंडपीठ ने खंडित फैसला सुनाया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ न्यायमूर्ति पटेल ने कहा-तीसरे न्यायाधीश नए सिरे से करेंगे मामले की सुनवाई

बंबई उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ फर्जी खबरों से निपटने के लिए संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को खंडित फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति गौतम पटेल याचिकाकर्ताओं की दलीलों से सहमत हुए, वहीं न्यायमूर्ति नीला गोखले ने सरकार के पक्ष को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति पटेल ने अदालत कक्ष में कहा कि हमारे बीच असहमति है। मैंने याचिकाओं पर विचार किया है और न्यायमूर्ति गोखले ने सरकार के पक्ष में फैसला दिया है। इसलिए अब इस मामले की सुनवाई तीसरे न्यायाधीश द्वारा नए सिरे से की जाएगी। मामला उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा जो इसे तीसरे न्यायाधीश को सौंपेंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को दिए गए पहले के आश्वासन को 10 दिन के लिए बढ़ाने पर सहमति जताई, सरकार सोशल मीडिया पर फर्जी, झूठे और भ्रामक तथ्य चिह्नित करने को संशोधित आईटी नियमों के तहत स्थापित की जाने वाली फैक्ट चेकिंग यूनिट (एफसीयू) को अधिसूचित नहीं करेगी। पीठ ने इस कथन को स्वीकार कर लिया।

नियमों के तहत, यदि एफसीयू को ऐसे किसी पोस्ट के बारे में पता चलता है या उसके बारे में सूचित किया जाता है जो फर्जी, गलत है या जिसमें सरकार के कामकाज से संबंधित भ्रामक तथ्य हैं, तो वह इसे सोशल मीडिया मध्यस्थों को भेज देगा। इसके बाद पोस्ट को हटाने या उस पर अस्वीकरण का विकल्प होगा।

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' और 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स' ने नियमों के खिलाफ याचिकाएं दायर कीं थीं, उन्हें मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए दावा किया था कि उनका नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भयानक प्रभाव पड़ेगा।

बॉम्बे सैपर्स के जवानों के हैरतअंगेज करतब...

बॉम्बे सैपर्स के जवान पुणे की दिघी पहाड़ियों पर सैपर्स ग्रुप के प्रतिष्ठित युद्ध स्मारक के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में प्रदर्शन करते हुए। ● एजेंसी

मानव तस्करी में तीन रोहिंग्या को 10-10 साल की सजा

नूंह (हरियाणा)। हरियाणा के नूंह जिले की एक अदालत ने 2021 के मानव तस्करी के एक मामले में तीन रोहिंग्या पुरुषों को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय के वर्मा ने मंगलवार को सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लोक अभियोजक प्रताप सिंह ने बताया कि नूंह की बाल कल्याण समिति को फरवरी 2021 में गोपनीय सूचना मिली थी कि दो बांग्लादेशी युवतियों को कुछ लोग मिजोरम और कोलकाता के रास्ते भारत लाए हैं। पुलिस के अनुसार मोहम्मद अयास नामक व्यक्ति ने क्रमशः 19 और 20 साल की दोनों युवतियों को दिल्ली से नूंह लाया था। पुलिस ने बताया कि बाद में मोहम्मद अयास और दो अन्य रोहिंग्या पुरुष- हफीज अहमद और मोहम्मद यूनुस- दोनों युवतियों को नूंह जिले के मालाब गांव ले गए और उन्हें कश्मीर घाटी में 70,000 रुपये में बेचने का फैसला किया। पुलिस के मुताबिक बाल कल्याण समिति की एक टीम ने मालाब गांव में उनके ठिकाने पर छापेमारी की और दोनों युवतियों को बचा लिया। चिकित्सा जांच में उनके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि दिसंबर 2021 में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

फास्टैग : केवाईसी अनुपालन की समय सीमा एक माह बढ़ी

नई दिल्ली। राजमार्गों का प्रबंधन करने वाला निकाय एनएचएआई फास्टैग के लिए केवाईसी अनुपालन की समय सीमा एक महीने के लिए बढ़ाएगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 15 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा था कि बैंक अधूरे केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी, 2024 के बाद निष्क्रिय कर देंगे, भले ही उनमें वैध राशि मौजूद हो। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 1.27 करोड़ में से केवल सात लाख मल्टीपल फास्टैग बंद किए गए हैं। इसलिए, हम इस समय सीमा को एक महीने और बढ़ा रहे हैं। एनएचएआई ने इससे पहले कहा था कि खाते में राशि होने के बावजूद अधूरे केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिए) वाले फास्टैग 31 जनवरी के बाद निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाने के लिए एनएचएआई ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल लागू की है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक ही फास्टैग के इस्तेमाल या एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग जोड़ने को हतोत्साहित करना है।

राहुल गांधी की कार का शीशा टूटा

मालदा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

अधीर रंजन ने पथराव का लगाया आरोप

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, अररिया, बिहार में राहुल गांधी।

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा टूट जाने की घटना के बीच कांग्रेस की प. बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि मालदा जिले में इस गाड़ी पर 'पथराव' किया गया।

उधर, कांग्रेस ने एक्स हैंडल पर कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के वाहन के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा। इस घटना में गांधी को कोई चोट नहीं पहुंची। टेलीविजन फुटेज में निर्धारित पड़ाव पर पहुंचने के बाद वह क्षतिग्रस्त शीशा का निरीक्षण करते हुए नजर आए। प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया कि यह 'हमला' मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में उस वक्त हुआ, जब यह यात्रा बिहार से पुनः बंगाल पहुंची। चौधरी ने कहा, ''राहुल गांधी जिस वाहन में यात्रा कर रहे थे, उसकी पिछली खिड़की का शीशा पथराव के बाद टूट गया... इस तरह के कृत्य अस्वीकार्य हैं।

बिहार में राहुल की कार में हुई तोड़फोड़ : ममता

बहरामपुर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कार में तोड़फोड़ पश्चिम बंगाल में नहीं बल्कि बिहार में हुई। बनर्जी ने मुर्शिदाबाद जिले में एक सभा में कहा कि हमें पता चला है कि बिहार के कटिहार और किशनगंज में उनकी कार पर पथराव किया गया।

गुरुग्राम के पटौदी में साध्वी की गला रेतकर हत्या

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में पटौदी इलाके में 50 वर्षीय एक साध्वी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक साध्वी की पहचान खटकारा गांव की रोशनी देवी के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार वह सोनीपत जिले के गगना गांव के एक अन्य साधु नफे उर्फ खमाई नाथ के साथ मिर्जापुर गांव में एक श्मशान घाट के पास एक झोपड़ी में रह रही थी। नफे ने पुलिस को बताया कि वह दूध लेने गया था और जब वह अपनी झोपड़ी में वापस आया तो उसने रोशनी को घायल अवस्था में पाया। पुलिस ने बताया कि साध्वी खून से लथपथ हालत में मिली और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना को लेकर पटौदी थाने में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि दोनों श्मशान की सफाई करते थे और दान-दक्षिणा पर गुजारा करते थे। पटौदी पुलिस थाने के अतिरिक्त प्रभारी उप-निरीक्षक महेश कुमार ने कहा कि 'साध्वी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है। वहीं हम सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं।

मराठा समुदाय को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने के खिलाफ याचिका

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने के महाराष्ट्र सरकार के कदम को चुनौती देते हुए बंबई उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। मंगेश ससाने द्वारा मंगलवार को दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाण पत्र देकर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को प्रभावित कर रही हैं। ससाने खुद को ओबीसी वेलफेयर फाउंडेशन का अध्यक्ष बताते हैं।

▸▸ राज्य सरकार पर ओबीसी के आरक्षण को प्रभावित करने का आरोप

उच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, याचिका पर छह फरवरी को सुनवाई की संभावना है। याचिका में मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनुमति देने वाले, 2004 से जारी पांच सरकारी प्रस्तावों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता के वकील आशीष मिश्रा ने दावा किया कि पहले मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया कठिन थी, लेकिन हर आंदोलन के साथ प्रक्रिया को आसान बना दिया गया। यह सिर्फ मराठाओं को (आरक्षण के लिए) सुविधा देने के लिए था। याचिका में कहा गया कि 2021 में उच्चतम न्यायालय ने मराठाओं को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया था। मिश्रा ने दावा किया कि अब सरकार मराठाओं को कुनबी प्रमाणपत्र प्राप्त करने और आरक्षण लाभ की अनुमति देकर उन्हें पिछले दरवाजे से प्रवेश दे रही है।

मी लार्ड ! पुलिस विपक्षी दलों के साथ संबंध स्वीकारने को कर रही प्रताड़ित

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार छह में से पांच आरोपियों ने बुधवार को अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस उन्हें विपक्षी दलों के साथ अपने संबंध स्वीकार करने के लिए प्रताड़ित कर रही है। आरोपियों ने यह दलील अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दी। न्यायाधीश ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी है।

पांच आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत ने अदालत को बताया कि लगभग 70 कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए उन्हें मजबूर किया गया था। आरोपियों ने एक संयुक्त याचिका में अदालत को बताया, आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराध और राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ उनके संबंध होने की बात स्वीकार करने के लिए प्रताड़ित किया गया,बिजली के झटके दिए गए। ।

अदालत ने मामले में पुलिस से जवाब मांगा और अर्जी पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख तय की। मामले में छठी आरोपी नीलम आजाद हैं, जिसने पहले अदालत के सामने आरोप लगाया था कि पुलिस ने उसे कई कोरे कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। आजाद की अर्जी फिलहाल अदालत में लंबित है। संयुक्त याचिका में कहा गया है, कि पॉलीग्राफ/नार्को/ब्रेन मैपिंग के दौरान (बाद में/पहले), परीक्षण करने वाले संबंधित व्यक्तियों ने दो आरोपी व्यक्तियों पर उनकी संलिप्तता के बारे में एक राजनीतिक दल/नेता का नाम लेने के लिए दबाव डाला था।

▸▸ संसद की सुरक्षा में चूक: आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ाई गई

ईमेल और फोन के पासवर्ड देने के लिए किया मजबूर

आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट, ईमेल और फोन के पासवर्ड देने के लिए मजबूर किया गया। संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन गत 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना उस वक्त हुई थी जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से सागर शर्मा और मनोरंजन डी सदन के भीतर कूद गए थे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया था।

द्रमुक सरकार तमिलनाडु में कभी लागू नहीं होने देगी सीएए: स्टालिन

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ कहा-यह कानून श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लागू करने की अनुमति कभी नहीं देगी क्योंकि यह कुछ समूहों मसलन मुसलमानों और देश में शरण लिए श्रीलंकाई तमिलों के प्रति भेदभावपूर्ण है। स्टालिन राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए फिलहाल अन्य देशों की यात्रा पर हैं।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के 29 जनवरी के बयान कि देश में सात दिन के अंदर सीएए लागू किया जाएगा के जबाव में यह बात कही। स्टालिन ने संसद में इसे पेश किए जाने के वक्त संशोधन के पक्ष में मतदान करने के लिए राज्य के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अन्नाद्रमुक की आलोचना की और कहा कि यदि संशोधित नागरिकता विधेयक को उस पार्टी का समर्थन न होता तो शायद यह कानून नहीं बन पाता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सोमवार को दावा किया था कि सीएए एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने कहा था कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने वकील से कहा राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले की शीर्ष कोर्ट में चल रही सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान बुधवार को एक वकील से कहा राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने बहस करते समय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अन्य का नाम लिया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, सात न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे हैं। वकील ने दलील दी थी कि मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं हैं क्योंकि वे चुनावी परिणाम को प्रभावित करने की स्थिति में हैं।

कील ने परोक्ष रूप से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं का जिक्र करते हुए तर्क दिया, अल्पसंख्यक के रूप में मुसलमान चुनावों को प्रभावित करते हैं और अगर भिंडरांवाले को इंदिरा गांधी ने खड़ा किया तो ओवैसी को भाजपा ने शह दी। वे मुस्लिम वोटों को विभाजित करना चाहते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम संवैधानिक कानून के दायरे से बाहर नहीं जाएंगे। राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की आबादी में मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। उन्होंने कहा कि यह अदालत इस सवाल का फैसला करने में सक्षम नहीं है कि वे किसी चुनाव को प्रभावित करते हैं या नहीं। इसीलिए मैंने उल्लेख किया है कि इस सवाल पर विचार करने के लिए कोई आयोग गौर सकता है।

इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, तो आपके अनुसार, मुस्लिम चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की स्थिति में हैं, इसलिए वे अल्पसंख्यक नहीं हैं। वकील ने कहा, हां।

आज भी अदालत के सामने दलीलें जारी रहेंगी

एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला कई दशकों से कानूनी चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। शीर्ष अदालत ने 12 फरवरी, 2019 को मुद्दे को फैसले के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। मामले में गुरुवार को दलीलें जारी रहेंगी।

बदमाशों ने बंधक बनाकर व्यापारी के घर डाली 40 लाख की डकैती

पूरनपुर में वारदात: 15 लाख नगद, सोना-चांदी आदि लूटा

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

अमृत विचार : नगर से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर मंगलवार की रात किराना व्यापारी के परिवार को असलहाधारी डकैतों ने बंधक बनाकर 15 लाख रुपये समेत सोना-चांदी आदि मिलाकर करीब 40 लाख की लूटपाट की और फरार हो गए। डकैतों ने एक कमरे में परिवार के लोगों को बंधक बनाया, बच्चों की गर्दन पर चाकू रखकर शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी।

घटना बंडा रोड पर स्थित रम्पुरा तालुके महारजपुर गांव में हुई। रोड पर किराना के थोक व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता का मकान है। निचले हिस्से में दुकान है। मंगलवार की रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे। 10 मिनट बाद ही पांच बदमाश आ धमके और उन्हें गन प्वाइंट पर ले लिया। विरोध पर मारपीट की। बदमाशों ने सुनील, उनकी पत्नी साधना गुप्ता, बेटी उन्नति, बेटे अभिनव और आयु को बंधक बना लिया। बच्चों की गर्दन पर चाकू रखा तो सुनील और उनकी पत्नी घबरा गए। जान बचाने के लिए घर में रखी नकदी और गहने सब बता दिया। बदमाशों ने अलमारी और बेड में रखे 15 लाख रुपये, करीब 450 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण लूटे। इसके बाद बदमाश सुनील के बड़े बेटे अभिनव को गन प्वाइंट पर लेकर मकान के नीचे लाए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर निकाली। मोबाइल पहले ही छीन लिए थे। फिर सभी को कमरे में बंद करके कार से भाग निकले।

घर के अंदर बिखरा पड़ा सामान।

▸▸ बच्चों की गर्दन पर चाकू रख शोर मचाने पर दी मारने की धमकी

मदरसा बोर्ड के गठन सम्बंधी कानून को दी गई है चुनौती

विधि संवाददाता, लखनऊ: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा है कि क्या कोई राज्य धार्मिक शिक्षा प्रदान करने के लिए अलग से शिक्षा बोर्ड का गठन कर सकता है। न्यायालय ने यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड के गठन सम्बंधी प्रावधान को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूर्व में मांगे गये इसी प्रश्न का केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं आया है। न्यायालय ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय 2 फरवरी तक इस प्रश्न पर स्पष्ट निर्देश केंद्र सरकार के वकील को दे देगा ताकि वह अपना तर्क कोर्ट के सामने रख सकें। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अंशुमान सिंह की ओर से दाखिल रिट याचिका पर दिया।

69 फार्मासिस्टों को मिली प्रोन्नति सात बनाये गए प्रभारी अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 7500 फार्मासिस्ट के कैडर में संपन्न हुई डीपीसी

अमृत विचारः स्वास्थ्य विभाग में प्रोन्नति का इंतजार कर रहे मात्र 69 फार्मासिस्टों को प्रोन्नति मिली है। बुधवार को गठित विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) ने सात चीफ फार्मासिस्टों को प्रभारी अधिकारी (फार्मेसी) और अन्य 62 को फार्मासिस्ट से चीफ फार्मासिस्ट के पद पर पदोन्नति दी है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न डीपीसी बैठक में फार्मासिस्ट संवर्ग में रिक्त 55 प्रभारी अधिकारी (फार्मेसी) पदों के सापेक्ष मात्र सात को पदोन्नति दी गई है। यही हाल चीफ फार्मासिस्ट में है, रिक्त चल रहें 500 पदों के सापेक्ष मात्र 62 फार्मासिस्टों को पदोन्नति दी गई है। अन्य फार्मासिस्टों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां (एसीआर) न प्राप्त होने की बात बोलकर बैठक संपन्न कर दी गई है। जिसके बाद प्रोन्नति अधिकृत फार्मासिस्टों में असंतोष व्याप्त हो गया है। मालूम हो कि 7500 फार्मासिस्टों के कैडर में प्रभारी अधिकारी के 85 पदों में 55 रिक्त हैं, और चीफ फार्मासिस्ट के 15 सौ पदों में 500 रिक्त हैं। इन पदों पर प्रोन्नति के सापेक्ष लगभग 300 फार्मासिस्टों की गोपनीय प्रवृष्टियां (एसीआर) महानिदेशालय को प्राप्त हुई थी वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टियां (एसीआर) संबन्धित अधिकारी के द्वारा भेजी जाती है। अगर, महानिदेशालय को संपूर्ण प्रवृष्टियां नहीं मिल रही हैं तो इसमें फार्मासिस्टों का कोई दोष नही है। महानिदेशालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में फार्मासिस्टों की प्रवृष्टियां भेजने के लिए सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया जाना चाहिये। ताकि फार्मासिस्टों को समय से पदोन्नति मिल सके।

सार-संक्षेप

निजी कार्यक्रम में शामिल हुए योगी, मीडिया से दूरी

कृषि राज्यमंत्री के पुत्र और पुत्र वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

रामपुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बिलासपुर में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह औलख की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। लेकिन मीडिया से दूरी बनाए रखी। हाईवे स्थित एक कॉलोनी में बनाए गए हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर दोपहर करीब 2:10 बजे उतरा। यहां से वह कार से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां 10 मिनट रुके। बाद में वर-वधू के घर गए और वहां परिजनों को बधाई दी। आधा घंटे रुकने के बाद वह रवाना हो गए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब सरकार के कई मंत्री शामिल हुए।

आवासों पर एसी चिन्हित करने का प्रस्ताव वापस

लखनऊ, अमृत विचार : बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर लगे एसी को चिन्हित करने व इससे बिलिंग डेटा में शामिल किये जाने का प्रस्ताव वापस हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के विरोध पर प्रस्ताव वापस लिया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में कहा गया था कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एसी का इस्तेमाल हो रहा है। बिलिंग डाटा में एसी का इस्तेमाल चिन्हित होने से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी हो सकेगी। तर्क दिया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के आवासों पर मीटर न होने से यहां उपभोग की गई बिजली के अनुपात में राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा है। उपभोक्ता परिषद के अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम बैकफुट पर आ गया है। निगम के निदेशक वाणिज्य ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

लाल सिग्नल तोड़कर गुजरी ट्रेन, मचा हड़कंप

भरथना-इटावा, अमृत विचार : दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित भरथना व टूंडला रेल प्रशासन में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बनारस से चल कर दिल्ली जा रही सुपरफास्ट शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन भरथना पहुंचने से पहले सुबह सवा 7 बजे आउटर पर लगे लाल सिग्नल को तोड़ते हुए (ओवरशूट) आगे निकल गई। हालांकि केबिन मैन व गार्ड की वॉकीटॉकी पर मिली सूचना पर चालक लोको पायलट ने सिग्नल तोड़कर ट्रेन को आउटर पर ही रोक लिया। इसके चलते सुपरफास्ट शिवगंगा ट्रेन करीब आधे घंटे तक दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की मेन अपलाइन पर खड़ी रही। रेल प्रशासन को दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर करीब आधे घंटे तक रेल यातायात ठप हो गया।

युवक को शराब पिलाकर जूतों की माला डाली

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक युवक को शराब पिला कर जूतों की माला डाल दी। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामले रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव वीरपुर निवासी रजनीश कुमारी पत्नी स्व. वेद राम जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी को उसका पुत्र भूरा घर पर सो रहा था। तभी गांव का शिवम पुत्र ओंकार ठाकुर घर पर आया और उसके पुत्र को घर से बुला ले गया। रजनीश के मुताबिक उसके पुत्र को जबरन आरोपी युवक ने शराब पिलाई। तभी कुछ कहासुनी होने लगी। शराब के नशे में उसके पुत्र के मुंह पर उसने अंगोछा लपेट दिया और युवक के गले में जूतों की माला डाल दी। जब इस बात की जानकारी युवक की मां को हुई तो रजनीश कुमारी पहले आरोपी के विरुद्ध घर पर शिकायत करने गई। इसके बाद थाने जाकर थाना पुलिस को आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। थानाध्यक्ष जेपी पाल ने बताया कि पीड़ित की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बदमाशों ने किसान से 2.10 लाख रुपये लूटे

एटा, अमृत विचार : बाइक सवार पांच बदमाशों ने कासगंज के किसान को सरेआम रोक लिया और हाथ-पैर बांधकर जमकर पीटा। उसके पास से 2.10 लाख रुपये लूटने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने किसान को मेडिकल कॉलेज के जाकर भर्ती कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कासगंज के गांव मुनीम नगर निवासी कालीचरन (50) की एटा में रहने वाली भांजी ने जमीन का सौदा किया था। कालीचरन के मुताबिक उन्हें 2.10 लाख रुपये भांजी को देने थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे बाइक पर घर से एटा जाने के लिए निकले। वह एटा की देहात कोतवाली क्षेत्र में नहर के पास पहुंचे होंगे तभी पीछे से दो बाइकों पर आए पांच युवकों ने ओवरटेक करने के बाद कालीचरन को रोक लिया और पकड़कर नीचे खेत में ले गए।

डूंगरपुर के मामले में आजम समेत सभी 7 आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ सरकारी जमीन पर बताकर 2016 में मकानों को तोड़ दिया गया था

अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी सात आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। यहां पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 को मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन तोड़ दिया था। मारपीट और लूटपाट की गई थी। मामले में गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर आजम नामजद किए गए। आजम के अधिवक्ता विनोद शर्मा के अनुसार बुधवार को कोर्ट ने साक्ष्य न मिलने के कारण आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ओमेंद्र चौहान, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आलेहसन खां, फिरोज खान और रानू खां को बरी कर दिया।

शुआट्स के प्रो. लाल की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज : पूर्व भाजपा नेता की हत्या के प्रयास के मामले में जेल में निरुद्ध शुआट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरबी लाल की दूसरी जमानत अर्जी भी जिला न्यायालय से खारिज हो गई। बता दें कि इसके पहले भी सत्र न्यायालय से उनकी जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। प्राथमिकी के अनुसार कुलपति आरबी लाल फॉर्च्यूनर गाड़ी से अपने दो साथियों के साथ आये और हत्या की नीयत से फायरिंग की, जिसमें भाजपा नेता दिवाकर और उसके साथी सर्वेंद्र बाल-बाल बच गए। इसी मामले में आरबी लाल को गिरफ्तार किया गया है।

आठ फर्जी लाभार्थियों पर रिपोर्ट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी।

इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया। इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

लखनऊ। बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

उत्तर प्रदेश के सड़क हादसों में रोज चली जाती है 65 लोगों की जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

▸▸ दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोत्तरी की गई है दर्ज

अमृत विचार : लोगों को यातायात नियम समझाते-समझाते करीब एक दशक पूरा होने को है। लेकिन न तो दुर्घटनाओं का ग्राफ कम हुआ और न ही मौतों की संख्या में गिरावट आई। जागरूकता कार्यक्रमों की बाढ़ भी बीते दस वर्षों में आंकड़ा घटा पाने में नाकाम रही। परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम एजेंसियों के समग्र प्रयास के दावे धरातल पर अपना असर नहीं छोड़ पा रहे हैं। साल 2023 के दौरान प्रदेश में जो हादसों और उनसे होने वाली मौतों का ग्राफ सामने आया है वह चौंकाने वाला है। प्रदेश में बीते साल (2023) 23,652 लोगों की मौत हुई है। यानी प्रतिदिन 64.8 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 2022 की तुलना में इस साल 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

सेफ्टी विंग के प्रयास : वर्ष 2015 में सरकार ने रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की थी। इसमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया था। इस पूरी विंग को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में खामियां दूर कर समग्र प्रयास करना था।

भारी वाहनों के लिए एक लेन होगी सुनिश्चित : इस संबंध में अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने कहा कि निश्चित तौर पर साल 2023 के आए हुए दुर्घटना हादसें चौंकाने वाले हैं। हर स्तर पर विधिवत मॉनीटरिंग जारी है। विभागों की जवाबदेही तय की गई है। आगरा, यमुना समेत विभिन्न एक्सप्रेस-वे पर सख्त प्रवर्तन के निर्देश भी दिए गए हैं। एक्सप्रेस-वे से संबंधित सभी जिम्मेदार एजेंसियों को सचेत किया गया है कि वे अपनी परिधि में लगातार वाहनों से पेट्रोलिंग करें। देखने में आता है कि इन सभी हाइवे पर बडे. वाहन खडे. रहते हैं। हैवी वाहनों के लिए एक लेन सुनिश्चित कराने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर भारी गाड़ियों के लिए एक लेन तैयार कराई जाएगी।

जाने 4-ई कांसेप्ट के बारे में

- इंजीनियरिंग, एजूकेशन, इमरजेंसी केयर, इन्फोर्समेंट
- रोड इंजीनियरिंग-लोनिवि समेत विभिन्न एजेंसियां सड़क की खामियां दूर कर
- ब्लैक स्पॉट में सुधार, जागरूकता बोर्ड लगाना।
- एजूकेशन-स्कूलों में यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना।
- इमरजेंसी केयर-हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने, दुर्घटना के बाद गोल्डेन
- आवर्स में घायल को समय से अस्पताल पहुंचाना और गुड सेमेस्टर तैयार करना।
- इन्फोर्समेंट (प्रवर्तन) ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनस्वामियों पर
- ठोस कार्रवाई करना। जुर्माना दरें बढ़ाई गई।

उत्तराखंड

पहाड़ी इलाकों में हो सकती है बर्फबारी, तराई में बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

नैनीताल में बुधवार को बादल छाने से ठंडा रहा मौसम। ● अमृत विचार

▸▸ नैनीताल, मुक्तेश्वर में हिमपात की संभावना, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी

अमृत विचार: मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दिया है। हल्द्वानी में बुधवार की शाम हल्के बादल छा गए और हवाएं चलने लगीं। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक फरवरी को जिले में कई जगह बारिश हो सकती है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना है।

सर्दियों का सीजन अभी तक बारिश और बर्फबारी की दृष्टि से सूखा साबित हुआ है। जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बन गई है। बुधवार को शहर में अपरान्ह बाद बादल छाने लगे। साथ ही हवाएं भी चलने लगीं। सर्द हवाओं से ठंड और बढ़ गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक फरवरी को जिले में कई जगह पर बारिश हो सकती है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों जैसे नैनीताल, मुक्तेश्वर, पदमपुरी, रामगढ़ आदि में बर्फबारी की भी संभावना है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि का भी अनुमान जताया है। अगर ऐसा होता है तो यह राहत की बात होगी क्योंकि सर्दियों के इस सीजन में अभी तक नाममात्र की बारिश हुई है और जिले में बर्फबारी भी नहीं हुई है। इधर मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि उत्तराखंड के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों जैसे चकराता आदि में बर्फबारी शुरू हो गई है। हल्द्वानी में बुधवार का अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री दर्ज किया गया।

खेती और बागवानी के लिए अच्छी खबर

हल्द्वानी। सूखे की मार खेती और बागबानी पर भी पड़ी है। पहाड़ों में बर्फबारी न होने की वजह से सेब की फसल पर गलत प्रभाव पड़ रहा है तो वहीं गेहूं की फसल पर भी दुष्प्रभाव पड़ा है। साथ ही मौसमी सब्जियों जैसे मटर, गोबी, पालक, मैथी, गाजर के भी उत्पादन पर असर पड़ा है। अगर बारिश होती है तो खेती और उद्यान के लिए काफी फायदेमंद रहेगी।

समस्याओं को शालीनता से सुनें व विभागों को भेजें : धामी

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आईटीडीए (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एजेंसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1905 और इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं को भी देखा। धामी ने यातायात व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जिले के पच्योना गांव निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद कर दिया है।

राधा रतूड़ी बनीं राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव

संवाददाता, देहरादून

▸▸ बुधवार सुबह शासन से आदेश जारी होने के बाद संभाला पदभार

उत्तराखंड में पहली बार महिला अधिकारी को मुख्य सचिव बनाया गया है। सरकार ने वर्ष 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी को नया मुख्य सचिव बनाया है। बुधवार सुबह आदेश जारी होने के बाद राधा रतूड़ी ने पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने रतूड़ी को पदभार सौंपा।

बता दें कि 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो गया। संधु को सेवानिवृत्ति के बाद छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया था, जो 31 जनवरी को पूरा हो गया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि यह दशक उत्तराखंड का होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश को आगे ले जा रहे हैं।

तिलवाड़ा मयाली मार्ग पर कार खाई में गिरी, दो की मौत

रुद्रप्रयाग। तिलवाड़ा मयाली मोटर मार्ग पर सियाल्स्यू के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक कार चलाना सीख रहा था। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ मुख्यालय की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने बताया कि कार में दो लोग सवार थे। इनमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान कैलाश जगवाण निवासी जगतोली, सांदर रुद्रप्रयाग तथा किशन कठैत निवासी सकलाना टिहरी गढ़वाल हाल निवासी तिलवाड़ा के रूप में हुई है।

चमोली की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष बहाल

ब्यूरो, नैनीताल

अमृत विचार: हाईकोर्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली रजनी भंडारी को राहत देते हुए उनके खिलाफ की जा रही जांच और बर्खास्तगी पर रोक लगा दी है। रजनी भंडारी की याचिका पर सुनवाई के बाद एकलपीठ ने उन्हें बहाल करने का निर्देश दिया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली रजनी भंडारी ने अपनी याचिका में सरकार के 25 जनवरी के आदेश पर रोक लगाने आग्रह किया था। भंडारी ने याचिका में कहा है कि सरकार ने जांच करने में पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किया है। पंचायतीराज नियमावली के अनुसार अनियमितता होने पर पहले जिला अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच की जानी थी, लेकिन जिलाधिकारी ने स्वयं जांच न कर सीडीओ को जांच सौंप दी। मामले के अनुसार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नंदन सिंह बिष्ट की शिकायत पर जांच की सिफारिश के बाद पंचायती राज विभाग की ओर से बीते 25 जनवरी को एक आदेश जारी कर रजनी भंडारी को जिला पंचायत अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था।

मस्जिद, मदरसा बचाने को किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ अल्पसंख्यक समुदाय ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

▸▸ नगर निगम के नोटिस के बाद भड़के लोग

अमृत विचार: मलिक का बगीचा में नगर निगम ने मस्जिद और मदरसा को ध्वस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। एक फरवरी तक का समय मदरसा स्वामी को दिया गया है। इससे आक्रोशित अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने जमियत उलेमा हिंद संगठन के तले सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में धरना दिया।

जमीयत उलेमा हिंद के प्रदेश सचिव अब्दुल कादिर फार्मर ने कहा कि हल्द्वानी में 75 प्रतिशत बसावट नजूल भूमि पर है। नजूल भूमि पर ही कई धार्मिक स्थल, सरकारी भवन, स्कूल हैं। शहर अब महानगर बन रहा है लेकिन फ्री होल्ड के नाम पर प्रशासन के पास केवल ढुलमूल नीति है।

कहा कि लोग अपनी नजूल जमीन को फ्री होल्ड कराना चाहता हैं लेकिन प्रशासन की तरफ से कार्यवाही में लेट लतीफी की जाती है। इसी तरह मलिक का बगीचा में कई सालों से मदरसा और मस्जिद बना हुए हैं। जब इनका निर्माण हो रहा था तब प्रशासन ने नहीं रोका लेकिन अब दो दिन में ऐसा क्या हो गया कि प्रशासन इसे तोड़ने पर आमदा हो गया है।

नगर अध्यक्ष कारी अब्दुल ने कहा कि अगर इसी तरह से सब जगह कार्रवाई कर दी जाए तो पूरा शहर वीरान हो जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष मौलाना मुस्तफा ने कहा कि मस्जिद और मदरसा के ध्वस्तीकरण के आदेश को तुरंत रोका जाए। इस दौरान राष्ट्रपति को भी ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन करने वालों में मो. फुरकान, युसूफ आदि मौजूद रहे।

तीन तस्कर पकड़े तीन के नाम उगले

हल्द्वानी : पुलिस ने स्मैक पीने और बेचने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया। इन शातिरों ने अपने आकाओं के नाम पुलिस को बताए हैं। मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस ने तीनपानी चौराहा के पास से धौलाखेड़ा अर्जुनपुर निवासी पंकज नेगी उर्फ पवन नेगी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 16.40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वह यह स्मैक गौलापार में रहने वाली चच्ची से लाया था। बनभूलपुरा पुलिस ने गोपाल मंदिर के पास से मलिक का बगीचा वार्ड 31 निवासी अनश उर्फ मिद्दू को 15.85 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा।

मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाने वाला पकड़ से बाहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गिरफ्तारी तो दूर पुलिस अभी तक उस शातिर की पहचान नहीं कर सकी, जिसने मंडलायुक्त दीपक रावत के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई थी। इस बात को 11 दिन गुजर चुके हैं। हालांकि फेसबुक आईडी की लॉक करा दिया है और पुलिस का कहना है कि फेसबुक से डाटा मिलते ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

बीती 19 जनवरी को मंडलायुक्त दीपक रावत के नाम से किसी व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक आईडी बना डाला थी। आईडी की डीपी पर दीपक रावत का फोटो लगाकर आरोपी ने फेसबुक स्टोरी में अश्लील फोटो पोस्ट कर दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आता, उससे पहले ही ये अश्लील स्टोरी सोशल मीडिया में वायरल हो गई। इसकी जानकारी एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा को हुई तो उन्होंने साइबर सेल को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीओ ऑपरेशन नितिन लोहनी का कहना है कि फेसबुक से डाटा मांग गया है। डाटा आते ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी जाएगी।

भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह समेत 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

मकान-गुरुद्वारे पर कब्जे और लूटपाट का लगा है आरोप

गोंडा कार्यालय

● एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई



अमृत विचार : मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया। 15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिसकर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया।

पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, महिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिस्सू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रोन्नति मिलने से अगले दिन ही रिटायर हो गए तीन डॉक्टर

लखनऊ, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को डॉक्टरों को मिलने वाली प्रोन्नति में तीन डॉक्टरों की बुधवार को सेवानिवृत्ति तय हो गई। इन डॉक्टरों में बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अतुल मेहरोत्रा है, जिन्हें बुधवार को शासकीय नियमों के अनुसार पद छोड़ना था, को विदाई मिल गई। दरअसल, सरकारी डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु 65 साल सशर्त बढ़ाई गई है, नए नियमों में 62 साल के बाद ग्रेड चार तक के डॉक्टर 65 साल तक चिकित्सकीय सेवाएं तो देंगे मगर प्रशासनिक पदों पर सेवाएं नहीं दे सकेंगे। विभाग में ग्रेड पांच व अन्य ऊपरी ग्रेड में सभी पद प्रशासनिक पद हैं, इसलिए ग्रेड पांच के डॉक्टरों को 62 साल में ही अनिवार्य सेवानिवृत्त देने का प्रावधान हैं। मंगलवार को ग्रेड चार से ग्रेड पांच में 44 डॉक्टरों को प्रोन्नति मिली हैं। इनमें अतुल मेहरोत्रा के अलावा, परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत डॉ.मंजू रानी और डॉ.सुमाता तालीब, ग्रेड चार में होने की वजह से 62 साल के बाद भी सेवाएं जारी रखने का मन बना चुकी थी।

एक आईएएस, 12 पीसीएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य संपत्ति अधिकारी बने पवन गंगवार, विवेक श्रीवास्तव बने एलडीए के सचिव

अमृत विचार : राज्य सरकार ने बुधवार को एक आईएएस और 12 पीसीएस अफसरों का तबादला किया है। राज्य संपत्ति अधिकारी रहे वीके सिंह के डीएम बनाए जाने से खाली पद पर एलडीए के सचिव आईएएस पवन गंगवार को तैनात किया गया है। जबकि गाजियाबाद के एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। जबकि बेलपत्र बिक्री के मामले में काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा का तबादला हुआ है।

राज्य सरकार ने राज्य संपत्ति अधिकारी पर बुधवार को पहले लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव आईएएस अफसर विनोद कुमार का तबादला हुआ, लेकिन कुछ ही घंटे में इसे संशोधित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन गंगवार की तैनाती का आदेश जारी हुआ। विनोद अपने पद पर पूर्ववत बने रहेंगे। कुछ दिनों पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में चढ़ाया गया बेलपत्र पांच-पांच रुपये में बेचने का मामला पकड़ा गया था। इस बारे में काशी विश्वनाथ न्यास के अध्यक्ष तक को जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए मंदिर प्रबंधन के अधिकारियों पर निशाना साधा और नाराजगी जताई थी। इसे लेकर विरोध प्रदर्शन और पोस्टरबाजी भी हुई थी। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर 2020 से सीईओ तैनात 2011 बैच के पीसीएस अफसर सुनील वर्मा को हटाया गया है। उन्हें वाराणसी में ही अपर आयुक्त बनाया गया है। जबकि वाराणसी के अपर आयुक्त पीसीएस विश्व भूषण मिश्रा को काशी विश्वनाथ मंदिर का नया सीईओ व वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट मऊ रहे पीसीएस राजेश सिंह का तबादला प्रयागराज के एडीएम (वित्त/राजस्व) पद करके प्रोन्नति दी है। जबकि इस पद तैनात पीसीएस जग प्रसाद को अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल बनाया गया है। एसडीएम प्रयागराज पीसीएस राजेश कुमार श्रीवास्तव को ललितपुर में एडीएम नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति बनाया गया है। प्रयागराज में एसडीएम रहे पीसीएस अजीत कुमार जायसवाल को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन बनाया गया है। मिर्जापुर से सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस विनय कुमार सिंह द्वितीय को प्रयागराज का एडीएम बनाया गया है।

पीसीएस दिनेश कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम (वि/रा) गाजीपुर बनाया गया है। पीसीएस संजय कुमार को उपजिलाधिकारी बिजनौर से सिटी मजिस्ट्रेट फर्रूखाबाद बनाया गया है। पीसीएस अरविंद कुमार द्विवेदी को सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है, जबकि यहां सचिव रहे राजेश कुमार चतुर्थ को गाजियाबाद का एडीएम बनाया गया है। आगरा में सिटी मैजिस्ट्रेट पीसीएस आंनद कुमार सिंह को मेरठ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। गाजियाबाद में सिटी मैजिस्ट्रेट पीसीएस शुभांगी शुक्ला को एडीएम (वित्त/राजस्व) गा बनाया गया है। गाजियाबाद में एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है।

सर्वदलीय और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज

लखनऊ, अमृत विचार : विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था जिसे स्थगित कर दिया गया है।

बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

सार-संक्षेप

अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा, लगाए आरोप

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया। मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इस सूची में सपा ने डिंपल यादव को फिर से मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

अब्बास अंसारी को नहीं मिली राहत

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ के जियामऊ स्थित निष्क्रांत संपत्ति को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने के आरोपी मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी की उस निगरानी याचिका को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट के 20 नवंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। निगरानी याचिका के विरोध में विशेष अधिवक्ता रमेश कुमार शुक्ला एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद शर्मा ने अदालत को बताया अब्बास अंसारी ने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव के समक्ष अपने को आरोपों से उन्मोचित किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिसे विशेष अदालत ने 20 नवंबर 2023 को खारिज करते हुए आरोप तय करने हेतु तिथि नियत की थी।

कारण बताओ नोटिस का महत्व सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं: हाईकोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस के महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस का महत्व कानून के शासन को बनाए रखने और सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित है।

नोटिस में परिभाषित दायरे से परे किसी प्राधिकारी द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई वैधता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता की सीमाओं का उल्लंघन मानी जाती है।इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले प्राधिकारी से इसे जारी करने से पहले विशिष्ट आरोपों या चिंताओं को सावधानीपूर्वक रेखांकित करने की अपेक्षा की जाती है। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, जिसके दायरे से परे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। कारण बताओ नोटिस का पालन सत्ता के मनमाने प्रयोग के खिलाफ एक बुनियादी सुरक्षा है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स ए सोसिएटेड स्विच गियर्स एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के निदेशक जवाहर लाल जैन की याचिका को स्वीकार कर उनके खिलाफ सहायक आयुक्त और अपर आयुक्त,राज्य कर/वाणिज्य कर, गौतमबुद्ध नगर द्वारा आक्षेपित आदेशों को रद्द करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस में दिए गए कारणों से आगे बढ़कर जुर्माना लगाया है, जो कारण बताओ नोटिस में याची को कभी प्रदान नहीं किये गए। याची के पास उक्त आधार पर अपना बचाव करने का कभी कोई अवसर नहीं था, इसलिए कारण बताओ नोटिस सीधे तौर पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। कोर्ट ने संबंधित विभाग को याची द्वारा जमा की गई राशि इस आदेश की तारीख से 4 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को वापस करने का निर्देश दिया।

तिलोत्तमा व राजीव कृष्णा बने डीजी

लखनऊ, अमृत विचार : कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी मानवाधिकार एसके माथुर बुधवार को रिटायर हो गए। इनकी सेवानिवृति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन मिल गया है। इसमें एडीजी तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी राजीव कृष्णा हैं। राजीव कृष्णा केन्द्र के लिए एमपैनल्ड हो चुके हैं। 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी तिलोत्तमा वर्मा, पुलिस प्रशिक्षण तथा 1991 बैच के एडीजी राजीव कृष्णा, विजिलेंस में तैनात हैं। डीजी के दो पद खाली होने से इस बार राजीव कृष्णा को लाभ मिल गया।

लोस चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस में शुरू हुई टिकट वितरण पर कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों के लिए 16 टिकट घोषित करने के बाद प्रदेश कांग्रेस में भी टिकट वितरण पर कवायद शुरू हो गई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई। इस बीच, लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी मुख्यालय में 'वार रूम' बनाया गया है। बैठक में 2009 में जीती गईं सीटों के साथ ही, लखनऊ व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश में शीघ्र प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने यात्रा को सफल बनाने पर जोर दिया। कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ सीपी राय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया को संयोजक व नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' को सह संयोजक बनाया गया है।

वर्ग पहेली-329

बाएं से दाएं

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।

7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।

8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

ऊपर से नीचे

2. तीन रंगों वाला।

3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।

6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



वर्ग पहेली - 328 का हल

1 ज	■	2 कै	■	3 सिं
तु	■	जु	■	गा
क	■	अ	■	रि
■	4 ढो	ल	5 कि	या
6 पू	■	■	लो	■
ज	■	8 पी	ल	पाँ
न	■	■	■	ली

17 वरिष्ठों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रशांत कुमार।

▸▸ प्रदेश को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी

अमृत विचार : डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नए कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई हैं। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया, कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।

मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में टॉप पर : प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे।

सूत्रों के मुताबिक शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था।

पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक

प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में निरन्तर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किए जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किए हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। अखिलेश ने कहा कि जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

सुडोकू-46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3			4		8			
5			6				7	1
		9		2		6		
			8		6			5
	3	4				2	9	
1			9		2			
2		3		1		8		
6	7				4			3
			3		5			2

सुडोकू - 45 का हल

5	4	2	9	6	7	8	1	3
8	9	1	5	3	4	6	2	7
6	3	7	1	8	2	9	5	4
3	6	5	2	1	9	7	4	8
1	8	4	7	5	3	2	9	6
2	7	9	8	4	6	1	3	5
7	1	3	6	9	5	4	8	2
4	2	8	3	7	1	5	6	9
9	5	6	4	2	8	3	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।

दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

वृष — आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

मिथुन — आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

सिंह — आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

कन्या — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

तुला — आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

वृश्चिक — आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

धनु — आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

मकर — आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

कुंभ — आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

मीन — आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
दानवीर — रात : 07.00

SONY MAX
तुम्हारी सुलु — सुबह : 10.50
सड़क — रात : 09.17

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 08.46
इट — शाम : 06.30

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.30
मुक्काबाज — रात : 07.30

colors CINEPLEX
नमक हलाल — दोपहर : 12.14
कभी खुशी कभी गम — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

▸▸ सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर

राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,450
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	73,700।

सरकार ने खुले बाजार में अब तक 71 लाख टन गेहूं बेचा

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कहा कि कीमतों को काबू में रखने के लिए उसने खुले बाजार में नीलामी के जरिये अब तक 71.01 लाख टन गेहूं और 1.62 लाख टन चावल की बिक्री की है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक-खुले बाजार में गेहूं और चावल की उपलब्धता बढ़ाने और इनकी कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार 28 जून, 2023 से साप्ताहिक ई-नीलामी के जरिए गेहूं और चावल बेच रही है। केंद्र सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना के तहत बिक्री के लिए कुल 101.5 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल आवंटित किया है।

देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

▸▸ संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।

▸▸ डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

राष्ट्रीय

एक नजर

सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

नई दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं।

खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, अमृत विचार: संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार : बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

▸▸ रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

जम्मू-कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 8 लोगों की मौत

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक यात्री वाहन के खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए मारे गये सभी लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "बारामूला और किश्तवाड़ में दुर्घटनाओं से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

भारत-म्यांमा सीमा पर 30 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

आइजोल। मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा पर एक गांव से एक व्यक्ति को 30 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और राज्य पुलिस की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास जोखावथर गांव में छापा मारा और मादक पदार्थ जब्त किया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

अदालत ने दुष्कर्म के आरोपों पर एम्स के चिकित्सक को किया तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं।

जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

▸▸ राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार

केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

कोच्चि। केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी(घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

महापौर का चुनाव

▸▸ हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय

अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।

बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय

विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

जीशान से मिलना बिछड़े भाई से मिलने जैसा

पाकिस्तान के पूर्व टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने भारतीय टीम के आने पर जताई खुशी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने कहा कि भारतीय कोच और कप्तान जीशान अली से इस्लामाबाद में मिलना अपने बिछड़े भाई से मिलने जैसा था। लगभग 36 साल पहले बेंगलुरु का दौरा करने वाले पाकिस्तान के डेविस कप टीम के पूर्व कप्तान को अच्छी तरह से याद है कि जीशान के पिता, दिवंगत अख्तर अली ने कैसे पाकिस्तान के खिलाड़ियों की देखभाल की थी।

उन्हें वह भी याद है जब वह बिना वीजा के त्रिवेंद्रम चले गए थे लेकिन एक डीआईजी ने उन्हें परेशान किए बिना वापस भेज दिया। अब 62 साल के हो चुके हामिद अब भी भारतीय खिलाड़ी श्रीनिवासन वासुदेवन के शुक्रगुजार है, जो उन्हें 1987 में बेंगलुरु में आवास खोजने के लिए संघर्ष करते समय अपने घर ले गए थे। साल 2000 में प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस से सम्मानित हामिद इस बात से बेहद खुश हैं कि भारत की टेनिस टीम पाकिस्तान आई है। उन्होंने कहा कि जब वह इस्लामाबाद में भारतीय दल से मिले तो ऐसा लगा जैसे अपने ही भाइयों से मिल रहे हैं, जो अलग हो गए थे।

भारत में जाते तो नहीं लगता विदेशी सरजमीं पर हैं

हमीद ने 1982 में एशियाई खेलों के लिए दिल्ली की यात्रा की थी और उन दिनों की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह भारत जाते तो नहीं लगता कि किसी विदेशी सरजमीं पर हैं। भारत और पाकिस्तान एक जैसे हैं। दोनों देशों की भाषा, भोजन, पोशाक, सब एक जैसा है। जैसा मसालेदार खाना कराची में खाते हैं, वैसा ही स्वाद दिल्ली में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वह 1987 में सेटेलाइट टूर्नामेंटों के लिए बॉम्बे, बेंगलुरु और त्रिवेंद्रम गए थे। उन्हें आवास मिलने में परेशान हो रही थी और भारतीय खिलाड़ी वासुदेवन को यह पता चला तो सुरक्षा चिंताओं की परवाह किए बिना उन्हें अपने घर ले गए।

मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना

साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता गोल्ड

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी।इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।

नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

खेल डायरी

किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।

अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

काहिरा। पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने कॅरिअर का दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने 8 खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण, जबकि दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने 460.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण में छह पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

मयंक अग्रवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी

अगरतला। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव

जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

विष्णु सरवनन दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

एडीलेड, एजेंसी

भारत के विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार विष्णु ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा।

सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। इस दौरान सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है।

रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें

रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।

वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर

बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

जैकलीन फर्नांडिस : अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

मोनिका बेदी : 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

ममता कुलकर्णी : ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

रिया चक्रवर्ती : सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

सोनाली बेंद्रे : सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

श्वेता बसु प्रसाद : मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

फिल्में नहीं क्रिकेट था मेरा जुनून : अग्निदेव



रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में बल्ले से लगातार बड़ी पारियां खेलने वाले फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा के बेटे अग्निदेव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि फिल्मों को लेकर वह कभी जुनूनी नहीं रहे और वह हमेशा से क्रिकेटर बनना चाहते। रणजी में मिजोरम का प्रतिनिधित्व कर रहे 25 साल के अग्नि ने प्रथम श्रेणी के पदार्पण सत्र में चार मैचों में 767 रन बना डाले हैं। उन्होंने 166 एवं 92, 164, 114, 105 एवं 101 रन की पारियां खेली हैं। हार ना मानने की जज्बे को दर्शाती विधु विनोद की हालिया फिल्म 12वीं फेल पिछले कुछ समय से सुर्खियों में है और फिल्म का रीस्टार्ट गाना काफी लोकप्रिय हुआ है। अग्नि को आसानी से बॉलीवुड में काम मिल जाता लेकिन क्रिकेट में रीस्टार्ट का मौका मिलने पर वह चूकना नहीं चाहते थे। उन्होंने मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनसे बचपन से यह सवाल पूछा जाता रहा है कि क्या वह फिल्मों में जाएंगे लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह फिल्मों में आएंगे। पिता फिल्में बनाते हैं तो यह उनके लिए एक आसान रास्ता था। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों में कभी दिलचस्पी नहीं थी। मसलन फिल्में देखना और अच्छा समय बिताना पसंद है लेकिन यह कभी जुनून नहीं रहा।अग्नि से जब पूछा गया कि परिंदा, 1942-ए लव स्टोरी, 'थ्री इडियट्स और 12वीं फेल जैसी शानदार फिल्में बनाने वाले पिता ने क्या सलाह दी तो उन्होंने कहा कि जब वह छोटे थे तो पिताजी ने उन्हें और उनकी बहन को वही बताया था जो उनके पिता ने उनसे कहा था। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सड़क पर मोची बनाना है तो उस सड़क का सबसे अच्छा मोची बनना। उन्होंने हमें वह करने की आजादी दी जो हम चाहते थे लेकिन उन्होंने हमसे कहा कि अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करें। अग्नि ने मुंबई अंडर-19 और अंडर-23 के लिए खेला है। उन्होंने यह स्वीकार भी किया कि मुंबई के लिए आयु वर्ग में उनका पिछला सत्र खराब रहा था। इसके बाद उनके कोच खुशप्रीत सिंह ने उनसे कहा था कि बेहतर होगा कि वह मुंबई के प्रतिनिधित्व का इंतजार छोड़कर ऐसी टीम के लिए खेलें जहां उन्हें खेलने का मौका मिले। प्लेट ग्रुप में गेंदबाजी का स्तर निश्चित रूप से एलीट ग्रुप से काफी नीचे है लेकिन फिर भी अग्नि के पास अपने तर्क है। उन्होंने कहा कि लोग वही कहेंगे जो उन्हें कहना है लेकिन यह मायने रखता है कि आपका प्रदर्शन कैसा है। कई खिलाड़ी हैं जो इसी डिवीजन में खेल रहे हैं और उतने रन नहीं बना रहे हैं। मानक सभी के लिए समान है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइलों का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपनी जवाबी और रणनीतिक हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान पर रणनीतिक दबाव बनाने के लिए उत्तर कोरिया का यह नवीनतम परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में उत्तर कोरिया की ओर से कई क्रूज मिसाइलें दागने का पता लगाया था, इसके एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया में यह खबर आई। उत्तर कोरिया की ओर से इस माह यह तीसरा प्रक्षेपण है।

रूस ने यूक्रेन के साथ की 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया। यूक्रेन की सीमा से लगते बेलगोरोद में स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में विमान में सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गई जिसमें चालक दल के छह सदस्य और रूस के तीन सैनिक शामिल थे।

होमलैंड सिक्योरिटी ने मयोरकास के खिलाफ किया वोट

वाशिंगटन। अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन की होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी ने कानून का पालन करने से जानबूझकर और प्रणालीगत इनकार करने और मैक्सिको सटी सीमा से होने वाले अवैध अप्रवास मामले से निपटने में सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सचिव एलेजांद्रो मायोरकास पर महाभियोग चलाने के लिए सफलतापूर्वक मतदान किया। कमेटी के चेयरमैन मार्क ग्रीन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मायोरकास ने जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का पालन करने से इनकार कर दिया है और कांग्रेस तथा अमेरिकी जनता के विश्वास को तोड़ा है।

भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी मामले में नौ साल जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रृंग होम केयर इंक (श्रृंग) के मालिक एवं संचालक मिशिगन निवासी 43 वर्षीय योगेश के. पंचोली से दवाओं की बिक्री का अधिकार छीन लिया गया था बावजूद इसके पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छिपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रृंग को खरीदा।

पर्ड्यू विवि के छात्र की मौत में कुछ भी संदेहास्पद नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय हवाई अड्डे के नजदीक मिले भारतीय मूल के छात्र नील आचार्य के शव पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को चोट का कोई निशान नहीं मिला है और न ही मामले में किसी अनहोनी की आशंका है। मृत्यु समीक्षक (कॉरनोर) कार्यालय ने यह जानकारी दी।

▸▸ रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था नील आचार्य का शव

आचार्य का शव रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था और पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया था। द लफायेट्टे जर्नल एंड कुरियर अखबार ने खबर दी कि सोमवार के पोस्टमॉर्टम के बाद भी आचार्य की मौत पहेली बनी हुई है। टिप्पेकैनोई काउंटी के मृत्यु समीक्षक कैरी कॉस्टेलो ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों को आचार्य के शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे किसी अनहोनी की आशंका नहीं है। मौत के प्राथमिक कारणों की जानकारी विषविज्ञान जांच के नतीजे से मिलेगी जिसकी रिपोर्ट आने में छह सप्ताह का समय लगेगा।

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहों की हमारी अपनी दुनिया के अलावा और भी अनेकों संसार हैं, जो अनोखे ही नही दुर्लभ भी हैं। नासा ने हाल ही में छः ग्रहों वाले सौर परिवार की खोज की है। इस खोज को दुर्लभ खोज माना जा रहा है, जहां भविष्य में जीवन की संभावना जताई जा रही हैं।

यह खोज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की टीइएसएस टेलीस्कोप द्वारा हुई है। इस सौर मंडल का सूर्य अभी युवा है। खास बात यह है कि इसका व्यवहार बिल्कुल बच्चों जैसा है, जो अठखेलियां करता प्रतीत होता है। इसका नाम टीओआई-1136 दिया गया है। नासा का मानना है कि यह ग्रह प्रणाली ग्रहों के निर्माण से संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान कर सकती है साथ ही तारे के चारों ओर ग्रह कैसे बनते और विकसित होने की जानकारी दे सकते हैं। बड़ी बात यह है कि खगोलविदों को 4 अरब साल पहले की हमारे ब्रह्मांडीय विकास की जानकारी मिल सकती है। यह सौर मंडल पृथ्वी से लगभग 270 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विजिटिंग प्रोफेसर तारा फेदरॉल्फ़ का कहना है कि नया सौर मंडल हमारे सौर मंडल के समान हो सकता है, जो हमें बहुत कुछ जानकारी दे सकता हैं। इस खोज के प्रारंभिक अध्ययन में कई दूरबीनों से अवलोकन किया गया। जिससे ग्रहों के द्रव्यमान, उनकी कक्षाओं के आकार और यहां तक कि उनके वायुमंडल की विशेषताओं का पता लगाया गया।



नासा द्वारा खोजे गए नए सौर परिवार की तस्वीर।

कई तरह की समानताएं हैं दोनों सौर मंडल के ग्रहों में

छह ग्रहों की यह दुनिया हमारे सौर मंडल के ग्रहों से मेल खाती हैं। एक ग्रह की चौड़ाई पृथ्वी से दोगुनी है, जबकि इसके अन्य ग्रह हमारे ग्रह के आकार से चार गुना बड़े हैं। साथ ही बर्फ के ग्रह हमारे यूरेनस और नेपच्यून के आकार के बराबर हैं। इसके ग्रह 88 पृथ्वी दिनों से भी कम समय में एक चक्कर पूरा करते हैं। इससे पता चलता है कि इस सौर मंडल के ग्रह अपने तारे के बेहद नजदीक मौजूद हैं।

मलेशिया के 17वें राजा के रूप में इस्कंदर ने ली शपथ

कुआलालंपुर। मलेशिया के जोहोर राज्य पर शासन करने वाले अरबपति सुल्तान ने क्रमगत बदलाव वाली राजशाही व्यवस्था के तहत देश के 17वें राजा के रूप में शपथ ली।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर (65) ने महल में पद की शपथ ली। उन्होंने अन्य शाही परिवारों, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और कैबिनेट सदस्यों की मौजूदगी में एक समारोह में शपथ से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। बाद में राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक, सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट से लेकर दूरसंचार और बिजली संयंत्रों तक एक व्यापक व्यापारिक साम्राज्य है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की जेल

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: सरकारी पद पर रहने से 10 साल तक के लिए प्रतिबंधित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही मंगलवार को सरकारी गोपनीयता अधिनियम उल्लंघन मामले में एक विशेष अदालत ने खान (71) को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

नई सजा सुनाए जाने से आम चुनाव से सत्ता में लौटने की उनकी कोशिश को एक और झटका लगा है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई की। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह बयान दर्ज कराएंगे। खान ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है, मुझे केवल सुनवाई के लिए उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में न्यायाधीश ने जुलाई 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भी दोषी ठहराया था।

सजा सुनाते समय अदालत ने धोखा दिया: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी,

जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं। इस पर खान से कहा गया कि वह तुरंत अपना बयान दर्ज कराएं और अदालत का समय बर्बाद न करें। इसके बाद खान अदालत कक्ष से बाहर निकल गए, जिसके बाद अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

नामांकन खारिज करने को इमरान ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी के आम चुनाव में पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेम्बली सीट पर अपना नामांकन पत्र खारिज कर दिये जाने को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। प्रांत के लाहौर एवं मियांवाली जिलों में नेशनल असेम्बली की दो सीट पर पिछले महीने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सुप्रीमो खान के नामांकन पत्रों को 'नैतिक आधार पर एवं तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिये जाने के कारण' खारिज कर दिया गया था। खान ने नामांकन पत्रों को खारिज किये जाने के खिलाफ इस माह के प्रारंभ में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी एवं अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को सही करार देते हुए खान की याचिका खारिज कर दी थी। खान ने याचिका में शीर्ष अदालत से उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित करने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 63(1)(एच) के तहत अयोग्य घोषित करने की अधिसूचना अनुचित है।

अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में हुती की मिसाइल को मार गिराया

यरुशलम, एजेंसी

अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है। हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया बताया।

हुती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हुती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी. पुलर को निशाना बनाया है। यह पोत नौसेना सील और अन्य के लिए तैरते आधार के तौर पर काम करता है। हालांकि, अमेरिका ने दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। हुती विद्रोहियों ने शुक्रवार को भी व्यापारिक जहाज पर मिसाइलें दागी थी जिसकी वजह से आग लग गई थी।

17 फरवरी तक अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

मॉस्को। यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हुती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले कहा कि लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हुतियों के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय होगा। सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा।

हुती विद्रोहियों से निपटने के लिए पोत भेजन को तैयार ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन हुती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों से जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाल सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने की तैयारी कर रहा है। द टेलीग्राफ अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन की नौसेना अमेरिका लौटने पर अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस इवाइट आइजनहावर को बदलने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में बताया है कि ब्रिटेन के पास एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ जैसे दो विमानवाहक पोत हैं, जिन्हें एफ-35 लड़ाकू विमान ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि इस क्षेत्र में तैनात किया जाता है तो एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अपना पहला लड़ाकू अभियान चलाएगा।

खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर इजराइली सेना ने किया हमला

गाजा, एजेंसी

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा कि इजराइली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इजराइली गोलाबारी देखी गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। समिति ने कहा कि अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

आज मिस्र जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल

गाजा। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित बैठक के दौरान गाजा पट्टी में संघर्ष विराम पर रूपरेखा के समझौते पर चर्चा करने के लिए बुधवार को मिस्र का दौरा करेगा। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मिस्र की जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ राजधानी काहिरा में बैठक करेगा। मिस्र में होने वाली बैठक में पेरिस बैठक के नतीजों पर चर्चा होगी, जिसमें गाजा में युद्धविराम के लिए कई चरणों की रूपरेखा तैयार की गई थी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह ने घोषणा की थी कि पेरिस बैठक में प्रस्ताव मिला है, जिसमें गाजा में हिंसा को रोकना और इजराइली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पर हमारा रूख गाजा के खिलाफ इजराइली आक्रामकता को रोकने और गाजा पट्टी से सेना को वापस लेने पर आधारित होगी।

जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट, लगी आग

टोक्यो। जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, काला धुआं उठता देखा गया है।

राजनयिकों ने देखा बीएपीएस मंदिर...

अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में अब एक महीने से कम का समय शेष है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने दुनियाभर के कई राजनयिकों की यहां मेजबानी की। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

कोकीन की तस्करी के मामले में भारतीय दंपति को जेल

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक दंपति को वाणिज्यिक विमानों के जरिए ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से अधिक कोकीन की तस्करी का दोषी पाए जाने के बाद 33-33 साल की सजा सुनाई गई। दोनों पति-पत्नी पर फरवरी 2017 में भारत के गुजरात में अपने गोद लिए हुए बेटे गोपाल सेजानी (11) और एक रिश्तेदार की हत्या का भी आरोप है और भारत ने उन्हें प्रत्यर्पित किए जाने का अनुरोध किया है।

▸▸ गोद लिए बेटे और रिश्तेदार की हत्या में भी हैं आरोपित

राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने मई 2021 में सिडनी में 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी थी जिसके बाद एजेंसी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में ईलिंग की आरती धीर (59) और कवलजीतसिंह रायजादा (35) की संलिप्तता का पता लगाया था। जांच के अनुसार बक्सों की आड़ में विमान से मादक पदार्थ भेजने के पीछे इस दंपति का हाथ था। रायजादा की अंगुलियों के निशान धातु के उपकरणों के उन बक्सों पर मिले थे जिनमें से मादक पदार्थ जब्त किए। धीर और रायजादा को 21 जून 2021 को हनवेल में उनके घर से गिरफ्तर किया गया था। दोनों पर गुजरात में फरवरी 2017 में अपने गोद लिए 11 वर्षीय बेटे गोपाल सेजानी और रायजादा के जीजा हरसुखभाई करदानी की हत्या का आरोप भी है।

भारत के उच्चायुक्त ने रखी अशोक स्तंभ की आधारशिला

कोलंबो। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने द्वीप राष्ट्र के पश्चिमी प्रांत में वास्काडुवा मंदिर में अशोक स्तंभ की आधारशिला रखी।

दिसंबर 2023 में द्वीप राष्ट्र में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में पदभार संभालने वाले झा ने 28 जनवरी को संबंधित स्थल की यात्रा के दौरान मंदिर में पवित्र कपिलवस्तु अवशेषों पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव का सुदृढीकरण। संतोष झा ने पवित्र सुबुथी वास्काडुवा महा विहारया में राजा अशोक के धर्म स्तंभ के निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने मंदिर में पवित्र कपिलवस्तु अवशेषों पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

साक्षात्कार पार्श्व गायिका बोलीं- प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राम भुजंग गाकर 20 साल की इच्छा हुई पूरी, महोत्सव में भजन गाना सौभाग्य की बात, जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी

रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं : अनुराधा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं है। मेरी 20 साल पुरानी इच्छा पूरी हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन गाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी। ये कहना है पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल का। वो बुधवार शाम शहर के एक होटल में 'अमृत विचार' से खास बातचीत कर रहीं थीं। कहा कि रामलला के समक्ष राम भजन प्रस्तुत करना उनके जीवन का अप्रितम क्षण है।

सुप्रसिद्ध गायिका ने अपने कॅरिअर के हर पड़ाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी रुचि संगीत में थी। इसके लिए उनकी मां ने प्रोत्साहित किया। लता जी उनकी आदर्श रही हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वह रेडिया व संगीत सुनकर गाने का अभ्यास करती थीं। उन्हें कॅरिअर का पहला ब्रेक अभिमान फिल्म से मिला। फिल्मों में करीब 20 साल गायकी के बाद उनकी रुचि भक्ति गाने की तरफ हुई। सन् 92-93 में भजन-स्तुति का गायन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि करीब 20 साल पहले जब अयोध्या आई थी तो रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी हुआ था। उस समय सिर्फ एक ही भाव मन में आया था कि प्रभु आप जल्द अपने भव्य मंदिर में विराजमान हों और उस दिन मैं आपके भजन गाऊं। उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला के समक्ष राम भजन की स्तुति करने का अवसर मिला। जो मेरे जीवन का सबसे सौभाग्यशाली क्षण है। अब इसके आगे कोई इच्छा शेष नहीं है। जीवन की सारी तपस्या फलीभूत हो गई है।

जन्मभूमि में पौडवाल के सुरों से सजी राग सेवा उत्सव की शाम

मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद जन्मभूमि परिसर में राग सेवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम को आयोजित हो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नामी कलाकार गायन, वादन व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार को पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा ने राम भजन प्रस्तुत कर रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने पायोजी मैंने राम रतन धन पायो..., ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजानिया... समेत कई राम भजन और संसकृत में राम भुजंग गाकर लोगों का मन मोह लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उन्होंने राम भुजंग की दो लाइनें गाईं थीं। जिसे आज पूरा किया।

आशा और किशोर दा के साथ गायन सबसे अच्छा अनुभव

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि गायिकी में उनकी आदर्श रहीं लताजी के साथ काम करने की ख्वाहिश अधूरी रह गई, लेकिन उनकी प्रेरणा से आज यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने बताया कि आशा, हेमंत, किशोर दा, तलत महमूद के साथ उन्हें काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें अच्छे अनुभव भी हासिल हुए।

मोदी और योगी की वजह से बदली अयोध्या: पौडवाल

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर बहुत सुखद अनुभूति हुई। यही नहीं अब तो पूरी अयोध्या ही बदल गई। ये सब मोदी जी और योगी जी के विजन के कारण ही संभव हुआ है।

म्यांमार सैन्य सरकार ने आपातकाल की अवधि को बढ़ाया

नेपीडॉ। म्यांमार की सैन्य सरकार ने आतंकवादी हमलों और मादक पदार्थों की तस्करी का हवाला देते हुए बुधवार को देश में आपातकाल स्थिति को छह महीने बढ़ाने की बात की।

सरकार ने बुधवार को कहा कि म्यांमार की राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने समीक्षा और चर्चा की और छह महीने के लिए आपातकाल की स्थिति को बढ़ाने के लिए समर्थन दिया। उन्होंने कारणों में कुछ जातीय सशस्त्र संगठनों द्वारा आतंकवादी कृत्यों को जारी रखना, मादक पदार्थों की तस्करी, इंटरनेट घोटाला के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष लोकतांत्रिक चुनाव और राष्ट्रीय जनगणना आयोजित करने के लिए स्थितियां बनाने की आवश्यकता है।